लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुभ नवरात्रि

सोमवार 23 सितंबर, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹ 3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 337 | www.janexpresslive.com/epaper

सीबीआई निदेशक की याचिका पर सुनवाई 26 को... 12

नवरात्रि का दिन दूसरा



## ब्रह्मचारिणी पूजा

नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि सभी भाग्य के प्रदाता भगवान मंगल, देवी ब्रह्मचारिणी द्वारा शासित हैं।

### आज जेल से रिहा होंगे आजम खां

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। सीतापुर जिला कारागार में बंद सपा नेता आजम खान मंगलवार सुबह करीब आठ बजे तक जेल से रिहा होंगे। वह 1 साल 11 महीने और 4 दिन बाद बाहर आ सकते हैं। आजम खान के रिहाई के परवाने सीतापुर जेल भेजे गए हैं। परवानों के सत्यापन के बाद मंगलवार को उनकी रिहाई तय मानी जा रही है।

# पीएम ने अरुणाचल को दी 5100 करोड़ की सौगात

## मोदी ने कहा, कांग्रेस ने नॉर्थईस्ट को नजरअंदाज किया, हमने इसी सोच से देश को मुक्ति दिलाई, यहां के 8 राज्यों को अष्टलक्ष्मी मानते हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 5,100 करोड़ से ज्यादा रुपये के महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। समारोह इंदिरा गांधी पार्क में आयोजित किया गया। पीएम ने शि योमी जिले में दो बड़े जलविद्युत प्रोजेक्ट्स और तवांग में एक कन्वेंशन सेंटर की आधारशिला रखी। पीएम ने पूर्वोत्तर राज्यों के लिए कहा कि ये हमारे लिए अष्टलक्ष्मी हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां इन राज्यों के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए हैं। उन्होंने पिछले कई वर्षों में पिछली सरकारों द्वारा अरुणाचल प्रदेश के विकास की अनदेखी की तुलना में केंद्र की उपलब्धियों को रेखांकित किया और कहा कि नेक नियत के सही नतीजे अब दिख रहे हैं।



### हर नागरिक शौर्य और शांति का प्रतीक : प्रेम सिंह तमांग

कार्यक्रम में सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कभी भी पूर्वोत्तर को राजनीति के तराजू में नहीं तोला। उन्होंने हमेशा यही कहा कि भारत तभी आगे बढ़ेगा जब नॉर्थ ईस्ट आगे बढ़ेगा। 2014 से पहले पूर्वोत्तर नकारात्मक कारणों से जाना जाता था, लेकिन अब यह विकास का इंजन बनकर देश की प्रगति में योगदान दे रहा है। मोदी ने अरुणाचल को उगते सूरज की धरती बताते हुए कहा कि यहां का हर नागरिक शौर्य और शांति का प्रतीक है, जैसे तिरंगे का पहला रंग केसरिया है, वैसे ही अरुणाचल का रंग भी शौर्य का प्रतीक है।

### स्थानीय लोगों से स्वदेशी को बढ़ाने पर की चर्चा

इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थानीय व्यापारियों, उद्योगपतियों और करदाताओं के साथ जीएसटी दरों में हालिया सुधारों के प्रभाव पर चर्चा की। पीएम ने व्यापारियों से सीधे बातचीत की और उनकी चिंताओं को सुना। यह बैठक एक सक्रिय संवाद के रूप में आयोजित की गई, जिसमें व्यापारियों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जीएसटी दरों के हालिया संशोधन से व्यापारियों और उद्योग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले रही है और आर्थिक गतिविधियों को सुचारू बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

### टाटो-आई प्रोजेक्ट

इसकी क्षमता 186 मेगावाट है, अरुणाचल प्रदेश सरकार और एनईईपीसीओ के संयुक्त प्रयास से 1,750 करोड़ रुपये की लागत में विकसित होगा। यह परियोजना सालाना 802 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन करेगी। 240 मेगावाट क्षमता वाला हेओ प्रोजेक्ट भी इसी साझेदारी में 1,939 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होगा और सालाना 1,000 मिलियन यूनिट बिजली देगा। ये दोनों प्रोजेक्ट्स राज्य की हाइड्रोइलेक्ट्रिक क्षमता बढ़ाकर क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा में अहम योगदान देंगे।

### कन्वेंशन सेंटर भी लॉन्च

प्रधानमंत्री मोदी ने एक और योजना के तहत तवांग में 145.37 करोड़ रुपये की लागत से 1,500 लोगों की क्षमता वाला कन्वेंशन सेंटर भी लॉन्च किया। यह सेंटर वैश्विक मानकों के अनुसार बनाया जाएगा और पर्यटन व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। इसके अलावा पीएम ने स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी और फायर सेफ्टी जैसे विभिन्न सेक्टरों में 1,290 करोड़ रुपये से अधिक की अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

### हिमालय की गोद में आज माता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ

उन्होंने आगे संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में जब देशवासियों ने उन्हें सेवा का अवसर दिया तो उन्होंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्त करने का संकल्प लिया। मोदी ने स्पष्ट किया कि उनकी प्रेरणा किसी राज्य में वोट और सीटों की संख्या से नहीं, बल्कि राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना से आती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित ही उनके हर फैसले की नींव है। मोदी ने अपने अरुणाचल दौरे को तीन कारणों से विशेष बताया। पहला, नवरात्र के शुभ अवसर पर हिमालय की गोद में स्थित इस भूमि पर आकर मां शैलपुत्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। दूसरा, देश में नेक्सट जेन जीएसटी सुधार लागू हुए और त्रस्क्ष बचत उत्सव की शुरुआत हुई, जिससे त्योहारों के मौसम में जनता को डबल बोनस मिला। तीसरा, अरुणाचल प्रदेश में कई बड़े परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, जो राज्य के विकास को नई गति देंगे। मोदी ने कहा कि तवांग मठ से नमसाई तक अरुणाचल शांति और संस्कृति का अद्भुत संगम है और मां भारती का गौरव है।





### स्वदेशी पर गर्व का संदेश

इस अवसर पर पीएम मोदी ने व्यापारियों को 'गर्व से कहो ये स्वदेशी है' के पोस्टर भी दिए। दुकानदारों ने खुशी जताई और कहा कि वे इन पोस्टरों को अपने दुकानों पर लगाकर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देंगे। प्रधानमंत्री ने इस पहल को एक उत्सव का रूप देते हुए स्थानीय व्यापारियों और करदाताओं को राष्ट्रीय भावना से जोड़ने का प्रयास किया।

### आर्थिक सशक्तिकरण और स्वदेशी का महत्व

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में यह कदम आवश्यक है। उन्होंने व्यापारियों को प्रेरित किया कि वे स्थानीय उत्पादों के उपयोग और प्रचार के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान दें। व्यापारियों ने कहा कि जीएसटी सुधारों से कीमतों और बिक्री पर असर पड़ेगा, लेकिन स्वदेशी उत्पादों के प्रचार से उनकी बिक्री में वृद्धि संभव है। पीएम मोदी ने व्यापारियों की राय को महत्व देते हुए कहा कि सभी सुझावों को नीति निर्माण में शामिल किया जाएगा।

# पंचनामा, गिरफ्तारी, व्यक्तिगत तलाशी में नहीं लिखी जाएगी जाति, गाड़ियों पर लिखवाने पर होगा चालान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

हाईकोर्ट के आदेश के बाद मुकदमों में अभियुक्तों की जाति का उल्लेख नहीं करने के बाबत राज्य सरकार नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) से सीसीटीएनएस में इसका कॉलम हटाने का अनुरोध करेगी। बता दें, एफआईआर में अभियुक्तों की जाति का उल्लेख नहीं किया जाता है, लेकिन सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग एंड नेटवर्क सिस्टम) पोर्टल में इसकी व्यवस्था दी गई है। अब इस कॉलम को डिलीट करने के साथ अभियुक्त के साथ उसकी माता का नाम अंकित करने के लिए पोर्टल में बदलाव का अनुरोध किया जाएगा। प्रभारी मुख्य सचिव दीपक कुमार की ओर से हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए जारी शासनादेश में कहा गया है कि थानों के नोटिस बोर्ड पर अभियुक्तों के साथ उनकी जाति का उल्लेख नहीं किया जाए। पंचनामा, गिरफ्तारी मेमो और व्यक्तिगत तलाशी मेमो में भी अभियुक्तों की जाति का उल्लेख नहीं किया जाएगा। पुलिस द्वारा तैयार किए जाने वाले अभिलेखों में अभियुक्त के पिता के नाम के साथ माता का नाम भी अंकित किया जाए। हालांकि, किसी अधिनियम के तहत कानूनी बाध्यता होने पर जाति अंकित करने की छूट है। उदाहरण के तौर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत हुए अपराधों के विवेचक अभियुक्त व पीड़ित की जाति का उल्लेख कर सकेंगे।



### वाहनों पर जाति लिखाने वालों का होगा चालान

वाहनों, सार्वजनिक स्थलों पर जाति के नाम अथवा जाति को महिमामंडित करने वाले स्लोगन या स्टीकर आदि लगाने वालों का केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धाराओं के तहत चालान किया जाए। कस्बों, तहसीलों और जिला मुख्यालयों में जाति का महिमामंडन करने वाले तथा भौगोलिक क्षेत्रों को जातिगत क्षेत्र या जागीर घोषित करने वाले साइन बोर्ड या घोषणाओं को तत्काल हटाते हुए भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के निर्देश दिए हैं।


### जाति आधारित रैलियां समाज में बढ़ाती हैं संघर्ष

शासनादेश में कहा गया है कि राजनीतिक उद्देश्यों से होने वाली जाति आधारित रैलियां समाज में जातीय संघर्ष को बढ़ावा देती हैं जो लोक व्यवस्था और राष्ट्रीय एकता के विपरीत है। इस पर पूरे राज्य में पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया पर किसी जाति को महिमामंडित करने तथा किसी जाति की निंदा करने वाले संदेशों की कड़ी निगरानी करें और जातिगत द्वेष फैलाने अथवा जातिगत भावनाओं को भड़काने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# नारायणपुर में दो नक्सलियों के मारे जाने पर अमित शाह ने जताई खुशी, बोले, टूट रही रीढ़

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में अब तक दो माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। साथ ही ्च-47 समेत भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र के अबूझमाड़ में मुठभेड़ हुई। सुबह से शुरू जारी है। माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान शुरू किया था। अभियान के दौरान माओवादियों के साथ रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों और पुलिस को अब तक घटना स्थल से दो पुरुष माओवादियों के शव के साथ हथियार बरामद हुए हैं। माओवादियों से एक एके-47 राइफल, अन्य हथियार, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, माओवादी साहित्य, प्रचार-प्रसार सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं जब्त की है। मारे गए माओवादियों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। सर्च अभियान अभी भी जारी है। अभियान पूर्ण होने पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।



### दो पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किए गए

छत्तीसगढ़ के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, महाराष्ट्र से सटे अबूझमाड़ के एक जंगल में सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई, जब सुरक्षा बलों की एक टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर यह अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने कहा, अब तक मौके से दो पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल, अन्य हथियार, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, माओवादी साहित्य, प्रचार सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएँ भी बरामद की गईं। इस कार्रवाई के साथ, इस साल अब तक छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ों में 249 नक्सली मारे जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार, 11 सितंबर को छत्तीसगढ़ के गरियाबंद ज़िले में हुई एक मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) के एक केंद्रीय समिति सदस्य मॉडम बालकृष्ण समेत दस नक्सली मारे गए थे।

### लाल आतंक की टूट रही है रीढ़ : अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों ने महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सलियों के दो शीर्ष नेताओं को मार गिराकर उनके खिलाफ एक बड़ी जीत हासिल की है। शाह ने एक्स पर लिखा कि हमारे सुरक्षा बल व्यवस्थित रूप से नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व का खात्मा कर रहे हैं और लाल आतंक की रीढ़ तोड़ रहे हैं।

### 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण मामले की सुनवाई 28 तारीख को

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 28 अक्तूबर को होगी। इसे लेकर एक बार फिर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों में उम्मीद जागी है। इसमें प्रभावित अभ्यर्थियों का कहना है कि यदि 28 अक्तूबर को भी प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखने नहीं पहुंची, तो वे लखनऊ में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया 2018 से चली आ रही है, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही और उदासीनता से आरक्षण प्रभावित अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

# प्रदेश में इंटर पास युवा बनेंगे होमगार्ड

## 44 हजार पदों पर होंगी नियुक्तियां, पुलिस की तरह ही होगा फिजिकल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश में होमगार्ड स्वयंसेवकों के करीब 44 हजार रिक्त पदों पर भर्ती के लिए इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवा आवेदन कर सकेंगे। पहले होमगार्ड बनने की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल थी, जिसे इंटरमीडिएट करने का प्रस्ताव शासन भेजा गया है। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा होमगार्ड संगठन की समीक्षा के दौरान भर्तियों के लिए एनरोलमेंट बोर्ड के गठन को लेकर भी कई अहम प्रस्ताव पेश किए गए। बता दें कि होमगार्ड स्वयंसेवकों की आयु को लेकर भी बदलाव का प्रस्ताव दिया गया है, जिसके तहत अब 45 वर्ष की जगह 30 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा रखी गई है।



वहीं भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के नियमों में बदलाव का प्रस्ताव भी दिया गया है, जिसके तहत अन्य सुरक्षा बलों की भांति परीक्षा देनी होगी। पुरुषों को 2 किमी की दौड़ की जगह 25 मिनट में 4.8 किमी और महिलाओं को 500 मीटर की जगह 14 मिनट में 2.4 किमी की दौड़ की परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा। इसमें असफल रहने वालों को चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा। इसी तरह शारीरिक मानक परीक्षा भी अन्य सुरक्षा बलों के मानकों के मुताबिक होगी।

### जल्द होगी एनरोलमेंट बोर्ड का गठन

बैठक में मुख्यमंत्री की सहमति के बाद भर्तियों के लिए जल्द एनरोलमेंट बोर्ड का गठन किया जाएगा। इसके तहत आईजी होमगार्ड को बोर्ड का अध्यक्ष, डीआईजी को उपाध्यक्ष, वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी को सचिव, वित्त नियंत्रक एवं मंडलीय कमांडेंट स्तर के दो अधिकारियों और आपदा जोखिम न्यूनीकरण पृष्ठभूमि वाले अधिकारी को सदस्य बनाया जाएगा।

# मिशन शक्ति : एक दिन की प्रशासनिक अधिकारी बनेंगी बेटियां

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए मिशन शक्ति 5.0 की व्यापक स्तर पर शुरुआत हुई है। सोमवार को भी प्रदेश भर के परिषदीय विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। वहीं कल 23 सितंबर को बेटियां विभिन्न विभागों में एक दिन के लिए प्रशासनिक अधिकारी बनकर भी कामकाज संभालेंगी। सोमवार को विद्यालयों में बेटियों ने रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक से महिला सुरक्षा, शिक्षा और समाज में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। प्रदेश भर के परिषदीय व कस्तूरबा विद्यालयों में बालिकाओं ने बाल अधिकारों की जागरूकता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मां दुर्गा के नवरूपों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया। दूसरी तरफ बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी दिया गया। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 अभियान, बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने का संकल्प है। हर बालिका की प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। इसके तहत प्रदेश भर में विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा देने के साथ हर बालिका को सशक्त, जागरूक और समाज का नेतृत्व करने योग्य बनाना हमारी सरकार का लक्ष्य है। हम इस दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति 5.0 इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



### 30 सितंबर तक होंगी यह गतिविधियां

- 23 सितंबर को छात्राओं बनेंगी एक दिन की अधिकारी
- 24 सितंबर को मीना दिवस का आयोजन, निडर फिल्म दिखाएंगे
- 25 सितंबर को केजीबीवी की बालिकाओं का बैंक भ्रमण व जागरूकता
- 26 सितंबर को विद्यालयों में ख्याति प्राप्त महिलाओं से संवाद, आत्मरक्षा प्रशिक्षण
- 27 सितंबर को थाना भ्रमण, साइबर क्राइम तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी
- 28 सितंबर को बाल विवाह, महिला योजनाएं, सामाजिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक
- 29 सितंबर को बालिका अधिकार, इसके लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी
- 30 सितंबर को सरकारी अस्पतालों में भ्रमण, स्वास्थ्य जांच और जनजागरूकता

# यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल समेत 200 समर्थक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। देहरादून

- विधानसभा क्षेत्र की उपेक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर देहरादून में प्रदर्शन

यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल ने सोमवार को देहरादून में विधानसभा क्षेत्र की उपेक्षा और प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने सैकड़ों समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री आवास कूच किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें हाथीबड़कला क्षेत्र में रोक लिया। इसके बाद हुई हल्की धक्का-मुक्की और विरोध के दौरान विधायक सहित करीब 200 लोगों को हिरासत में लिया गया। डोभाल के साथ लगभग 900 समर्थक रेंजर्स ग्राउंड से परेड ग्राउंड होते हुए मुख्यमंत्री आवास की ओर पैदल मार्च कर रहे थे। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस पहले से ही मुस्तैद थी। हाथीबड़कला में बैरिकेडिंग कर भीड़ को रोका गया। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड पर चढ़ने की कोशिश की, जबकि कई समर्थक पुलिस की बसों के नीचे लेट गए। विधायक संजय डोभाल ने कहा कि यमुनोत्री क्षेत्र की लगातार उपेक्षा हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि, मैं निर्दलीय विधायक हूं, इसलिए सरकार मेरी विधानसभा की अनदेखी कर रही है। आपदा प्रबंधन से लेकर मूलभूत विकास कार्यों तक में भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है और लचर कानून-व्यवस्था को लेकर जनता में गहरी नाराजगी है।



# जीएसटी बचत उत्सव में पहुंचे धामी : व्यापारियों से लिया फीडबैक, स्वदेशी को दी प्राथमिकता

जन एक्सप्रेस। देहरादून

- प्रेमनगर बाजार में मुख्यमंत्री ने किया व्यापारियों से सीधा संवाद
- घटे जीएसटी स्लैब की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आग्रह
- स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को अपनाने का दिया संदेश
- पीएम मोदी और सीएम धामी की जोड़ी पर जनता को भरोसा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को देहरादून के प्रेमनगर बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव के तहत व्यापारियों से मुलाकात की और नए जीएसटी स्लैब पर सीधा फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे आम नागरिकों को भी जीएसटी में हुई कटौती की जानकारी दें ताकि इसका सीधा लाभ जनता को मिल सके। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए कहा, ÷हमें मिलकर भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। जब हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो हम अपने समाज, अपने प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री धामी की जोड़ी को भरोसेमंद नेतृत्व करार देते हुए कहा कि यह जोड़ी विकास, सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के रास्ते पर उत्तराखंड को आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार हमेशा व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हर संभव प्रयास करेगी कि नीतियों का लाभ सीधे जमीन तक पहुंचे।



# पुलिस मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में लगी गोली

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

चाय की दुकान में बैठे युवक का कत्ल करने के इरादे से स्कॉरपियो सवार बदमाशों ने अपहरण कर बुरी तरह पीटकर मरणासन्न हालत में रास्ते में फेंक कर भाग जाने के मामले में पीड़ित के भाई जय नारायण पचौरी पुत्र रामदास पचौरी, फरसौलियाना राठ, ने 20 सितम्बर 2025 को राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया था कि 19 सितम्बर 2025 को करीब 20:30 बजे राठ के फरसौलियाना निवासी मामा जात 28 वर्षीय शिवम पुत्र कृष्ण गोपाल जो रोशन टी स्टॉल नहर बाईपास में चाय पीने गया था, तभी स्कार्पियो में सवार कुछ लोग आये और उसके मामा के लड़के का कत्ल करने के इरादे से अपहरण करके ले गये थे।

बदमाश शिवम को मारपीट कर रोडवेज बस स्टैंड के पास फेंक कर चले गये थे।

पुलिस ने तहरीर के मुताबिक मुकदमा अपराध संख्या 418/2025 धारा 140(1)115 (2) बीएनएस के तहत चिकासी थाना क्षेत्र के रिहूंटा निवासी विनय चौधरी पुत्र रामजीवन, पवन चौधरी पुत्र ब्रहम्मा, जबकि सिकरौंधा निवासी विवेक राजपूत पुत्र दिलीप, पवन पुत्र धर्मपाल उर्फ चुंटी, जबकि मंगरौठ निवासी भूरा पुत्र भारत।

वहीं बड़ेरा निवासी निखिल पुत्र अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। राठ पुलिस मुल्जिमों की तलाश में लगी हुई थी, इसी दौरान जानकारी मिली, कि अपहरण के फरार बदमाश मालवा रोड़ के पास मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने बताई हुई जगह पर पहुंचकर घेराबंदी की गई, पुलिस टीम से घिरा हुआ देख बदमाशों ने जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जबकि पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में बदमाश विवेक राजपूत पुत्र दिलीप के दाहिने पैर मे गोली लगी।

जिसके बाद वो जख्मी हो गया, जिसे पुलिस ने मौके से दबोच लिया गया, बदमाश के कब्जे से एक अवैध असलहा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस, एक कारतूस का खोखा, बरामद करने के साथ ही जख्मी बदमाश को इलाज के लिये अस्पताल में एडमिट कराया गया । वही वारदात के बाकी दो मुल्जिम अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब रहे। वारदात के मामले में मु0अ0सं0 420/25 धारा 109 बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया है । बदमाश हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, उसके खिलाफ नौ अआपराधिक मामले पहले से ही हमीरपुर के अलावा जालौन जिले में भी दर्ज हैं।

1.मु0अ0सं0 149/2024 धारा 118(1)/119(1)351(3)/352 BNS थाना चिकासी जनपद हमीरपुर।

2.मु0अ0सं0 608/23 धारा 147/148286/307/341/386/427/504/506 IPC व 3/9/25 आर्म्स एक्ट थाना राठ।

3.मु0अ0सं0 92/25 धारा 115(2)/351(3)351(4)/352 BNS राठ हमीरपुर।

4. मु0अ0सं0 169/24 धारा 392, 411 IPC थाना डकोर जिला जालौन।

5.मु0अ0सं0 95/2024 धारा 323, 34, 386, 504, 506 IPC थाना डकोर जिला जालौन।

6.मु0अ0सं0 96/2024 धारा 323, 386, 504, 506 IPC थाना डकोर जिला जालौन।

7.मु0अ0सं0 97/2024 धारा 147, 148, 149, 307 IPC व 25, 27, 3 आर्म्स एक्ट थाना डकोर जिला जालौन।

8. मु0अ0सं0 418/25 धारा 140(1)/115(2) बीएनएस थाना राठ जनपद हमीरपुर।

9. मु0अ0सं0 420/25 धारा 109 बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना राठ जनपद हमीरपुर।

**बदमाश को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में**

खासतौर से इंस्पेक्टर कोतवाली राठ अमित कुमार, एस एस आई शिवसहाय सरोज, एस आई दीपक कुमार, रोहित साहू, एस आई गौरव शुक्ला, एस आई जनार्दन प्रताप सिंह, एस आई वरुण कुमार, कांस्टेबल ब्रजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अभिषेक राजपूत, कांस्टेबल अंशुल सिंह, कांस्टेबल मनोज शर्मा, कांस्टेबल कृष्णा चौहान सहित कांस्टेबल डेगराज शामिल रहे।

# भाई के घर साथी के साथ मिलकर की थी चोरी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



थाना फतेहगंज पुलिस द्वारा सगे भाई के घर से आभूषण व नगदी चोरी करने वाले अभियुक्त व उसके साथी को सूचना के 12 घण्टे भीतर किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा व चोरी के आभूषण सहित नगदी बरामद।पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में दिनांक 22सितम्बर को थाना फतेहगंज पुलिस द्वारा सगे भाई के घर से आभूषण व नगदी चोरी करने वाले अभियुक्त व उसके साथी को सूचना के 12 घण्टे के भीतर घर में अवैध तमंचा व चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।गौरतलब हो कि थाना फतेहगंज के रमजूपुर के रहने वाले सरवन पटेल पुत्र रामेश्वर पटेल ने दिनांक 21सितम्बर को थाना फतेहगंज पर सूचना दी कि उसके सगे भाई प्रहलाद उर्फ होरीलाल ने अपने एक अन्य साथी अंकित पटेल के साथ मिलकर उनके घर में दिनांक 09सितम्बर को घर का खपरैल तोड़कर घर के अन्दर जमीन में गड़े हुए उनके आभूषण व नगदी चोरी कर ले गए।सूचना पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया तथा त्वरित रुप से कार्यवाही करते हुए चोरी करने वाले दोनों अभियुक्तों को दिनांक 22सितम्बर को सुबह बरछाडढिया से गिरफ्तार कर लिया गया।

कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा चोरी करने की घटना को स्वीकार किया गया तथा तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से चोरी के आभूषण व नगदी बरामद हुए तथा अभियुक्त प्रहलाद उर्फ होरी लाल के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस भी बरामद हुआ।

बरामद-चोरी के पीली धातु के आभूषण 01 मगंलसूत्र,01 मनचली माला, 02 झुमकी, 01सलाई,चोरी के सफेद धातु के आभुषण- 01 बिछुवा, 02 झागल बिछिया,02 पायल, चोरी के 450 रुपए नगद,01 अवैध तमंचा 315 बोर,01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

**गिरफ्तार अभियुक्त**-प्रहलाद उर्फ होरीलाल पुत्र रामेश्वर पटेल निवासी रमजूपुर थाना फतेहगंज।,अंकित पटेल पुत्र रामलाल निवासी खपटिया थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम में**-रामकिशोर प्र0नि0 थाना फतेहगंज, उ0नि0 गुलाबचन्द्र यादव, कां0 आलोक आचार्य,कां0 शुभम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# वन विभाग की गुंडागर्दी से परेशान वनवासियों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट**



पाठा क्षेत्र के गढ़वा, पयासीपुरवा, चमरौहा, ऊचाडीह, रानीपुर आदि गावों के आदिवासी समाज के लोगों ने संसद द्वारा पारित आदेश वनाधिकार अधिनियम 2006 को लागू करने व वन विभाग द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न को रोकने के लिए सोमवार को तहसील पहुंचकर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा तथा वनाधिकारो को वापस दिलाने की मांग की।

तहसील पहुंचे आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभाओं द्वारा सामुदायिक दावों को लेकर अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वन परम्परा समुदाय कानून को संसद में पारित हुए 10 वर्ष से ऊपर हो चुके है, लेकिन अभी तक जनपद मे न तो व्यक्तिगत और न ही सामुदायिक दावो के अधिकारों की प्रक्रिया पूर्ण हुई है। वन समुदाय की वन भूमि व वनाधिकारों की मान्यता अभी भी प्राप्त नही हुई है, जिसकी वजह से वन विभाग की गुंडागर्दी आए दिन बढ़ती जा रही है। वन विभाग द्वारा आदिवासी समुदायों का उत्पीड़न किया जा रहा है। बताया कि वन विभाग द्वारा आदिवासी एवं दलितों के खेतों व घरों को नुकसान पहुंचाया जाता है। साथ ही फर्जी मुकदमे कर जेल भेजने जैसी उत्पीड़नात्मक कार्यवाही के चलते वनाश्रित समुदाय के ऊपर ऐतिहासिक अन्याय की पुनरावृति हो रही है। वन समुदाय को आजादी के बाद से अब तक बुनियादी अधिकार जल व जंगल से वंचित रखना उनके संबैधानिक अधिकारों व संसद की अवमानना है। ऐसे मे कई ग्राम सभाओं के आदिवासी दलित परिवारों ने यह तय किया है कि वह अपने अधिकारों पर दावा करेंगे ताकि सरकार व प्रशासन को वनाधिकार कानून में प्रदान किए विशेष अधिकारों के प्रति चेताया जा सके। आदिवासी व दलित समुदाय के लोगो ने सैकड़ो की संख्या में सोमवार को तहसील मे पहुँच कर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को देकर एक माह के अंदर दावों को दर्ज करवाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी मो. जसीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों से बात करने का आश्वाशन दिया है।

# हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था अनाथ बच्ची की शादी के लिए बना मददगार




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन जनपद संस्था की टीम की ओर से अनाथ बच्ची अंजलि जिसकी शादी 26 सितंबर को होने जा रही है। संस्था की टीम की ओर से **शादी अनुदान** की धनराशि पूनम सुरेंद्र मिश्रा जो केयरटेकर है। अनाथ बच्ची की शादी के प्रोग्राम का आयोजन कर रही है। उनको अनुदान की धनराशि उपलब्ध कराई गई इसके अलावा 02 बच्चों को स्कूल किट का सेट भी दिया गया। इस मौक पर हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान, वरिष्ठ सहयोगी नज़रे आलम,वरिष्ठ सहयोगी मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना उपाध्यक्ष जावेद खान, उपाध्यक्ष मोहम्मद फरहान, संगठन मंत्री शेख रिज़वान, सचिव उमर अली, उपसचिव गफ्फार खान, सलाहकार सैयद आबिद अली, उपाध्यक्ष कलीम उल्ला खान, संस्था के आदि उपस्थित एवं सहयोगी रहे। हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था हमेशा से समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिए समर्पित रहा है और आगे भी सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में इसी तरह के जनहितकारी कार्य करता रहेगा।

# प्राधिकरण सचिव ने किया बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने सोमवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बाल अपचारियो से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी तथा उनको दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान तीन बाल अपचारियों ने निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की प्रार्थना की। निरीक्षण के दौरान सम्प्रेक्षण गृह में कला की कक्षा संचालित होते हुई पायी गयी। प्राधिकरण सचिव ने संस्थान अधीक्षक, काउंसलर व शिक्षकों को उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार बच्चों के मध्य कला, क्राफ्ट, संगीत, नृत्य तथा थिएटर आदि से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने को कहा। प्राधिकरण सचिव ने सम्प्रेक्षण गृह में आवासित बाल अपचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने निःशुल्क अधिवक्ता के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी बाल अपचारी के पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपने वाद की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। जिस पर महोबा, छतरपुर व बांदा जिले के एक-एक बाल अपचारियों ने निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने के लिए प्रार्थना की। प्राधिकरण सचिव ने सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षक को बाल अपचारियों के मामलों के सम्बन्ध में निःशुल्क अधिवक्ता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में पत्राचार करने के लिए निर्देशित किया।

## चार व पांच अक्टूबर को होगी राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** आओ करके सीखें चित्रकूट द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद चित्रकूट के बेसिक शिक्षा के प्राइमरी और जूनियर के लगभग 1300 विद्यालयों और प्राइवेट पब्लिक स्कूल सहित 400 विद्यालयों व महाविद्यालयों में राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का संयोजक हीरालाल सोनी और शंकर प्रसाद यादव को बनाया गए हैं। बताया कि इस प्रतियोगिता के फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। बेसिक के प्राइमरी और जूनियर स्कूलों में यह परीक्षा चार अक्टूबर तथा प्राइवेट पब्लिक स्कूलों अन्य विद्यालयों व महाविद्यालयों में यह परीक्षा पांच अक्टूबर रविवार को आयोजित होगी। बताया कि इस बार की प्रतियोगिता में चार संवर्ग प्राइमरी, जूनियर, सीनियर और सुपर सीनियर बनाए गए हैं साथ ही इसमें सामान्य ज्ञान, चित्रकला, मेहंदी, योगा और नृत्य (एकल) प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है।

## आर्थिक तंगी ने लील ली एक और शिक्षा मित्र की जिन्दगी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** आर्थिक तंगी और पारिवारिक जिम्मेदारी के चलते आज फिर एक निरीह शिक्षा मित्र की जान चली गई। 52 साल के स्नातक पास रामचंद्र कोल समायोजित शिक्षा मित्र कम्पोजिट विद्यालय-चूल्ही, क्षेत्र-मानिकपुर जिला-चित्रकूट पिछले एक साल से लीवर की समस्या से ग्रस्त थे। आर्थिक रुप से कमजोर होने के कारण अपना इलाज अच्छे ढंग से नहीं करा पाये। शिक्षा मित्र रामचन्द्र जब बीमार थे, तो कहते थे कि भगवान किसी को शिक्षा मित्र जैसी नौकरी न दे। इस नौकरी में न जी सकते है और न मर सकते है। न ही इलाज करा सकते है और न परिवार पाल सकते है। बेसिक में पच्चीस साल जवानी खपाने के बाद आखिर मिला क्या? **बीमारी!**

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विगत दिवसों में आयोजित प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त किए जिन्हें मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रार्थना सभा में प्रातः प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता के द्वारा विगत दिवसो में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रांतीय विज्ञान मेला तथा गणित मेला एवं संस्कृत बौद्ध परियोजना के अंतर्गत स्थान प्राप्त किये छात्र-छात्राओं को मेडल देकर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में विद्यालय के खेल शिक्षक अमरनाथ मिश्रा, सुरेंद्र सिंह तथा जयकरण सिंह उपस्थित रहे खेलकूद प्रतियोगिता में मयूरी, योगिता, अंजली देवी, पूनम, अंजली यादव, अंजली राजपूत तथा रोहित सिंह, कार्तिकेय, सुमित, मोहित, अभिषेक सिंह एवं अभिषेक वर्मा आदि ने अपना स्थान सुनिश्चित किया इसी क्रम में विज्ञान मेले में रिया,देवेश दीक्षित, प्रतिभा अग्निहोत्री, अंकित शुक्ला, अजय गोस्वामी एवं आयुष्मान गुप्ता ने अपना स्थान सुनिश्चित किया।

इन सभी छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान आने वाले सभी को क्षेत्र की प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का मौका प्राप्त होगा कार्यक्रम में मेडल की व्यवस्था विद्यालय के प्रथम सहायक नारायण तिवारी ने की तथा वितरण में विष्णु द्विवेदी ने सहायता प्रदान की कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं को क्षेत्र में अपना स्थान सुनिश्चित करने के लिए बधाई एवं मोटिवेशन दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अपना दल एस ने पार्टी संगठन व कार्यकर्ताओं के साथ की आगामी समीक्षा की विशेष बैठक

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिनांक 5अक्टूबर को होने वाली संगठन समीक्षा बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन की विशेष बैठक सर्किट हाउस नवाब टैंक में आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कृष्णेंद्र पटेल मुख्य अतिथि कालिका प्रसाद निरंजन राष्ट्रीय सचिव बुंदेलखंड प्रभारी एवं आर बी सिंह राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में प्रदेश पदाधिकारी कुबेर पटेल मंगल सिंह पटेल दिनेश पटेल और जिलाध्यक्ष चित्रकूट हेमराज सिंह की उपस्थित में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कहा गया। जिसमें कुशल संचालन अजय सिंह ने किया सभी पदाधिकारियों ने संबोधन में बताया कि हम सब डाक्टर सोनेलाल पटेल की विचारों पर चलकर संगठन को आगे ले जाकर पंचायत चुनाव और 2027 चुनाव की तैयारी बूथ स्तर तक करें मुख्य अतिथि ने सभी सम्मानित साथियों एवं कार्यकर्ता को कार्यक्रम में आने को कहा और बताया कि आप लोग संगठन में जुड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करें विशिष्ट अतिथि आर बी सिंह ने कहा की पार्टी की विचार धारा को गांव गली में जाकर लोगों को साझा करें जिससे जिले में 5 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के विचारों को सुनने मेडिकल कालेज में पहुंचे जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन कहा कि पार्टी का जो कार्यक्रम आयोजित होना है। उसमें मंडल का हर कार्यकर्ता पूर्ण तैयारी से जुड़ जाए जिलाध्यक्ष चित्रकूट हेमराज सिंह ने कहा कि पार्टी में सर्व समाज की हिस्सेदारी है। इसलिए सर्वसमाज पार्टी में जुड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करे सभी आगंतुको ने कार्यक्रम सफल बनाने के लिए सहयोग करने को कहा इस अवसर पर अपना दल एस के विधानसभा अध्यक्ष रामनारायण प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष रामनरेश पटेल, जिलाउपाध्यक्ष रामफेर पटेल, सत्यपाल निषाद, अरुणेश सिंह, अरुण कुमार पटेल जिलाध्यक्ष आई मंच, मीरा, फौजी रामसिया पटेल, जब्बर सिंह, फूल सिंह, राकेश राजपूत, श्यामबाबू पटेल, सत्यपाल निषाद, अंजू सिंह, प्रभुदयाल सिंह, मान सिंह, संजय खंगार आदि सैकड़ों महोबा हमीरपुर जिले के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षा ग्रहण करके ही महिलाएं समाज में बनेंगी सशक्त: अनुराग शर्मा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



विकास पथ सेवा संस्थान के तत्वावधान में जिला मुख्यालय में **महिला सशक्तिकरण-समानता,शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर, शिक्षित नारी सशक्त समाज की आधारशिला** विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा ने नवरात्र के पहले दिन बालिकाओं को पाठ्य सामग्री बांटकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद संस्था के प्रतिनिधियों ने संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. प्रभाकर सिंह ने महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए कहा कि **नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक शक्ति है। यदि हम समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान देना होगा। शिक्षित नारी ही परिवार, समाज और राष्ट्र की आधारशिला है।**

मुख्य अतिथि एल.डी.एम. अनुराग शर्मा ने बैंक की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को केवल अवसर ही नहीं बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान भागीदारी भी मिलनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे लैंगिक समानता की दिशा में पहल करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। विशिष्ट अतिथि समाज सेवी सभासद शंकर प्रसाद यादव ने कहा कि महिला सुरक्षा और स्वास्थ्य के बिना सशक्तिकरण अधूरा है, शिक्षा से ही महिलाएं सशक्त होंगी, समाज के लोग महिलाओं बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दें। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपनी बहनों और बेटियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएं। विशिष्ट अतिथि वित्तीय सलाहकार राम जनार्दन सिंह पुजारी अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि **विद्यालय तभी प्रगति करेगा जब यहाँ पढ़ने वाली बेटियाँ आत्मनिर्भर और शिक्षित बनेंगी। यह संस्था हमेशा महिला शिक्षा और उनके अधिकारों के पक्ष में खड़ी रहेगी।** इस अवसर पर छात्र छात्राओं को एलडीएम अनुराग शर्मा द्वारा शिक्षण सामग्री और विकास पथ सेवा संस्थान द्वारा फूट जूस का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता लवलेश सिंह सहित समस्त शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

## तमंचा-कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना भरतकूप एवं थाना सरधुवा पुलिस टीम ने दो आरोपियों को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना भरतकूप के उपनिरीक्षक बलवन्त यादव ने हमराही आरक्षी शक्ति सिंह के साथ आरोपी कल्लूराम यादव निवासी ग्राम जोधा का पुरवा थाना अतर्रा जनपद बांदा को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही बरामद मोटर वाहन को सीज किया गया। इसी प्रकार थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक अजहर जमाल ने हमराही मुख्य आरक्षी कमलाकान्त द्विवेदी व आरक्षी मुकद्दर सिंह के साथ आरोपी श्यामबाबू निषाद निवासी ग्राम हस्ता बांगर थाना सरधुवा को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी /जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि अर्हता तिथि एक नवंबर के आधार पर विधान परिषद के खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक नामावलियों का नवीन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। बताया कि नवीन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम 31 (3) के अंतर्गत सार्वजनिक नोटिस जारी किए जाने की तिथि 30 सितंबर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम 31 (4) के अंतर्गत समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुर्न प्रकाशन 15 अक्टूबर व द्वितीय पुर्न प्रकाशन 25 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके साथ ही फार्म-18 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर, पांडुलिपियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचक नमावलियों का मुद्रण करने की तिथि 20 नवंबर, निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन तिथि 25 नवंबर, दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के नियम 12 के अंतर्गत 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। इसके बाद दावे और आपत्तियों के निस्तारण व अनुपूरक सूची तैयार करने और मुद्रित करने की तिथि 25 दिसंबर व निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन तिथि 30 दिसंबर निर्धारित की गई है। इस सम्बन्ध में डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों से कहा है कि इलाहाबाद-झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का नवीन पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित तिथि के तहत समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में चला 'मिशन शक्ति 5.0' वृहद जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में दिनांक 22सितम्बर को थाना अतर्रा में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज की अध्यक्षता में बृहद जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतर्रा पी.जी.कॉलेज, हिन्दू इंटर कॉलेज, ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अतर्रा की छात्राओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं,सुरक्षा संबंधी प्रावधानों एवं महिला हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों से जोड़ते हुए जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के पश्चात कस्बा अतर्रा में छात्राओं एवं पुलिसकर्मियों की सहभागिता से एक विशाल जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से महिला सुरक्षा, शिक्षा, अधिकार एवं समाज में उनके सम्मान के प्रति आमजन को प्रेरित किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि मिशन शक्ति अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण की दिशा में चलाया जा रहा व्यापक सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें तथा समाज में अन्य बालिकाओं को भी जागरूक करें। इस दौरान मिशन शक्ति जागरुकता अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षित भी किया गया, प्रशिक्षित कैडेट्स जागरुकता अभियान में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करेंगे जिसके माध्यम से अभियान को और व्यापकता प्रदान की जा सकेगी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार, पुलिस उपाधीक्षक पीयूष पाण्डेय, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**जीएसटी बचत उत्सव: पीएम मोदी ने देशवासियों...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा, इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी... पढ़ें पेज 12 पर...

# सरकारी ज़मीन पर खड़ा अवैध होटल न नक्शा, न लाइसेंस, न फायर एनओसी

- सुरेन्द्र पाल ने रसूखदारों के सहारे बनाई आलीशान इमारत, प्रशासन मौन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**सरोजनीनगर।** राजधानी में भूमाफियाओं की दबंगई और प्रशासन की लापरवाही का ताज़ा नमूना ग्राम सरोसा भरोसा की खसरा संख्या 680 (राजस्व रिकॉर्ड में राज्य संपत्ति) पर खुलकर सामने आया है। यहाँ पर खुलेआम सरकारी ज़मीन पर ÷ए आर्यन होटल एंड लॉन रेस्ट्रा÷ खड़ा कर दिया गया है—वह भी बिना नक्शा पास, बिना फायर एनओसी और बिना किसी लाइसेंस के।




### अदालत और राजस्व के आदेश ताक पर

11 दिसम्बर 2018 और 15 फरवरी 2025 को अदालत और राजस्व विभाग ने साफ आदेश दिया था कि यह ज़मीन सरकारी है। इसके बावजूद सुरेन्द्र पाल नामक व्यक्ति ने रसूखदारों के सहारे यहाँ होटल खड़ा कर लिया। आदेशों की धज्जियाँ उड़ाते हुए होटल आज भी धड़ल्ले से चल रहा है।

### मालिक का रसूख—पत्रकारों और नेताओं की आड़

इस होटल का मालिक सुरेन्द्र पाल, निवासी सरोसा भरोसा है। आरोप है कि वह कुछ स्थानीय नेताओं और तथाकथित पत्रकारों की आड़ में सरकारी ज़मीन पर आलीशान होटल चला रहा है। यदि कोई विभागीय जांच होती है या कोई पत्रकार सच्चाई उजागर करता है तो सुरेन्द्र पाल उन्हीं रसूखदारों को सामने खड़ा कर धौंस जमाता है और मुकदमों में फँसाने की धमकी देता है।

### जनता की जान से खिलवाड़

बिना फायर एनओसी होटल चलाना सीधे आग जैसी बड़ी दुर्घटना को न्योता देना है। बिना खाद्य सुरक्षा लाइसेंस, परोसा जा रहा खाना जनता की सेहत से खिलवाड़ है। छोटे ठेले–खोमचे वालों पर प्रशासन कार्रवाई में फुर्ती दिखाता है, मगर करोड़ों का अवैध होटल आँख मूँदकर फल–फूल रहा है।

### बड़ा सवाल–सरकार की साख दांव पर

अब जनता और विभागों का सवाल साफ है

- अगर सुरेन्द्र पाल सही हैं, तो वे ज़मीन की रजिस्ट्री और होटल के सभी लाइसेंस–एनओसी सार्वजनिक करें।
- अगर नहीं, तो सरकार को तुरंत कार्रवाई करते हुए इस होटल पर बुलडोज़र चलाकर सरकारी ज़मीन को मुक्त कराना चाहिए।
- यह मामला सिर्फ एक अवैध होटल का नहीं, बल्कि कानून और सरकार की साख का है। अगर इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो संदेश साफ होगा—लखनऊ में भूमाफिया सरकार और कानून से ताक़तवर हैं।

### न नक्शा, न अनुमति, न सुरक्षा

- खुलासा यह है कि इस होटल का नक्शा लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) से पास नहीं है। फायर विभाग की एनओसी, स्वास्थ्य विभाग की अनुमति और खाद्य सुरक्षा (एफएसएसएआई) लाइसेंस तक नहीं लिया गया। यानि पूरा कारोबार ग़ैरकानूनी और बिना सुरक्षा मानकों के चल रहा है।

# जनता बनाम सिस्टम: सीएमओ के आदेश को ठेंगा, अधीक्षक बने अस्पताल माफिया के ढाल

- तीन दिन की मोहलत, दस दिन की चुप्पी—काकोरी सीएचसी अधीक्षक ने किया खुला बगावतनुमा खेल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में 12 सितम्बर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आईजीआरएस शिकायत संख्या 40015725081377 पर सख्त निर्देश दिए थे—काकोरी सीएचसी अधीक्षक बॉम्बे हॉस्पिटल, दुबग्गा का निरीक्षण कर तीन दिन में रिपोर्ट पेश करें और शिकायतकर्ता से संपर्क करें। आदेश में यह भी साफ लिखा गया था कि यह मामला आईजीआरएस से अच्छादित है और इसे विशेष प्राथमिकता दी जाए। लेकिन आदेश का हश्र? 10 दिन गुजर गए, अधीक्षक न तो रिपोर्ट भेज सके और न ही अवैध अस्पताल पर कोई कार्रवाई। यह सीधा सवाल उठाता है कि—क्या सीएमओ के आदेश अब महज़ दिखावे की काग़ज़ी खानापूरी बनकर रह गए हैं?



अधीक्षक काकोरी

### सरकारी आदेश बनाम अस्पताल लॉबी

जब सीएमओ का आदेश ही हवा में उड़ जाए, तो जनता का भरोसा कहाँ बचेगा? क्या बॉम्बे हॉस्पिटल की पहुँच इतनी ऊँची है कि प्रशासन भी घुटनों पर है? अधीक्षक का यह 'चुप रहो' वाला रवैया क्या किसी बड़ी सांठगांठ की ओर इशारा नहीं करता?

### यह सिर्फ़ लापरवाही नहीं, जनता के साथ विश्वासघात

यह मामला केवल एक अस्पताल का नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की साख का है। अगर सीएमओ के आदेश ही मज़ाक बनकर रह जाएंगे, तो फिर आम मरीजों की चीखें कौन सुनेगा? यह अब सिर्फ़ प्रशासनिक सुस्ती नहीं, बल्कि जनता के साथ सीधा विश्वासघात है। और जनता पूछ रही है सरकार और अफसर आखिर किसके दबाव में झुक रहे हैं?

### जनता पूछ रही है किसके इशारे पर खेल रहा अस्पताल?

- दस दिन बाद भी रिपोर्ट फाइलों में क्यों दबा दी गई?
- अस्पताल पर सीलिंग की कार्यवाही से किसे बचाया जा रहा है?
- अधीक्षक पर कार्रवाई से परहेज़ क्यों?

# इटौंजा ओवर ब्रिज हीरा देवी स्कूल के पास एक्सीडेंट में एक युवक की मौत, एक घायल



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ सीतापुर हाईवे रोड पर सोमवार दोपहर 3 बजे के निकट इटौंजा ओवरब्रिज के पास हीरा देवी कन्या इंटर के कॉलेज के गेट के सामने लखनऊ की तरफ से आ रहे हैं सीडी डीलक्स बाइक नंबर यूपी 32 के बी 2687 पर सवार अमित गौतम 28 वर्ष वार्ड नंबर 1 केसर मऊ खुर्द नगर पंचायत महोना व अवधेश वर्मा वार्ड नंबर 5 नगर पंचायत महोना दोनों लोग ओवर ब्रिज के नीचे जाने के लिए गाड़ी को मोड़ने लगे तभी गाड़ी अनियंत्रित होने से डिवाइडर में टकरा गई और डिवाइडर से टकराने के बाद बाइक सहित दोनों लोग रोड पर जा गिरे पीछे से आ रहे दो ई रिक्शा ने टक्कर मार दीं। जिंससे बुरी तरह घायल हो गए। वहीं घायल अवस्था में दोनों लोगों कों राहगीरों ने निकट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएससी इटौंजा भेजा गया। जहां पर डॉक्टर ने अमित गौतम को मृत घोषित कर दिया, जबकि अवधेश के मामूली चोटे ही आई है। ई रिक्शा मौके से फरार हो गया। वहीं मृतक अमित गौतम के शव को इटौंजा पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाहीं कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक अमित गौतम की ससुराल अटरिया थाना क्षेत्र में पड़ती है और ससुर जानकीपुरम में रहते हैं, जहां कुछ दिनों बाद अमित के सगे साले की शादी थी,उनकी पत्नी और बेटी मायके में थी।पति की मौत की सूचना मिलने पर पत्नी बच्ची को लेकर रोती हुई इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल पहुंची, जहां पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं अमित के घर में उनके भाई पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

# लखनऊ में डिप्टी सीएम ने महानगर अध्यक्ष, वित्त मंत्री के साथ व्यापारियों उपभोक्ताओं से संपर्क कर, बांटे जीएसटी रिफॉर्म

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

देश में जीएसटी सुधारों के समर्थन में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ हजरतगंज जनपथ मार्केट में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अमीनाबाद, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के पास, विधायक डॉक्टर महेंद्र सिंह और ओ.पी श्रीवास्तव ने भूतनाथ मार्केट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से संपर्क किया और जीएसटी रिफॉर्म से होने वाले लाभ पर चर्चा की, संबंधित पत्रक बांटे, गुलाब का फूल भेंट किया और दुकानों पर स्टीकर लगाए। वहीं मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा पार्टी कार्यक्रम के अनुसार 29 सितंबर तक जीएसटी बचत महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। अभियान के तहत सभी जनप्रतिनिधि बाजारों में निरंतर संपर्क करके जीएसटी रिफॉर्म के लाभ से उपभोक्ता को अवगत कराएंगे। वहीं सरकार के निर्देशों के अनुसार, व्यवसायियों से अपने सिस्टम को तुरंत अपडेट करने और नई घटी दरों के आधार पर मूल्य निर्धारण करके उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने के लिए भी जागरूक करेंगे।



# महिला को झाड़ फूंक का झांसा देकर बाबाओं ने ठग लिए हजारों के जेवर व नगदी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना से महज़ कुछ दूरी पर सोमवार को इटौंजा मार्केट में एक महिला को बाबाओं ने झाड़ फूंक का झांसा देकर हजारों के जेवर व नगदी ठग लिए। इसके बाद महिला को धोखा देकर नौ दो ग्यारह हो गए। वहीं परसहिया गांव की निवासी कुंती का आरोप है कि वह अपने मायके कटकी जा रही थी। वहां मुंडन का कार्यक्रम था। बाजार में मुंडन के लिए कपड़े भी खरीदे थे। तभी इटौंजा थाना के सामने मार्केट में दो बाबा मिले उन्होंने कहा तुम्हारे बेटे की मौत हो चुकी है। तुम बहुत परेशान हो। हम लोग पूजा पाठ कर देंगे। तुम्हारी परेशानी दूर हो जायेगी। महिला उनके झांसी में आ गई, इसके बाद ढोंगी बाबाओ ने पूजा पाठ करने के बहाने महिला के जेवर व नगदी भी ले लिए, महिला को चकमा देकर भाग निकले। कुछ देर बाद महिला ने उनकी तलाश की लेकिन पता नहीं चल सका, इसके बाद इटौंजा थाना में सूचना दी है। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर, अस्पताल में मौत

- पुलिस ने मृतक के परिजन अस्पताल आ गए, तभी पुलिस ने शव का पंचायत नामा की कार्यवाहीं कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार दोपहर करीब 12=17 बजे रात को भैंसामऊ से पहाड़पुर जाने वाले रोड पर आरआर कॉलेज के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक न0 यूपी 32 के वी 0383 होंडा साइन कों जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया,। सूचना पर बीकेटी पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस की सहायता से शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय साढामऊ अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने बाइक सवार व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। वहीं बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि मृतक के पास आधार कार्ड मिला, जिसमें उसका नाम गोविंद सिंह पुत्र राम लखन उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम परसऊ पहाड़पुर थाना महिगवा की पहचान हुई। पुलिस ने मृतक के परिजन अस्पताल आ गए, तभी पुलिस ने शव का पंचायत नामा की कार्यवाहीं कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# विदेशों से फण्ड लेकर विपक्षी मोदी सरकार को हटाने का रच रहे षडयंत्र: दिनेश शर्मा



- सांसद खेल महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित हुए अनेकों खेल
- नशे से युवाओं का शरीर होता है खोखला: कौशल किशोर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

विदेशों से फंडिंग लेकर विपक्ष के नेता मोदी सरकार को हटाने का षडयंत्र रचते है। मोदी सरकार पर झूठे आरोप लगाकर लोगों को भ्रमित करने का काम करते है । उक्त बातें पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा ने सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पुराने जमाने में कहावत थी खेलोगे कूदोगे तो बनोगे शैतान, पढ़ो लिखोगे तो बनोगे नवाब लेकिन अब ऐसा नहीं है खेलने कूदने से भी अब युवा नवाब बन रहे है । इसलिए पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी है। खेलकूद से मस्तिष्क के साथ स्वास्थ्य संवर्धन होता है। मोदी सरकार को हटाने के लिए विपक्ष विदेशों से फंड लेकर लोगों को भ्रमित करने का काम करती है । विपक्ष कही संविधान खत्म हो जाएगा, कही वोट चोर बोलकर लोगो को बरगलाने का काम करती है । मोदी जी ने 2047 तक आत्मनिर्भर भारत देश बनाने का संकल्प लिया है । यह विपक्ष को देखा नहीं जा रहा है। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा है कि उनके द्वारा जो नशामुक्त अभियान चलाया जा रहा है वह अत्यंत ही जरूरी है। कौशल जी के इस नशामुक्त कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश ही नहीं अन्य प्रदेशों में भी चलाया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा कि आज का युवा नशे की लत में पड़ता चला जा रहा है । नशे से युवाओं का शरीर खोखला हो जाता है। जिससे अनेकों नौकरियों में मेडिकल में फेल हो जाता है। उन्होंने कहा कि 19 अक्टूबर को पुरुषों की फुल मैराथन दौड़ का आयोजन लखनऊ में उनके द्वारा किया जा रहा है। जिसमें प्रथम विजेता को 5, द्वितीय विजेता को 3 तृतीय विजेता को डेढ़ लाख रुपए इनाम देने के साथ 25 लाख रुपयों की धनराशि की दौड़ कराई जाएगी। जिसमें देश के कोने कोने से प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे है। विधायक जयदेवी कौशल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी पर काफी छूट दी है । जिसका सीधा लाभ लोगो को मिलेगा । जीएसटी कम होने से घरेलू सामानों के दामों में भी काफी गिरावट आएगी। विकास किशोर आशू ने कहा कि हम लोगों को स्वदेशी सामग्री का ही प्रयोग करना चाहिए । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा, मीनू वर्मा, रामकुमार राही, अखिलेश उर्फ अंजू सिंह, सर्वेश रावत, नवीन यादव, प्रमोद पाठक, जितेन्द्र शुक्ला, चंद्रशेखर कनौजिया, आशीष द्विवेदी, जितेन्द्र अवस्थी, राजेश लोधी, अरविंद शर्मा, कार्तिकेय पाठक सहित भाजपा के दर्जनों पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जीएसटी बचत उत्सव: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज आयेंगी लखनऊ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय कर व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता लाने के उद्देश्य से सरकार ने नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार को आज से लागू कर दिया गया है। इसे आम जनता और व्यापारिक समुदाय के लिए अधिक लाभकारी और आसान बनाने के लिए इस परिवर्तन कारी और ऐतिहासिक सुधारों को ÷जीएसटी बचत उत्सव÷ के रूप में मनाया जा रहा है। इस उत्सव के तहत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल 23 सितंबर को होटल क्लार्क लखनऊ में एक विशेष कॉन्क्लेव करेंगी। कॉन्क्लेव में वित्त मंत्री नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार की पूरी रूपरेखा, लाभ, कार्यान्वयन प्रक्रिया और व्यापार, उद्योग एवं आम जनता पर इसके सकारात्मक प्रभाव की जानकारी साझा करेंगी। इस अवसर पर सरकार द्वारा लागू किए गए सुधारों की विशेषताएं, जैसे कि कर व्यवस्था में पारदर्शिता, आसान अनुपालन और सभी वर्गों के लिए प्रत्यक्ष लाभ, विस्तार से बताए जाएंगे।इस अभियान के प्रदेश संयोजक भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि कॉन्क्लेव में भाजपा यूपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल भी उपस्थित रहेंगे ।

उन्होंने बताया कि इन सुधारों को भाजपा उत्तर प्रदेश भी जीएसटी बचत उत्सव के रूप में मना रही है । जिसके लिए भाजपा द्वारा प्रदेश में नेक्स्ट जेन जीएसटी अभियान शुरू किया गया है। कॉन्क्लेव में प्रतिष्ठित चार्टेड अकॉउंटेड, अर्थशास्त्री, उद्योगपति , कंपनी सेक्रेट्री विभिन्न इंडस्ट्रीज के फोरम पीएचडी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के एवं व्यापार मंडल के लोग उपस्थित रहेंगे।

# खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना की द्वितीय इकाई का शुभारंभ

- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन
- यूपी को मिलेगी परियोजना से मिलने वाली 65 फीसदी विद्युत–शर्मा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

ऊर्जा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई। 1320 मेगावाट खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना की द्वितीय इकाई 660 मेगावाट का संचालन विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया।इस परियोजना के उत्पादन में से 65 प्रतिशत विद्युत उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जिससे प्रदेश में न केवल घरेलू उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध होगी, बल्कि उद्योगों को भी पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसके चलते प्रदेश की औद्योगिक प्रगति और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि ÷खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना की यह इकाई उत्तर प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति का सपना साकार हो रहा है। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को लाभ होगा और औद्योगिक निवेश को और मजबूती मिलेगी।खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना का यह शुभारंभ उत्तर प्रदेश को ऊर्जा सम्पन्न, और औद्योगिक दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# जीएसटी रिफॉर्म से हर परिवार को बड़ा फायदा: मंत्री सुरेश खन्ना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

जीएसटी रिफॉर्म पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार ने बड़ा ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जीएसटी में दरों को कम किया है?। जीएसटी रिफॉर्म का उद्देश्य रोजमर्रा उपभोग की वस्तुओं को सस्ता बनाना है जिससे देश के लोगों को बड़ी बचत होगी और यह आज से ही देशभर में लागू हो रहा है। सुरेश खन्ना ने कहा कि जो 28 परसेंट का स्लैब था उसमें 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 पर ले आए और जो 12 परसेंट का जो स्लैब था उसने 99 प्रतिशत को 5 प्रतिशत पर ले आए हैं और कुछ चीजों पर टैक्स समाप्त भी किया है। फैसले से चीजों की मांग और खपत बढ़ेगी,खपत बढ़ने के साथ ही उत्पादन भी बढ़ेगा प्रदेश में वर्ष 2016-17 में 51,820 करोड रुपए था जिसमें 121 प्रतिशत की वृद्धि होकर अब 1 लाख 14, हजार 638 करोड रुपए हुआ है। केंद्र में 2018 में जीएसटी कलेक्शन 7.19 लाख करोड़ था जो बढ़कर 22.08 लाख करोड रुपए हो गया। आज से लागू रिफॉर्म में विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में जितने भी इक्विपमेंट है उन पर 5प्रतिशत, 2500 तक के कपड़े पर और खानपान की रोजमर्रा की चीजों पर 5प्रतिशत, स्टेशनरी पर जीरो, कुछ दवाइयां पर पांच प्रतिशत और कुछ पर जीरो टैक्स भी किया गया है। हेल्थ इंश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस पर 18प्रतिशत टैक्स था उसमें भी छूट दी गई है। जिसका सीधा लाभ उपभोक्ता को मिलेगा। इलेक्ट्रॉनिक में भी छूट दी गई है। पहले 5 ,12 , 18 और 28 प्रतिशत तक के टैक्स स्लैब को अब सिर्फ 5 और 18 प्रतिशत के दो स्लैब निश्चित किए गए हैं। 28 प्रतिशत स्लैब वाली लगभग 90 प्रतिशत वस्तुओं को 18 प्रतिशत पर ले आए हैं लेकिन लग्जरियस और सिन गुडस प्रोडक्ट्स को बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया गया है। दूध पनीर जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स को भी जीरो टैक्स पर लाए हैं। पिछले वर्ष टैक्स से प्राप्त 1 लाख 12000 करोड रुपए को प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर खर्च हुआ। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से संपत्तियों का सृजन होता है जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। टैक्स से प्राप्त धनराशि से केंद्र सरकार द्वारा भी लगभग 60 प्रतिशत राजमार्ग में बढ़ोतरी हुई है। जब मोदी जी सत्ता में आए थे तब 74 एयरपोर्ट से आज 164 एयरपोर्ट है। उत्तर प्रदेश में 11 डोमेस्टिक और चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। उत्तर प्रदेश आज सर प्लस स्टेट के रूप में है यानी एक्सपेंडिचर आमदनी से कम है। पहले लगभग 248 किलोमीटर का मेट्रो था आज 1093 किलोमीटर मेट्रो सेवा उपलब्ध करा रहे हैं। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 2.8 करोड़ आवास उपलब्ध कराऐ गए । रक्षा उत्पादन में भी बड़ा सुधार आया देश के रक्षा मंत्री लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह जी के नेतृत्व में 34 गुना ज्यादा एक्सपोर्ट किया है। हमारे सांसद विधायक और जन प्रतिनिधि अगले एक हफ्ता तक बाजारों में जाकर व्यापारियों और उपभोक्ताओं से संपर्क करेंगे और जीएसटी रिफॉर्म के लाभ से अवगत कराएंगे। वहीं हलवासिया कोर्ट हजरतगंज में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री एमएलसी सुभाष यदुवंश, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉ नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, रामचंद्र प्रधान, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, रजनीश गुप्ता, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, अशोक तिवारी, घनश्याम अग्रवाल, अभिषेक खरे मुख्य रूप से मौजूद रहें।



# सेवा पर्व पर 15 दिवसीय प्रदर्शनी जारी

## प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व, कृतित्व और योजनाओं पर रोचक झलक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सेवा पर्व के अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में सूचना विभाग द्वारा आयोजित 15 दिवसीय प्रदर्शनी का सोमवार को छठा दिन रहा। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व के साथ-साथ न्यू इंडिया ञ्च 2047 की परिकल्पना तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी का शुभारंभ 17 सितम्बर को हुआ था। और यह 02 अक्टूबर तक प्रतिदिन आम जनता के लिए खुली रहेगी। आज छठे दिन बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आमजन ने




योजनाओं की जानकारी हासिल करने के साथ-साथ सरकार की उपलब्धियों की झलकियां भी देखीं। आयोजकों के अनुसार इस प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को सरकार की विकासपरक नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू कराना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवासयोजना उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया सहित कई महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण दिया गया है। स्थानीय लोगों ने प्रदर्शनी को बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। उनका कहना था कि यहां आकर उन्हें योजनाओं की जानकारी सरल और सुलभ रूप में मिली, जो आमतौर पर लोगों तक आसानी से नहीं पहुंच पाती। यह प्रदर्शनी दो अक्टूबर गांधी जयंती तक प्रतिदिन सुबह से शाम तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

## कठवारा गांव के पंचायत घर से 2 लाख की चोरी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली** के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के कठवारा गांव में पंचायत घर से चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने पंचायत घर का ताला तोड़कर कंप्यूटर, सीपीयू, इनवर्टर बैटरी और 45 से अधिक कुर्सियां चुरा लीं।

चोरी से हुए नुकसान का अनुमान लगभग 2 लाख रुपये लगाया गया है। चोरी की जानकारी सुबह ग्राम प्रधान वीरेंद्र को मिली। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। गुलुपुर चौकी इंचार्ज योगेश पायला के अनुसार मौके से शराब की खाली बोतलें और पाउच बरामद हुए हैं। पंचायत घर में अक्सर शराबियों का जमावड़ा लगता है। इस कारण पुलिस को शराब पीने वालों पर भी चोरी में शामिल होने का संदेह है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय निवासी भयभीत हैं। पुलिस मामले की हर दिशा में जांच कर रही है।

# देवीपाटन मे मां शैलपुत्री के रूप की पूजा के साथ नवरात्र मेला प्रारंभ

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील मुख्यालय तुलसीपुर में स्थित देवीपाटन मंदिर पर भक्तों ने नवरात्रि के पहले दिन शैलपुत्री स्वरूप की पूजा कर मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रथम दिन पर शक्तिपीठ देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी द्वारा कलश स्थापना किया गया। नवरात्र के प्रथम दिन शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। पवित्र सरोवर सूर्य कुंड में भक्तों ने स्नान कर के लाइन में लगा कर माता पाटेश्वरी के दर्शन के लिए प्रतीक्षारत करते दिखें। पूरा मंदिर परिसरप्रेम से बोलो जय माता दी, बोल सच्चे दरबार की जय के



जयकारों से मंदिर का पूरा परिसर भक्तिमय हो रहा था। भक्तों ने माँ पाटेश्वरी का दर्शन नारियल चुनरी का प्रसाद चढ़ा कर मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। नियत स्थान पर नारियल तोड़ कर प्रसाद ग्रहण किया।देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी द्वारा नवरात्रि की प्रथम दिन कलश स्थापना किया गया। अयोध्या धाम से आए हुए पुरोहितों ने मंत्रोंच्चारण के बीच विधवत पूजा कराकर कलश की स्थापना कराया। इस अवसर पर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार दुबे, सर्वेश सिंह, सुजीत सिंह, मंदिर पुरोहित मातेश्वरी प्रसाद त्रिपाठी, मंदिर सेवादार अरुण कुमार गुप्ता, आलोक गुप्ता, श्याम तिवारी, रितेश द्विवेदी सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# अमेठी सांसद ने 54.17 लाख की लागत से ट्रांसफार्मर किया समर्पित

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सांसद किशोरी लाल शर्मा ने सोमवार को स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत विद्युत वितरण कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 250 केवीए क्षमता के चार ट्राली ट्रांसफार्मर अमेठी, गौरीगंज, जगदीशपुर व तिलोई क्षेत्रों हेतु विद्युत विभाग को सौंपे।बताया गया कि सांसद का यह प्रयास ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की जनता को बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। ट्राली ट्रांसफार्मर की सुविधा से आपातकालीन स्थिति में तत्काल बिजली बहाली संभव होगी, जिससे जनता को निर्बाध आपूर्ति का लाभ मिलेगा। सांसद ने कहा कि प्रत्येक ट्रांसफार्मर की लागत 10,84,879 रुपये है और यह जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम है। प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि सांसद किशोरी लाल शर्मा



सदैव अमेठी की जनता की बुनियादी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते आए हैं। यह पहल किसानों, छात्रों, व्यापारियों और आम नागरिकों सभी के लिए लाभकारी होगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सांसद द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में विद्युतीकरण कार्य कराए गए। इनमें तिलोई के ग्राम पंचायत लुधवरिया के पूरे काशीराम में 57,424 रुपये, भेटुआ के भरेथा पूरे गणेश लाल में 3,25,789 रुपये, अमेठी के जंगल रामनगर पूरे गोसाई में 59,685 रुपये, शुकुल बाजार भातानो तिराहा पर 1,87 ,090 रुपये तथा जगदीशपुर के ग्राम पंचायतबाग मीरा सत्य रोड पर 2,48,572 रुपये की लागत से कार्य पूर्ण किए गए। लोकार्पण कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल,प्रवक्ता अनिल सिंह एवं अन्य कांग्रेसी नेता तथा बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने मां दुर्गन धाम, रोहसी बुजुर्ग पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व जनकल्याण की मंगलकामनाएं कीं।

## झोलाछाप फर्जी डॉक्टर की क्लीनिक पर हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के जलालपुर तहसील के हजपुरा में अवैध रूप से चल रही क्लीनिक पर सोमवार को प्रशासन ने कार्रवाई की। तहसीलदार जलालपुर गरिमा भार्गव और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर के अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश के नेतृत्व में टीम शिकायत के आधार पर छापा मारा।

जांच के दौरान क्लीनिक में मौजूद कथित चिकित्सक सुनील कुमार कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। टीम को क्लीनिक का संचालन अवैध रूप से होता हुआ मिला। इसके बाद जांच टीम ने तत्काल क्लीनिक को सील कर दिया।

इस कार्रवाई में तहसीलदार और अधीक्षक के अलावा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल त्रिपाठी और फार्मासिस्ट मनोज यादव भी मौजूद रहे।

# देवीपाटन मंदिर पर आयोजित किसान मेला का महंत ने किया शुभारंभ

## कृषकों को मिनी किट तथा राजकीय आश्रम पद्धति की छात्राओं को साइकिल का किया गया वितरण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

नवरात्रि के पावन अवसर पर पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर में किसान मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि महंत देवीपाटन मंदिर मिथिलेश नाथ योगी एवं विशिष्ट अतिथि विधायक सदर पल्टूराम , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, डीएम पवन अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु लगाए गए स्टॉल का महंत एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया एवं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान किए जाने एवं पात्रों के आवेदन फॉर्म भराए जाने के निर्देश दिया।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में



विधायक सदर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है, युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों सभी के हित में सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा हैं। नवरात्रि में नारी शक्ति, सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान का चालक आयोजन किया जा रहा है साथ ही साथ सेवा पखवाड़े को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत मनाया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम में बोलते हुए डीएम ने कहा कि किसान मेले में देवीपाटन मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन थीम पर प्रतिदिन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर महंत, विधायक और डीएम ने कृषकों को बीज किट का तथा राजकीय आश्रम पद्धति पचपेड़वा की 333 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, विधायक गैंसडी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी,ब्लॉक प्रमुख, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## चोरों के हौसले बुलंद, प्रशासन को खुली चुनौती

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं तथा यह अब प्रशासन के लिए सीधी चुनौती बनता जा रहा है। रविवार की देर रात थाना इन्हौना क्षेत्र के शेखनगांव और गुलाबगंज में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। यह वारदात करीब रात दो बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार चोर छत के रास्ते घरों में दाखिल हुए और घर में मौजूद सामान पर हाथ साफ किया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और लोगों ने पुलिस गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। पीड़ित परिवारों ने बताया कि रात के समय अचानक शोर सुनकर वे जागे तो घर का सामान बिखरा हुआ मिला। फिलहाल चोरी गए सामान और नकदी की पूरी जानकारी इकट्ठा की जा रही है। घटना की सूचना पाकर थाना इन्हौना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# गौरीगंज में रामलीला मंचन का शुभारंभ भव्य महाआरती संपन्न, भक्तिमय माहौल बना

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

चौक बाजार गौरीगंज स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में सोमवार से आरंभ हुई रामलीला की परंपरा का आगाज़ श्रद्धा और आस्था के बीच हुआ। श्रीरामलीला समिति पंजीकरण संख्या 1027 द्वारा 1909 से लगातार आयोजित हो रहा यह आयोजन इस वर्ष भी पूरे भव्य रूप में तीन अक्टूबर तक चलेगा। शुरुआत के पहले दिन सोमवार शाम आयोजित भव्य महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर घंटा-घड़ियाल और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

दीपों की कतार और भक्ति संगीत ने पूरे वातावरण को आलौकिक बना दिया। समिति के पदाधिकारियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने महा आरती में भाग लेकर रामलीला मंचन की सफलता की मंगलमय कामनाएं कीं। गौरीगंज नगर के सक्रिय एवं सामाजिक कार्यकर्ता ओ पी सिंह ने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। समिति के सहयोगी एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष रामजी अग्रहरि ने इसे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर बताया



और कहा कि ऐसे आयोजन से समाजिक एकता और धार्मिक आस्था दोनों को बल मिलता है एवं सामूहिक सहयोग को इस आयोजन की असली शक्ति बताया।

भव्य महाआरती के बाद भक्तों ने जयकारे लगाए और आगामी दिनों में होने वाले भरतमिलाप व रावण दहन जैसे आकर्षक कार्यक्रमों का बेसब्री से इंतजार जताया।

## नवागंतुक बीएसए ने किया ज्वॉइन, शिवेंद्र प्रताप सिंह की हुई विदाई

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** गैरजनपद स्थानांतरण के बाद में खाली चल रहे बीएसए के पद पर सोमवार को अमेठी जिले से स्थानांतरित होकर आए पीईएस अफ़सर राहुल सिंह ने ज्वॉइन कर लिया है। सोमवार को उनकी ज्वॉइनिंग के साथ ही सम्मान किया गया और पूर्व बीएसए रहे शिवेंद्र प्रताप सिंह की विदाई की गई। बता दें, प्रमोशन के बाद लखनऊ डायट के उप प्राचार्य बने निर्वतमान बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह की विदाई की गई। बता दें, जिले के वर्तमान बीएसए अमेठी जिले के टीका माफीपुर में प्रधानाचार्य के पद पर राहुल सिंह कार्यरत थे। उनका स्थानांतरण जिले में बीएसए के पद पर किया गया है। जिले के बीएसए बने राहुल सिंह उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की तरफ से वर्ष 2018 में निकाले गए प्रधानाचार्य के पद पर हुआ है। पांच साल तक प्रधानाचार्य से अधिक समय तक कार्य करने के बाद उनकी नियुक्ति जिले में बीएसए के पद पर की गई हैं।

# क्रीड़ा परिषद की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से की गई चर्चा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में सोमवार को एमएलके पीजी कॉलेज के लाइब्रेरी कॉन्फ्रेंस हॉल में क्रीड़ा परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय ने की। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो. वीणा सिंह भी उपस्थित रहीं।

जानकारी के अनुसार 22 सितंबर को एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित क्रीडा परिषद की बैठक में प्राचार्य प्रो पांडेय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलकूद अनुशासन, एकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। कार्यक्रम में क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ बी एल गुप्ता एवं सह-क्रीड़ा अध्यक्ष कृतिका तिवारी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि खेल गतिविधियों का आयोजन निरंतर जारी रहेगा, जिससे छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलेगा। बैठक में आगामी समय में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं की रूपरेखा एवं बजट पर पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय मे उपलब्ध संसाधनों से खेलों का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा तथा अधिक से अधिक छात्रों की सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में आगामी समय में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं की रूपरेखा एवं बजट पर पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय मे उपलब्ध संसाधनों से खेलों का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा तथा अधिक से अधिक छात्रों की सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाएगा।

बैठक में महाविद्यालय के क्रीड़ा परिषद के सदस्य जिसमे प्रमुख रूप से मो. तारिक कबीर, डॉ. दिनेश कुमार मौर्य, डॉ शिव महेंद्र, डॉ राम रहीस, डॉ ऋषि रंजन, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ शैंकी रुहेला, डॉ के. के. सिंह, लेफ्टिनेंट डॉ देवेंद्र चौहान, राहुल कुमार, एसएन सिंह सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें, जिन्होंने विभिन्न खेलों के संबंध मे अपने सुझाव प्रस्तुत किये। अंत में एस एन सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और सामाजिक समरसता के संवाहक भी हैं।

# एयरफोर्स कर्मी को अज्ञात व्यक्ति ने दिया जहर

## तहसील गेट के पास मिला बेहोश, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा इलाज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

सोमवार की सुबह अमेठी तहसील गेट के पास एयरफोर्स के सिविल विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी संदिग्ध परिस्थिति में बेहोश अवस्था में पाया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कर्मचारी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जहर दे दिया था।

जानकारी के अनुसार पीड़ित कर्मचारी की पहचान राजकुमार प्रजापति निवासी कोहारन का पुरवा भेटुआ ब्लॉक के रूप में हुई है। राजकुमार एयर फोर्स के सिविल विभाग में दिल्ली में तैनात हैं। बीते रविवार की शाम वे अपने पैतृक गांव आए थे।सोमवार तड़के लगभग 4:30 बजे वे दिल्ली वापस जाने के लिए घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें जहर दे दिया। राजकुमार किसी तरह बेहोशी की हालत में चलते-चलते अमेठी तहसील गेट तक पहुंचे और वहीं गिर पड़े। सुबह-सुबह स्थानीय लोगों ने उन्हें बेसुध अवस्था में देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी।



एम्बुलेंस के मौके पर देर से पहुंचने के कारण पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक बैटरी रिक्शे से राजकुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉ.ने बताया कि पीड़ित का इलाज जारी है। और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत में कुछ सुधार हुआ है, किंतु पूरी तरह खतरे से बाहर कहना अभी संभव नहीं है।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्काल परिजनों को सूचित किया। पीड़ित के पिता स्व.रामदुलारे प्रजापति थे। और परिवार गांव में ही रहता है। पुलिस ने आशंका जताई है कि किसी जानकार अथवा अनजान व्यक्ति ने सुनियोजित तरीके से यह वारदात की है।थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित से होश में आने पर बयान दर्ज करने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों की पहचान कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में हुई माँ आदिशक्ति की आराधना

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शारदीय नवरात्रि की शुरुआत माँ शैलपुत्री की पूजा अर्चना के साथ हुई, प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ माँ की आराधना करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर माँ आदिशक्ति का आवाहन किया। प्रधानाचार्य ने शारदीय नवरात्रि की सभी को बधाई देते हुए बताया कि नौ दिनों तक चलने वाला यह पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है, यह पर्व प्रत्येक दिन माँ के नौ स्वरूपों की आराधना के लिए समर्पित है और दसवें दिन रावण वध के साथ इस उत्सव की समाप्ति होती है। प्रजापति ने विद्यार्थियों प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मबल, ज्ञान और साहस का संदेश देने वाले इस पर्व पर अपने अंदर आत्म चेतना और सकारात्मक ऊर्जा जगाएं जिससे कि आप अपनी शिक्षा और जीवन के हर लक्ष्य में सफल हो सके, यह पर्व सिर्फ धार्मिक अनुष्ठानों का नहीं बल्कि अपने आपको बेहतर बनाने का है। इस अवसर पर उप-प्रधानचार्य फैज़ान खान, शिवकरन पाल, अजय राज, राकेश अवस्थी, अभिषेक श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में राजभाषा उत्सव: साहित्य और संगीत से सजी तीन दिवसीय सांस्कृतिक संध्या

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

हिंदी पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विशेष राजभाषा उत्सव का भव्य आयोजन स्थानीय डॉ. अंबेडकर सभागार में 21 से 22 सितम्बर तक किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में साहित्य, नाटक और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला।

महोत्सव के दौरान हिंदी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु की चर्चित कृति 'पंचलाइट' एवं मणि मधुकर की रचना 'किस्सा दुलारी बाई का' मंचन प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा किया गया। इन नाट्य प्रस्तुतियों ने हिंदी साहित्य के यथार्थ पक्ष को जीवंत कर दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। साथ ही वाराणसी की सुप्रसिद्ध गायिका विदुषी वर्मा एवं टीम द्वारा ठुमरी एवं लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। उनकी मधुर आवाज़ और संगीतमयी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए, जिसका कर्मचारियों, महिलाओं और बच्चों ने भरपूर आनंद



लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए माननीय कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा–राजभाषा उत्सव जैसे आयोजन न केवल हिंदी के महत्व को रेखांकित करते हैं, बल्कि हमें आधुनिकता और परंपरा के अद्भुत संगम से भी जोड़ते हैं। रंगमंच की अग्रणी संस्था समूहन कला संस्थान समारोह के प्रथम दिन फणीश्वरनाथ 'रेणू' की प्रसिद्ध कहानी ''पंचलाइट'' पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का सफल मंचन प्रतिष्ठित निर्देशक राजकुमार शाह के निर्देशन में और मणि मधुकर की रचना 'किस्सा दुलारी बाई का' मंचन समारोह के दूसरे दिन रोज़ी मिश्रा के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव ने कहा – हिंदी सर्वजन की भाषा है, जिसमें साहित्य और संगीत की अपार धरोहर निहित है। आज का उत्सव इसका जीवंत उदाहरण है, जिसने हम सभी को आनंदित और रोमांचित किया। इस तीन दिवसीय आयोजन में महाप्रबंधक गण डी के साहू एवं एस यू हरिदास के अलावा, अन्य विभागाध्यक्ष गण वरिष्ठ अधिकारियों, यूनियन एवं एसोसिएशन पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और राजभाषा उत्सव को अविस्मरणीय बना दिया। ने कोरस गायन और रवि प्रकाश सिंह के कला पक्ष ने नाटक को ठोस धरातल प्रदान किया। मंच पर अभिनय करने वाले कलाकारों में अक्षत कुमार ने गोधन, राजन कुमार झा नें कथावाचक, श्रेयसी सिन्हा ने गुलरी काकी, अभिषेक विश्वकर्मा ने सरपंच की भूमिका बखूबी अदा की। प्रभात कुमार ग्रामवासी, आलोक कुमार गुप्ता बटेसर, आकाश पाण्डेय पंच ने भी प्रभावित किया। मुनरी की भूमिका में मनी अवस्थी ने एक कुशल अभिनेत्री की संभावनाओं को सार्थक किया तो वहीं संगीत पक्ष में पवन पाठक ने हारमोनियम वादन, गौरव शर्मा ने रिदम वादन।

# बैराज पर रफ्तार ने फिर ली दो लोगों की जान, परिजनों में मचा कोहराम

### बैराज पर बैरियर लगाकर रात में नहीं हो रही चेकिंग

पांच दिन में हिट एंड रन में तीन लोगों ने अपनी जान गवां दी। तीनों वाहन टक्कर मारकर भाग निकले लेकिन उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस मौजूद नहीं थी। पूर्व में हुई घटनाओं के बाद गंगा बैराज पर बैरियर लगाकर कोहना और नवाबगंज की पुलिस चेकिंग करके सक्रिय रहती थी लेकिन एक महीने से चेकिंग न होने के कारण लोग बेधड़क होकर शराब पीकर वाहनों को दौड़ा रहे हैं।







**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

गंगा बैराज मार्ग पर शनिवार को दो हादसों में दो की जान चली गई। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से वाहनों का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिए। नवाबगंज थानाक्षेत्र के ज्योरा निवासी सियाराम का बेटा आकाश निषाद (27) नवाबगंज में क्लीनिक पर कंपाउंडर था। पिता ने बताया कि शनिवार रात करीब 10:30 बजे वह बैराज के एक गांव में किसी मरीज को दवा देकर बाइक से घर लौट रहा था। बैराज चौकी के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। रात में घर न पहुंचने पर आकाश को कई बार फोन किया की लेकिन उसका फोन रिसीव नहीं हुआ। करीब 3:30 बजे पुलिस ने हादसे की जानकारी देकर हैलट बुलाया। बताया कि हैलट में इलाज के दौरान रविवार देर शाम मौत हो गई। कोहना थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं जिससे वाहन का पता लगाया जा सके।

वहीं, ग्वालटोली थानाक्षेत्र के बड़ा मंगलपुर गंगाकटरी निवासी ननकू सिंह (51) की भी हादसे में मौत हो गई। भतीजे नरेश ने बताया कि ननकू शनिवार को तड़के करीब चार बजे खेत से भिंडी लेकर साइकिल से जागेश्वर मंदिर जा रहे थे। गंगा बैराज मार्ग पर करबला चौराहे के पास कार ने टक्कर मार दी।

पुलिस ने गंभीर हालत में उन्हें हैलट पहुंचाया। जहां रविवार देर शाम मौत हो गई।

साइकिल भी किसी ने पार कर दी। हादसे के बाद पत्नी ननका, बेटा पिंटू व प्रियंका शव से लिपटकर बिलखने लगीं।

## सत्यार्थ वर्मा बने ब्लाक अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** ग्राम पंचायत अधिकारी संघ विकासखंड महमूदाबाद की बैठक सहायक विकास अधिकारी पंचायत कृष्ण पाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संघ के पदाधिकारी ने विभागीय दायित्व के निर्माण के दौरान सचिवों से होने वाली त्रुटियां पर उत्पीड़न रोकने पर भी चर्चा की। संघ के सचिवों ने समस्याओं के निराकरण हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी का गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से सत्यार्थ वर्मा ग्राम पंचायत अधिकारी संघ महमूदाबाद के ब्लॉक अध्यक्ष बने। इस मौके पर सचिवों को सम्बोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि आप लोगो ने मुझ पर विश्वास जाते हुए सर्वसम्मति से इतनी बड़ी जिम्मेदारी डाली है मै पूरी ईमानदारी के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए आप लोगो की मंशा और उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरूगा। मै हमेशा सचिवगणों के हितों में कार्य करता रहूगा और सचिवगणों की समस्याओं के लेकर संघर्ष करता रहूंगा। आप लोगो के सामने जो भी समस्याएं होगी उनका हल करवाने के लिये उच्चाधिकारियों से आप लोगो के हितों की बात कर आप लागो की समस्याओं का समाधान करवाता रहूंगा। इस मौके पर श्री वर्मा को संघ के पदाधिकारियों और सचिवों ने बधाई दी।

# दवा के साइड इफेक्ट होने पर परिजनों ने किया हंगामा






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

मरीज को दवा का साइड इफेक्ट होने पर तीमारदारों ने रावतपुर स्थित एक मेडिकल स्टोर पर नकली दवा देने का आरोप लगाकर हंगामा किया। इस मामले में तीमारदारों ने पुलिस से शिकायत भी की। मामले की जानकारी मिलते ही ड्रग इंस्पेक्टर भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। फिलहाल अभी तक कोई कार्रवाई की पुष्टि नहीं हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जौनपुर निवासी संतोष कुमार यादव के पिता शेर बहादुर यादव का 22 जुलाई को लक्ष्मीपत सिंहानिया हृदय रोग संस्थान घाट की सर्जरी हुई थी। 31 अगस्त को चेकअप के बाद डाक्टरों द्वारा पर्चे पर दवा लिखी गई तो रावतपुर स्थित आशीष मेडिकल स्टोर से सभी दवाइयां खरीदी गईं।

आरोप है कि डाक्टर द्वारा पर्चे पर लिखी गई दवा न देकर दूसरी दवाइयां दी गईं। उन दवाइयों का इस्तेमाल करने पर मरीज की तबियत ज्यादा खराब हो गई। सोमवार को मरीज को दिखाने आए तो डाक्टर को दवा दिखाई। डाक्टर ने उस दवा को नकली बताया। इसके बाद दवा वापस करने के लिए मेडिकल स्टोर गए। वहां पर दवा वापस करने से मना कर दिया। इस दशा में तीमारदारों ने हैलट चौकी इंचार्ज को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीमारदारों को शांत कराया। जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं सूचना पाकर ड्रग इंस्पेक्टर ओम पाल भी मौके पर पहुंचे।

## लाल बंगला काजी खेड़ा राम राज्य कैम्पस में रोड़ निर्माण कार्य का लोकार्पण किया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



लाल बंगला कांजीखेड़ा स्थित रामराज्य कैम्पस में सड़क सुधार निर्माण कार्य का लोकार्पण हुआ।

इस सड़क निर्माण लोकार्पण का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना एवं कानपुर नगर की महापौर प्रमिला पांडे जी के सानिध्य में जोन 2 वार्ड 28 से पार्षद अशोक मेहम्बर के द्वारा किया गया।

लोकार्पण के कार्यक्रम का शुभआरंभ रेलवे इंजीनियरिंग विभाग से सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बासुदेव प्रसाद सिन्हा के कर कमलों द्वारा नारियल फोड़कर एवं फूल माला चढ़ाकर किया गया। तत्पश्चात मिठाई बांटी गई। उन्होंने बताया कि अब बरसात के सीजन में जल भराव के कारण होने वाली समस्या का समाधान हो जायेगा। जिससे स्थानीय लोगों को इस समस्या से निजात मिल जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस सड़क निर्माण कार्य की सराहना एवं भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस रोड़ निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में वार्ड 28 के पार्षद अशोक मेहम्बर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता काशी मिश्रा, शिव प्रताप सोनी, राजकिशोर, जितेंद्र वर्मा, राजीव मिश्रा एवं मंडल उपाध्यक्ष छोटू सरदार, मंडल मंत्री निखिल सिंह, बूथ अध्यक्ष ऋतिक जोहार, जीतू वर्मा, विपुल सिन्हा, गौरव पॉल, विनीत सिन्हा अजीत कुलश्रेष्ठ, अंशु अग्रवाल, हेमंत, नीरज स्वर्णकार एवं समस्त क्षेत्रीयगण आदि उपस्थित रहें।

## रेलवे ट्रैक से शव बरामद

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर। रेलवे ट्रक पर सदिग्ध हालातों में एक शव पाया गया। इसके लिये लोगो पायलट को इमरजेन्सी ब्रेक का इस्तेमाल कर ट्रेन को रोकनी पड़ी। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। कोतवाली देहात इलाके के अमीन नगर से निकले रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा मिला। शव को देख ट्रैक पर भीड़ जमा हो गई। इसी बीच पहुंची जननायक एक्सप्रेस के लोको पायलट को ट्रैक पर भीड़ देख इमरजेंसी ब्रेक लगानी पड़ी। पुलिस ने स्थिति सामान्य करते हुए लोगों को हटाया ।फिर ट्रेन अपने गंतव्य को रवाना हो सकी। रामकोट के अल्लीपुर अलीरजा गांव के मजरा बड़ौरा निवासी पंकज राज 30 का शव ट्रैक पर पड़ा मिला था। ग्रामीणों ने बताया कि पंकज के माता-पिता का देहांत हो चुका है। वह अकेले रहते थे। जानकारी पाते ही ट्रैक पर लोगों की भीड़ जुट गई ।इसी बीच सीतापुर से शाहजहांपुर की ओर जा रही जननायक एक्सप्रेस के ट्रेन चालक ने जब ट्रैक पर भीड़ देखी तो ब्रेक लगा दी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सपा कानपुर ग्रामीण में सोशल मीडिया विवाद तेज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण की राजनीति में सोशल मीडिया विवाद गहराता जा रहा है। पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मुनीन्द्र शुक्ला ने बिल्हौर विधानसभा से जुड़े कुछ टिकटार्थियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं ।उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को भेजे पत्र में उल्लेख किया कि 15 सितम्बर 25 को कन्नौज मुख्यालय पर सपा कन्नौज इकाई द्वारा भ्रष्टाचार, महंगाई और वोट चोरी के खिलाफ विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया था। लेकिन इस प्रदर्शन को बिल्हौर विधानसभा से जोड़ते हुए कुछ टिकटार्थियों ने सोशल मीडिया और अखबारों के जरिए भ्रामक प्रचार किया ।जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की गलतबयानी पार्टी की साख और विश्वसनीयता को आघात पहुंचाने वाली है। बता दें कि सदर विधानसभा कन्नौज नामक एक सोशल मीडिया आईडी से बिल्हौर के एक नेता को निशाना बनाते हुए शर्म करो, शर्म करो जैसे शब्द लिखे गए है ।जिलाध्यक्ष ने प्रदेश नेतृत्व से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण पर कन्नौज इकाई से रिपोर्ट मंगाई जाए और दोषी नेताओं पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की हरकतें दोबारा न हों और पार्टी की छवि सुरक्षित रहे।

### बिल्हौर तहसील में दो महिलाओं ने लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** तहसील दिवस में सोमवार को दो महिलाओं ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। पहले प्रकरण में ग्राम सुघरदेवा की लक्ष्मी पत्नी शिवकिशोर ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें ग्राम सभा की गाटा संख्या 301 मि0 0.307 हे. का पट्टा आवंटित हुआ था। इस भूमि पर कैलाश पुत्र छोटे लाल निवासी नानकारी, कानपुर नगर ने कब्जा कर लिया। लेखपाल व पुलिस बल द्वारा कब्जा दिलाए जाने के बाद भी उक्त व्यक्ति ने दोबारा मेड तोड़कर जमीन पर कब्जा कर लिया। पीड़िता ने बताया कि सिविल जज जूनियर डिवीजन, माती से भी फैसला उनके पक्ष में हो चुका है, बावजूद इसके दबंग व्यक्ति कब्जा नहीं छोड़ रहा। उन्होंने प्रशासन से पुनः कब्जा दिलाने की मांग की। दूसरे मामले में ग्राम रौगांव की जरीना बेगम पत्नी अशफाक हुसैन ने शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने नरवीर सिंह पुत्र स्व. भीखा सिंह से दो लाख में खरीदी थी। लेकिन आज तक उन्हें कब्जा नहीं मिला। इस बीच हुसना बेगम पत्नी महमूद अली ने उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया, जबकि हुसना बेगम ने किसी अन्य गाटा से भूमि खरीदी थी। पीड़िता ने कब्जा दिलाने के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिए लेकिन कार्रवाई न होने से आहत होकर उन्होंने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई। दोनों महिलाओं ने अधिकारियों से आग्रह किया कि उनकी खरीदी और आवंटित भूमि से अवैध कब्जा तत्काल हटवाकर उन्हें न्याय दिलाया जाए।

### बिषधन में गौ सेवकों ने गाय का किया अंतिम संस्कार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** ककवन ब्लॉक के बिषधन क्षेत्र स्थित प्रसादपूर्वा मोड़ पर एक गाय के निधन के बाद गौ सेवक टीम ने हिंदू परंपराओं के अनुसार उसका अंतिम संस्कार किया। टीम ने पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ यह कार्य संपन्न कर समाज में एक उदाहरण प्रस्तुत किया ।अंतिम संस्कार कार्यक्रम में टीम लीडर वीर सिंह गौतम के साथ राठौर सनी शर्मा, रितिक सुनार, नवीन राजपूत, कन्हैया राजपूत, बाबू पाल, रितेश राजपूत और रिंकू राठौर शामिल रहे। सभी सदस्यों ने पूरी निष्ठा के साथ अंतिम संस्कार में भाग लिया ।गौ सेवक टीम ने इस मौके पर ग्राम प्रधान और प्रशासन से अपील की कि क्षेत्र की गायों को गौशाला में रखा जाए और उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर घूमते बेसहारा गोवंश से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं, इसलिए उनके लिए बेहतर प्रबंधन जरूरी है

### छत पर ईंट हटाने को लेकर विवाद

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर के बारामऊ गांव में घरेलू विवाद के चलते एक महिला पर उसके जेठ और जेठानी ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में महिला के सिर में गहरी चोट आ गई और वह खून से लथपथ हो गई ।जानकारी के अनुसार, पीड़िता रीता अपने घर की छत पर रखी पानी की पाइपलाइन से ईंट हटा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी सतनाम और उसकी पत्नी संगीता ने गाली-गलौज शुरू कर दी। रीता के विरोध करने पर दोनों ने मिलकर उस पर बेरहमी से लाठियों से प्रहार कर दिया। हमले में रीता का सिर फट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आईं ।घटना के समय रीता घर में अकेली थी। उसकी चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और उसकी जान बचाई। लेकिन आरोप है कि हमलावरों ने धमकी दी कि शिकायत करने पर जान से मार देंगे ।खून से लथपथ रीता सीधे थाने पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### भाई ने भाई और भाभी के खिलाफ दिया प्रार्थना पत्र

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कल्याणपुर के बारसिरोही निवासी विमल कुमार ने अपने ही भाई और भाई की पत्नी पर शौचालय निर्माण में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विमल कुमार ने पुलिस को बताया कि वह और उनका भाई एक ही मकान में रहते हैं। मकान का अभी तक कोई बंटवारा नहीं हुआ है। विमल प्रथम तल पर रहते हैं, जबकि उनका भाई पत्नी के साथ भूतल पर रहता है। विमल ने प्रथम तल पर शौचालय निर्माण का कार्य शुरू किया और पाइपलाइन को नीचे बने गड्ढे से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान उनके भाई और भाई की पत्नी ने इसका विरोध किया और निर्माण कार्य रुकवा दिया। विमल का कहना है कि शौचालय न होने के कारण परिवार को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। बावजूद इसके, उनके भाई और भाई की पत्नी कोई समाधान निकालने को तैयार नहीं हैं। पारिवारिक विवाद को देखते हुए कल्याणपुर थाना प्रभारी ने मामले की जांच आईआईटी चौकी इंचार्ज को सौंप दी है।

### बिल्हौर पुलिस ने हत्या के आरोपी को घर से किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** थाना बिल्हौर पुलिस ने विशेष अभियान के तहत हत्या के मामले में फरार आरोपी रामौतार (55) पुत्र स्व0 नारायण को उसके घर से गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार आरोपी रामौतार एनबीडब्ल्यू में संलिप्त है। उसे थाना बिल्हौर कानपुर नगर में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी टीम में कपिल कुमार, दिलीप कुमार की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लगातार कार्रवाई कर रही है और किसी को भी कानूनी दायरे से बाहर नहीं छोड़ने दिया जाएगा।

# कर्नलगंज थाना क्षेत्र में दबंगों के हौसले बुलंद युवक को बीच सड़क पर किया मरणासन्न



### जिम से घर जा रहे युवक पर दबंगो ने पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर सड़क पर घातक चीजों से किया जानलेवा हमला

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कर्नलगंज थाना क्षेत्र में दबंग के हौसले बुलंद इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें अब पुलिस का जरा भी खौफ नहीं रहा है, जिम से अपने घर जा रहे प्रत्यूष गुप्ता का आरोप है कि जैसे ही वह जिम से घर की ओर निकले वैसे बेनाझाबर पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित दूरसंचार केंद्र के पास पहुंचे ही थे कि अचानक समाने से मनोज पाल नामक, रिशु सोनकर, मन्नू सोनकर ने अपने चार से पांच अज्ञात साथियों के साथ आया और बिना कुछ कहे सुने मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर दिया और घातक चीजों से मरते-मरते मुझे जमीन पर गिरा दिया जिसमें हमारे मेरा सिर फट गया और हाथ पैरों में गंभीर चोटें आई और सिर से खून बहने लगा जिस कारण मैं बेहोश हो गया और वह लोग मुझे मारा हुआ समझ कर वहां से भाग निकले। वहीं पर क्षेत्रीय लोगों और राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा मुझे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां मेरा इलाज किया जा रहा है,

जिसकी शिकायत लिखित तौर पर कर्नलगंज थाने को की गई है। कर्नलगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि मारपीट का मामला संज्ञान में आया है जिसकी जांच कर कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या प्रकरण में एक आरोपी व दो महिला अभियुक्त गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

अरौल। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना अरौल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दहेज हत्या से जुड़े मामले में पुलिस ने एक पुरुष आरोपी और दो महिला अभियुक्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी की कार्रवाई पुलिस उपायुक्त जोन पश्चिम, अपर पुलिस उपायुक्त जोन पश्चिम तथा सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना अरौल द्वारा गठित टीम ने की। जिसमें अरुण पुत्र रघुराज सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम तेजपुर, थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात व पिंकी पत्नी अरुण कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम तेजपुर, थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात तथा नीलम पुत्री पातीराम पत्नी रोहित उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम लक्ष्मणपुर, थाना ठठिया, जनपद कन्नौज को गिरफ्तार किया है। इन पर दहेज हत्या डीपी एक्ट में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि.विशाल कुमार शर्मा, थाना अरौल, उ.नि. चन्दन यादव, थाना अरौल, म.उ.नि. रिचा शर्मा, थाना अरौल।

गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने ठठिया बार्डर, ग्राम सिंघौली रोड से दबोचा।

तीनों को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु न्यायालय कानपुर देहात भेजा जा रहा है।

## दारानगर गांव पास दिखा बाघ, ग्रामीण वन विभाग की टीम से नाराज

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर। वन रेंज सीतापुर के दारानगर गांव के दक्षिण बाघ देखे जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही आधा सैकड़ा ग्रामीण लाठी डंडे से लैस होकर मौके पर पहुंच गए। मिली जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र पुत्र गौरी शंकर निवासी दारानगर अपने खेत पर दवा का छिड़काव करने गए हुए थे दवा छिड़कते हुए जब खेत की मेड पर पहुंचे तो देखा कि झाड़ियों में बाघ लेटा हुआ था जिसे देखकर सुरेन्द्र काफी डर गए और मौके से भाग खड़े हुए। गांव पहुंच कर खेत पर बाघ होने की सूचना गांव वालों को दी ।जब इसकी जानकारी गांव वालों को हुई तो आधा सैकड़ा ग्रामीण मौके पर लाठी डंडे से लैस होकर मौके पहुंचे तब बाघ वहां से जा चुका था ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति काफी नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीणों ने दावा किया है कि गांव के आस पास कई बार बाघ के पग चिन्ह भी मिल चुके हैं और कई बार वन विभाग को सूचना भी दी गई है बावजूद इसके वन विभाग इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस मामले में जब डिप्टी रेंजर मुशीर अहमद से बात की गई तो बताया कि अभी टीम भेजकर मौके पर दिखवाता हूं।

# तिनका तिनका शादी के लिये जोड़ जब पैसा निकालने गये तो निकला एक रूपये का बैलेंश

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

सिधौली। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे मोहल्ला तुलसी नगर में बेटी का विवाह तय हो चुका था, नवरात्र में गोद भराई की रस्म की तैयारी भी चल रही थीष् लेकिन अचानक परिवार की जमा-पूंजी पर संकट आ गया। परिवार ने आरोप लगाया है कि भारतीय स्टेट बैंक उपशाखा सिधौली के ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक ने लाखों रुपये हड़प लिए, जिससे अब बेटी की शादी और घर की खुशियां अधर में लटक गई हैं। कस्बा मोहल्ला तुलसीनगर निवासी पिंकी पुत्री मुन्ना ने बताया कि उनके खाते में पासबुक के अनुसार 2,63,633 रुपये जमा थे, लेकिन बैंक से रकम निकलवाने पर केवल 65,633 रुपये ही मिले। पीड़िता के भाई अंकित का कहना है कि उसकी पासबुक पर 2,76,386 रुपये दर्ज थे, जबकि बैंक बैलेंस में मात्र 1 रुपये निकला। मां गुड्डी के खाते में भी 3,03,978 रुपये दिखाए गए, लेकिन असल में सिर्फ




181ध् रुपये ही मौजूद पाए गए। वहीं भाभी राधा पत्नी राजेश कश्यप की पासबुक पर 25,000ध् रुपये दर्ज थे, जबकि खाते में केवल 15,000 रुपये मिले।परिवार का कहना है कि यह सारी रकम उन्होंने पिंकी के विवाह और उसकी रस्मों के लिए जोड़कर रखी थी। अब अचानक लाखों की रकम गायब हो जाने से शादी की तैयारियां संकट में पड़ गई हैं।पीड़ितों ने कोतवाली सिधौली में लिखित शिकायत देकर केन्द्र संचालक रोहिताश विक्रम सिंह पुत्र इन्द्र विक्रम सिंह निवासी मंहदौली- सुजौलिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल के जरिए भी न्याय की गुहार लगाई है। पूछे जाने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ितों द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है पूरे मामले की जांच कराई जा रही है सत्यता पाए जाने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लहरपुर प्रकरण में कार्यवाही नही हुई तो अधिवक्ता करेगे डीएम कार्यलय का घेराव

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

बार एसोसिएशन सीतापुर की आपात बैठक आज दिनांक 22.09.2025 को अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में एवं संयुक्त सचिव प्रशासन कौशलेन्द्र सिंह के संचालन में सम्पन्न हुयी आम सभा में तहसील लहरपुर बार एसोसिएशन द्वारा विगत एक माह से तहसील के राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध किये जा रहे संघर्ष को अपना समर्थन देने एवं विगत दिनों वाराणसी के अधिवक्ता शिवा प्रताप सिंह के साथ दरोगा द्वारा की गयी मारपीट एवं उसके बाद हुए अधिवक्ता पुलिस विवाद से उत्पन्न परिस्थितियों पर सदस्य अधिवक्तागण से विचार आमंत्रित किये गये।

जिस पर उपस्थित अधिवक्तागण की ओर से रखे गये प्रस्ताव के क्रम में निर्णय लिया गया कि लहरपुर प्रकरण में जिला प्रशासन की ओर से यथाशीघ्र कोई कार्यवाही न किये जाने पर जिले के सभी तहसील संघो के अधिवक्तागण को एक जुट करते हुए सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी के कार्यालय का घेराव किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया तथा उ0प्र0 में आये दिन अधिवक्ताओं पर हो रहे जान लेवा हमलो एवं हत्या आदि की घटनाओं को रोकने के लिये प्रस्तावित अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को पारित करने एवं वाराणसी के अधिवक्ता पुलिस विवाद में निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने तथा उत्तर प्रदेश मे पारदर्शी न्यायिक प्रक्रिया हेतु न्यायालय कक्षो में सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगवाये जाने की मांग किये जाने का निर्णय लिया गया।

सभा के उपरान्त अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी की अगुवायी में अधिवक्ताओ ने पुलिस प्रषासन के विरूद्व नारे बाजी करते हुये कलेक्ट्रेट पहुचे जहॉं पर लहरपुर प्रकरण मे जिलाधिकारी को सम्बोधित एवं अन्य मॉगो के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री उ0प्र0 को सम्बोधित मॉगपत्र अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक को सौप कर कार्यवाही की मॉग की इस अवसर पर उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार पाण्डेय, कौषलेन्द्र सिंह, बार एसोसिएषन लहरपुर के अध्यक्ष कमलेष कुमार वर्मा व महासचिव कृपा शंकर पाण्डेय, विनोद कुमार सिंह, सुधीर शर्मा, मो0 अमीन सिद्दीकी, मो0 सलीम, टीकाराम प्रजापति, दीपक श्रीवास्तव, शैलेन्द्र वर्मा, इषरत अली, अभय वर्मा, सीबू खान, पूर्व अध्यक्ष हरीष त्रिपाठी, रजी अहमद खॉ, सुधाकर मिश्रा, नीलम गोड़, प्रेम नरायण शुक्ल, विमल मोहन शुक्ला, अम्बरीष शुक्ल गिरीष चन्द्र मिश्र, संजय सिंह, अरविन्द मोहन, राम कृष्ण तिवारी, दिनेष चन्द्र शुक्ल सहित काफी संख्या मे अधिवक्तागण मौजूद रहें।

## जैन मंदिर की मुख्य सड़क पर अतिक्रमण हटाने के लिए दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के सामूहिक नेतृत्व में प्रेम नगर स्थित जैन मंदिर की मुख्य सड़क पर हुए अतिक्रमण व अन्य समस्या के निवारण की मांग को लेकर तीन सूत्रीय जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एस डी एम न्यायिक अभिनव यादव को सौपा। ज्ञापन में भारी संख्या में जैन समाज की महिलाए उपस्थित रही। ज्ञापन के प्रथम बिंदू में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने बताया कि मोहल्ला प्रेम नगर में प्राचीन जैन मंदिर है। जिसका मुख्य मार्ग गजानन्द काम्प्लेक्स के सामने से है। मुख्य मार्ग के शुरुआत में ही दुकानदारो ने दुकान लगा ली है, और उनके परिवारों के बच्चे उसी जगह खेलते और सड़क पर गन्दगी भी फैलाते है। मंदिर में आए दिन श्रदालु व जैन मुनि और साध्वी अपने सेवको के साथ आते रहते है अतिक्रमण होने से आवागमन की समस्या के साथ साथ सड़क पर हमेशा दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। ज्ञापन के दुसरे बिन्दु में प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी ने कहा कि जैन मंदिर की मुख्य मार्ग का नाला खुला एवं काफी गहरा है। जिससे दुर्गंध आती रहती है। सड़क सकरी होने से मंदिर में आने और जाने वाले वाहन को एक दूसरे को क्रॉस करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, कभी कभी स्थानीय लोग मंदिर के निकट अपनी चार पहिया वाहन पार्किंग कर देते है जिस कारण जाम की समस्या भी हो जाती है। तीसरे बिंदु में जैन समाज की सरिता जैन ने कहा कि जैन मंदिर की मुख्य मार्ग से मंदिर तक कोई स्ट्रीट लाइट नहीं लगी हुई है, और रात के समय सड़क पर काफी अँधेरा होता है। मंदिर में श्रदालु वाहनों के अतिरिक्त पैदल भी जाते है। जैन मंदिर की मुख्य मार्ग का नाला खुला एवं काफी गहरा है। कभी भी किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो सकती है। ज्ञापन के अंत में जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी एवं जैन समाज की महिलाओ ने आग्रह किया कि उपरोक्त समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र कराने हेतु संबंधित विभाग को आदेश पारित करने की मांग की है ज्ञापन के दौरान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी, प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, जिला उप सचिव डॉ विकास जैन, जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, अध्यक्ष विधि परामर्श केंद्र रेखा द्विवेदी,अध्यक्ष विधि सुभाष जैन आदि रहे।

## डी.एल.आर.ए.सी. की बैठक में लम्बित ऋण पत्रवलियों के निस्तारण के आदेश

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में इंडियन बैंक अग्रणी बैंक कक्ष की डी.एल.आर.सी. तथा आरसेटी की द्वितीय त्रैमास की डी0एल.आर.ए.सी. बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, एल.डी.ओ. आर.बी.आई., डी.डी.एम. नाबार्ड, एल.डी.एम.,डी.सी.एन.आर.एल.एम. , उपायुक्त उद्योग एवं सभी बैंकों के समन्वयक व अधिकारीगण उपस्थित रहे ।बैठक में माननीय जिलाधिकारी महोदय नें सभी बैंकों को निर्देशित किया कि सी0डी0 रेशियों 65 प्रतिशत से ऊपर रखना सुनिश्चित करें एवं सीएम युवा उद्यमी, ओ.डी.ओ.पी., एम.एम.एफ.एम.ई., सी.सी.सी. एवं अन्य योजनाओं में लम्बित आवेदनों को तुरन्त स्वीकृत करनें के निर्देश दिये। एल.डी.एम. ने सभी बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि आपकी शाखाओ से जो भी ऋण पत्रावली लम्बित है, उनका शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय ने आरसेटी की कार्यप्रगति तथा बी.पी.एल. लाभार्थियों के लम्बित भुगतान पर चर्चा की एवं डी.सी. एन.आर.एल.एम. को लम्बित भुगतान कराने को निर्देशित किया।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अवैध धर्मांतरण पर राजस्थान का ऐतिहासिक कानून

**धर्माचार्यों को भी दो महीने पूर्व नोटिस देना होगा। इस पारदर्शिता से प्रशासन को पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखने में आसानी होगी। वहीं, 'घर वापसी' यानी पूर्वजों के धर्म में लौटने को धर्मांतरण नहीं माना जाएगा। इससे समाज में भ्रम और विवाद की स्थितियों को रोका जा सकेगा। सभी अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती घोषित किया गया है। इसका अर्थ है कि पुलिस बिना वारंट के गिरफ्तारी कर सकती है और अदालत से आसानी से जमानत नहीं मिलेगी। यह सख्ती विधेयक को प्रभावी बनाने में निर्णायक सिद्ध होगी।**

*राजस्थान विधानसभा में पारित राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 को समाज के व्यापक वर्गों ने स्वागत योग्य और ऐतिहासिक बताया है। यह विधेयक न केवल अवैध धर्मांतरण पर सख्त अंकुश लगाने वाला है, बल्कि भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता की रक्षा का सशक्त साधन भी बनेगा। लंबे समय से समाज में यह मांग उठ रही थी कि धर्म की स्वतंत्रता के नाम पर चल रहे सुनियोजित षड्यंत्रों पर लगाम कसने के लिए कठोर कानून बनाया जाए। राजस्थान ने इस दिशा में जो कदम उठाया है, वह देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक मिसाल बनेगा। भारत एक लोकतांत्रिक और पंथ निरपेक्ष राष्ट्र है। यहाँ हर नागरिक को अपनी आस्था और पूजा-पद्धति का पालन करने की स्वतंत्रता है। किंतु यह स्वतंत्रता तभी तक सार्थक है जब तक इसका दुरुपयोग न हो। विगत कुछ दशकों में कई बार यह देखने को मिला कि समाज के वंचित वर्गों विशेषकर नाबालिगों, महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति और गरीबों को लालच, प्रलोभन, छल या दबाव के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए विवश किया गया। कट्टरपंथी इस्लाम और ईसाइयत इसके केंद्र में है, ये आरोप और साक्ष्य बार-बार सामने आते रहे हैं। वहीं, विदेशी फंडिंग से चलने वाले संगठनों पर भी ऐसी गतिविधियों के आरोप लगते रहे हैं। राजस्थान जैसे सीमावर्ती और जनजातीय इलाकों वाले राज्यों में यह समस्या और अधिक गंभीर रूप ले चुकी थी। परिणामस्वरूप जनभावनाएँ बार-बार कठोर कानून की मांग कर रही थीं। फरवरी 2025 में प्रस्तुत प्रारंभिक विधेयक की तुलना में वर्तमान संस्करण कहीं अधिक कठोर और प्रभावी है। इस विधेयक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें धर्मांतरण कराने वालों को अब हल्की सजाओं के बजाय कठोरतम दंड भुगतना होगा। जबरन, धोखे या लालच से कराए गए धर्मांतरण पर अब सात से चौदह वर्ष तक की कैद और पाँच लाख रुपये तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है। नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति/जनजाति और दिव्यांगजनों का धर्मांतरण कराने पर दस से बीस वर्ष की कैद और दस लाख रुपये तक का दंड विधान है। सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में तो बीस वर्ष से आजीवन कारावास तथा न्यूनतम पच्चीस लाख रुपये का दंड अनिवार्य होगा। विदेशी फंडिंग से कराए गए धर्मांतरण पर भी दोषी को दस से बीस वर्ष की सजा और बीस लाख रुपये तक का दंड भुगतना होगा। सबसे कठोर प्रावधान पुनरावृत्ति के मामलों में है। यदि कोई अपराधी बार-बार धर्मांतरण की साजि?श करता पकड़ा गया तो उसे आजीवन कारावास और पचास लाख रुपये तक का दंड भोगना होगा। स्पष्ट है कि अब अवैध धर्मांतरण करने वालों के लिए बच निकलने की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी। विधेयक में विवाह के माध्यम से किए गए धर्मांतरण को भी अवैध घोषित किया गया है। सामान्य तैर पर यह देखा जाता है कि विवाह को साधन बनाकर धर्मांतरण कराए जाते हैं। यह प्रावधान ऐसे प्रपंचों को रोकने में सहायक होगा। साथ ही धर्मांतरण कराने वाली संस्थाओं की संपत्ति जब्त करने और आवश्यक होने पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करने का भी प्रावधान पहली बार जोड़ा गया है। यह कदम अपराधियों में भय पैदा करेगा और संगठित षड्यंत्रों की जड़ें काट देगा। विधेयक के अनुसार धर्म परिवर्तन करने से पूर्व व्यक्ति को 90 दिन पहले जिला कलेक्टर या एडीएम को सूचना देना अनिवार्य होगा।*

### एक्सप्रेस आलेख

**यह सच है कि लोकतंत्र में सत्ता का दायित्व है कि वह नीति बनाए और उसे लागू करे, किंतु इसके साथ विपक्ष का दायित्व भी यहां तक है, वह यह कि सरकार के कामकाज को परखे, गलतियों की ओर ध्यान दिलाए और जनता को सही जानकारी दे। यदि विपक्ष केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तक सीमित हो जाए और रचनात्मक भूमिका न निभाए, तो लोकतंत्र का संतुलन टूटता है। आज राहुल गांधी का हालिया बयान इसी टूटते हुए संतुलन की चिंता को और गहरा कर रहा है। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि विपक्ष का नेता होने के नाते उन्हें न केवल सरकार की आलोचना करनी है, बल्कि इससे कहीं अधिक देश के विकास से संबंधित ठोस समाधान भी प्रस्तुत करना हैं।**

# राहुल गांधी का बयान लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी से उन्हें मुक्त करता है



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**लोकतंत्र की रक्षा केवल राजनीतिक नारे तक ही नहीं है, वह संवैधानिक और नैतिक दायित्व है, जिसे टाला नहीं जा सकता। इसलिए लोकतंत्र को बचाना सभी नागरिकों का काम है, लेकिन उसे सही दिशा देना और जनता को यह विश्वास दिलाना कि उसकी आवाज सुनी जा रही है, यह काम सबसे पहले विपक्ष के नेता का ही होता है। राहुल गांधी का हालिया बयान इस जिम्मेदारी से भागने वाला नजर आ रहा है।**

भारतीय लोकतंत्र को लेकर हाल ही में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का यह कहना कि ÷लोकतंत्र बचाना मेरा काम नहीं÷ पूरे राजनीतिक विमर्श में हलचल पैदा कर गया है। यह बयान केवल विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रहनेवाला नहीं है, यह आज आम नागरिकों के मन में भी गहरे सवाल छोड़ता है। लोकतंत्र केवल चुनाव लड़ने और सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं है, यह एक सतत जिम्मेदारी है, जिसमें सत्ता और विपक्ष दोनों बराबर भागीदार होते हैं। यदि विपक्ष का सबसे बड़ा चेहरा ही यह कह दे कि लोकतंत्र को बचाना उसका काम नहीं, तो यह न केवल उसकी भूमिका पर प्रश्नचिह्न लगाता है बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे की गंभीरता पर भी संदेह पैदा करता है। कहना होगा कि विपक्ष का काम केवल सरकार की आलोचना करना या विरोध प्रदर्शन करना भर नहीं है। इसके पीछे संवैधानिक जिम्मेदारी निहित है कि वह जनता की आवाज बने, लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सजग रहे और संसद में सरकार के फैसलों पर ठोस बहस करे। राहुल गांधी ने हालिया कर्नाटक विधानसभा चुनावों के संदर्भ में जब यह आरोप लगाया कि चुनाव आयोग में 'भेदियों' की भरमार है और लोकतंत्र खतरे में है, तब यह अपेक्षा की जाती थी कि वे इस मुद्दे को कानूनी और संवैधानिक रास्तों से उठाएँगे। किंतु न्यायालय या चुनाव आयोग का रुख न अपनाकर उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि लोकतंत्र बचाना उनका काम नहीं है और उनका काम केवल सरकार पर दबाव डालना है। क्या उनका यह दृष्टिकोण सही है? उन्हें न सही कांग्रेस पार्टी के अन्य नेताओं को भी नहीं लगता कि राहुल की ये सोच राजनीतिक दृष्टि से संकीर्ण होने के साथ ही संवैधानिक सजगता की कमी भी उजागर करती है? भारतीय लोकतंत्र के आपातकाल के दौर को देखिए इंदिरा गांधी की सत्ता के विरुद्ध जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी और अन्य विपक्षी नेताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, उसने लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के विश्वास को और गहरा किया। अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज जब विपक्ष में थे, तब वे अपनी तेजतर्रार आलोचना और गंभीर बहसों के लिए जाने जाते थे। वे सत्ता से असहमति रखते हुए भी लोकतंत्र की गरिमा को कभी कम नहीं करते थे। लेकिन आज राहुल गांधी क्या कर रहे हैं। वास्तव में यही अपेक्षा नेता प्रतिपक्ष से है कि वे लोकतंत्र को न केवल भाषणों में बल्कि अपने आचरण से भी मजबूत करें। राहुल गांधी की राजनीतिक शैली में अक्सर यह देखने को मिला है कि वे संसद से अधिक सड़क पर सक्रिय रहते हैं। वे बेरोजगारी, महंगाई, किसानों और युवाओं के मुद्दों को बार-बार उठाते हैं, लेकिन इन मुद्दों पर



**न्यायपालिका, मीडिया और जनता के साथ-साथ विपक्ष इसका अभिन्न हिस्सा है। जब विपक्ष का सबसे बड़ा नेता यह जिम्मेदारी अपने कंधों से उतार देता है और उसे युवाओं या जनता पर डाल देता है, तो लोकतंत्र के प्रहरी की जगह खाली हो जाती है। राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि देश के युवा और जनरेशन-जेड लोकतंत्र बचाएँगे। निस्संदेह युवा किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं, लेकिन क्या केवल युवाओं पर यह जिम्मेदारी डालकर नेता प्रतिपक्ष स्वयं को मुक्त कर सकते हैं?**

वैकल्पिक दृष्टिकोण या ठोस नीति पेश करने से चूक जाते हैं। जबकि नेता प्रतिपक्ष का पद केवल आलोचना नहीं बल्कि विकल्प प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी भी मांगता है। इस पृष्ठभूमि में उनका यह कहना कि लोकतंत्र बचाना उनका काम नहीं, उनकी राजनीतिक गंभीरता को और कमजोर करता है। क्या उन्हें ये भान नहीं होना चाहिए कि लोकतंत्र कोई स्वतः जीवित रहने वाली व्यवस्था नहीं है? यह निरंतर सजगता, संघर्ष और संस्थागत मजबूती से चलता है। न्यायपालिका, मीडिया और जनता के साथ-साथ विपक्ष इसका अभिन्न हिस्सा है। जब विपक्ष का सबसे बड़ा नेता यह जिम्मेदारी अपने कंधों से उतार देता है और उसे युवाओं या जनता पर डाल देता है, तो लोकतंत्र के प्रहरी की जगह खाली हो जाती है। राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि देश के युवा और जनरेशन-जेड लोकतंत्र बचाएँगे। निस्संदेह युवा किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं, लेकिन क्या केवल युवाओं पर यह जिम्मेदारी डालकर नेता प्रतिपक्ष स्वयं को मुक्त कर सकते हैं? नेता का काम युवाओं को नेतृत्व देना है, उन्हें दिशा दिखाना है, न कि अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटकर उन्हें सत्ता से लड़ाने-भिड़ाने के लिए छोड़ देना! उनके इस बयान के बाद यदि भारतीय जनता पार्टी और सत्ता पक्ष ये कहें कि कांग्रेस देश को अस्थिर करना चाहती है और भारत को नेपाल या बांग्लादेश जैसी स्थिति में ले जाना चाहती है तो वे क्या गलत कह रहे हैं? यह आरोप राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा भर नहीं हैं। आज आम जनता के मन में भी यह सवाल उठने लगा है कि यदि विपक्ष का सबसे बड़ा चेहरा ही लोकतंत्र की रक्षा को अपना काम नहीं मानता, तो फिर लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखने की जिम्मेदारी किस पर है। यह सच है कि लोकतंत्र में सत्ता का दायित्व है कि वह नीति बनाए और उसे लागू करे, किंतु इसके साथ विपक्ष का दायित्व भी यहां तक है, वह यह कि सरकार के कामकाज को परखे, गलतियों की ओर ध्यान दिलाए और जनता को सही जानकारी दे। यदि विपक्ष केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तक सीमित हो जाए और रचनात्मक भूमिका न निभाए, तो लोकतंत्र का संतुलन टूटता है। आज राहुल गांधी का हालिया बयान इसी टूटते हुए संतुलन की चिंता को और गहरा कर रहा है। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि विपक्ष का नेता होने के नाते उन्हें न केवल सरकार की आलोचना करनी है, बल्कि इससे कहीं अधिक देश के विकास से संबंधित ठोस समाधान भी प्रस्तुत करना हैं। क्योंकि लोकतंत्र की रक्षा केवल राजनीतिक नारे तक ही नहीं है, वह संवैधानिक और नैतिक दायित्व है, जिसे टाला नहीं जा सकता। इसलिए लोकतंत्र को बचाना सभी नागरिकों का काम है, लेकिन उसे सही दिशा देना और जनता को यह विश्वास दिलाना कि उसकी आवाज सुनी जा रही है, यह काम सबसे पहले विपक्ष के नेता का ही होता है।





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 28:51 तक |
| नक्षत्रः | हस्त 13:36 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | ब्रह्मा, 20:15 तक |
| सूर्योदयः | 06:13 |
| सूर्यास्तः | 18:12 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 15:13-16:42 |
| विक्रमी संवत् | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | अश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:49-12:37 |

## जन एक्सप्रेस

### ठोस रहे रणनीति !

*कम ना हो रौनक ।*
*गिरे ना बाजार ।।*
*चले कुछ प्रयास ।*
*जो सबका अधिकार ।।*
*बाहर से दबाव ।*
*आना धमकी जारी ।।*
*ठोस रहे रणनीति ।*
*बड़ी कुछ तैयारी ।।*
*संतुलन और धैर्य से ।*
*है अब चमत्कार ।।*
*अपनाना स्वदेशी ही ।*
*है बड़ा हथियार ।।*
*जो अभी चिल्ला रहे ।*
*होंगे भी खामोश ।।*
*होगा धराशायी ।*
*जल्द उनका जोश ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# तुलसी के बीज और कलौंजी, सेहत के लिए गजब का कॉम्बिनेशन

**तुलसी** अपने आयुर्वेदिक गुणों के लिए काफी इस्तेमाल की जाती है तो कलौंजी उन जादुई दानों में से एक है जो कि आपके खाने का स्वाद और गुण बढ़ा सकती है। इन दोनों का ही पारंपरिक भारतीय और आयुर्वेदिक प्रथाओं में अपने औषधीय गुणों के कारण इस्तेमाल होता रहा है। आमतौर पर इन दोनों को अलग-अलग कारणों से लोग सेवन करते हैं लेकिन कुछ स्थिति में इन दोनों को एक साथ मिलाकर लेना फायदेमंद हो सकता है। तुलसी के बीज, जिन्हें सब्जा बीज भी कहते हैं, फाइबर, एंटीऑक्सिडेंट, और मिनरल्स से भरपूर होते हैं जो कि शरीर में फैट कटर की तरह काम करते हैं। जब आप इन्हें कलौंजी के बीजों के साथ मिलाकर लेते हैं तो इसका इसके लाभ बढ़ जाते हैं।



**तुलसी के बीज और कलौंजी के फायदे:** रामहंस चेरिटेबल हॉस्पिटल के आयुर्वेदिक डॉक्टर श्रेय शर्मा बताते हैं कि तुलसी और कलौंजी के बीजों का एक साथ खाना पाचन में सुधार, वजन प्रबंधन में सहायता, ब्लड शुगर नियंत्रण, और त्वचा व बालों के लिए फायदेमंद हो सकता है। दरअसल, तुलसी के बीज ठंडे होते हैं और गर्मी में शरीर को ठंडक देते हैं तो कलौंजी एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है जो कि शरीर में सूजम कम करने में मदद कर सकते हैं। जब आप इन दोनों का सेवन करते हैं तो आपको कई प्रकार के फायदे देखने को मिल सकते हैं। तुलसी और कलौंजी के बीजों का एक साथ सेवन आंतों की गति को तेज करने के साथ मेटाबॉलिक रेट बढ़ाने में मदद कर सकता है। इन दोनों बीजों को भिगोकर खाने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है और शरीर में जमा अतिरिक्त अनहेल्दी फैट को कम करने में ये मददगार है। तुलसी अपने एडाप्टोजेनिक गुणों के लिए जानी जाती है और कलौंजी में रोगाणुरोधी प्रभाव होते हैं और दोनों मिलकर शरीर कीइम्यूनिटी बढ़ा सकते हैं। तुलसी और कलौंजी के बीजों को एक साथ खाना शरीर में सूजन कम करने के साथ श्वसन संबंधी समस्याओं में कमी ला सकता है। कलौंजी के बीजों में थाइमोक्विनोन होता है, जिसमें सूजन-रोधी गुण होते हैं। तुलसी भी एंटी इंफ्लेमेटरी है और दोनों का एक साथ खाना जोड़ों में दर्द की समस्या को कम करने में मदद कर सकता है।

**कैसे करें तुलसी और कलौंजी के बीजों का सेवन:** तुलसी 1 चम्मच और कलौंजी 1 चम्मच, रात भर पानी में भिगो दें। सुबह पानी पिएं और बीजों को खा जाएं। आप इन दोनों का पाउडर बनाकर स्मूदी में मिलाकर पी सकते हैं। आप सुबह इनका सेवन कर सकते हैं जिससे आपका डाइजेशन बेहतर हो सकता है। भोजन के साथ या पहले सेवन करने से पाचन में मदद मिल सकती है। ध्यान दें कि इन बीजों से किसी भी प्रकार की एलर्जी हो तो जांच करवाएं। सेवन करने से पहले किसी एक्सपर्ट से सलाह लें और गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही हैं तो इसके इस्तेमाल से बचें। अगर आप कोई दवा ले रहे हैं, तो अपने डॉक्टर से बात करके ही इसका सेवन करें।

### एक्सप्रेस विशेष

# नवरात्रि मतलब नौ दिवसीय अन्तर्मन की यात्रा



रमा निवास तिवारी

**समाज में फैले विकारों के उन्मूलन हेतु पवित्र विचारों की सृष्टि का निर्माण इस पर्व पर होता है। आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो जायेगा।माँ दुर्गा के एक एक स्वरूप की हर दिन पूजा अर्चना का विधान है।**

**शारदीय** नवरात्रि 22सितम्बर से आरम्भ हो गए हैं। मां दुर्गा की उपासना का यह पर्व देश भर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। मातृशक्ति को समर्पित इस पर्व में जनजीवन में ऊर्जा की स्थापना होती है। समय निकाल कर लोग मां के चरणों में बैठते हैं तो मां भी उनकी झोली खुशियों से भरने में देर नही लगाती हैं। माँ दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा के द्वारा शक्ति की याचना की जाती है। समाज में फैले विकारों के उन्मूलन हेतु पवित्र विचारों की सृष्टि का निर्माण इस पर्व पर होता है। आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो जायेगा।माँ दुर्गा के एक एक स्वरूप की हर दिन पूजा अर्चना का विधान है। यं यं चिन्तयति कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम्-ऐसा श्लोक दुर्गा सप्तशती में आता है जिसका अर्थ है कि माँ की उपासना उनके भक्तों की सभी इच्छायें पूरी कर देती है। देवीभागवत में एक प्रसंग आता है जिसमें माँ भगवती भगवान श्री कृष्ण के ऊपर आये संकट को टालती हैं। बात उस समय की है जब भगवान कृष्ण द्वारिकाधीश हुए,उनके राज्य में सतराजीत नाम का एक व्यक्ति था जो सूर्य जी का उपासक था।सूर्य देव ने उसकी पूजा से प्रसन्न होकर उसे स्यामंतक नाम की मणि भेंट की जो रोज स्वर्ण मुद्राओं को देने वाली थी। जब कृष्ण को इस बात की खबर लगी

**दुर्गा पूजा के बहाने ही सही नारी सम्मान की अवधारणा की एक लकीर भी स्वत खिंचती दिखाई देती है। दुर्गा पूजा समाज को नारी शक्ति का एहसास भी कराती है। नवरात्रि पर्व केवल आध्यात्मिक अर्थों में ही सीमित नही रह जाता बल्कि सामाजिक स्तर पर वह व्यक्ति व्यक्ति के अन्तर्मन की नौदिवसीय यात्रा है जिसमें उसके जीवन की मलिनता का परिष्करण एक एक दिन करके होती है।**




तो उन्होंने सतराजीत से वह मणि यह कहकर मांगी कि इस मणि की उसे क्या आवश्यकता है यह मणि राजा के पास रहेगी तो राजकोष समृद्ध होगा।लेकिन सतराजीत ने भगवान श्री कृष्ण को स्यामंतक मणि देने से इंकार कर दिया,कथा आती है कि उसी के बाद एक दिन अचानक सतराजीत का मृत शरीर जंगल में प्राप्त हुआ और स्यामंतक मणि का कोई अता पता नही लग रहा था। लोगों में यह बात फैल गई कि मणि को जबरन प्राप्त करने के लिए कृष्ण जी ने सतराजीत को मार दिया होगा और मणि स्वयं रख ली होगी। सच्चाई का पता लगाने के लिए कृष्ण जंगल की ओर प्रस्थान कर गए। कुछ दिन जब वापस नही लौटे तो वसुदेव ने मां भगवती की विशेष पूजा की और भगवान कृष्ण जी जंगल से सकुशल मां भवानी की कृपा से आ गये और मणि की चोरी का लांछन भी उनके ऊपर से हट गया। हम जीवों की कोई क्या कहे मां की करुणा तो देवताओं का भी उद्धार करती रही है। महिषासुर और शुम्भ निशुम्भ जैसे दुर्दांत दैत्यों का विनाश करने वाली भगवती की कृपा उनके भक्तों के सभी आदिदैविक, आदिभौतिक और आदिदैविक कष्टों का निवारण कर देती है। माँ की कृपा, करुणा अपरम्पार है। नवरात्रि के पावन अवसर पर माता के चरणों में अपना सुख दुःख निवेदित करने को माता के भक्त तैयार हैं। गाँव-गाँव शहर शहर माता की सुन्दर झांकियों के पाण्डाल सजाये जा रहे हैं जहां नवरात्रि भर माँ की ममता भरी छांव में भजन कीर्तन और स्तवन का क्रम चलता रहेगा। बालिकाओं को माता के रुपों में देखने की दृष्टि भी नवरात्रि के पर्व पर समाज को मिलती है। दुर्गा पूजा के बहाने ही सही नारी सम्मान की अवधारणा की एक लकीर भी स्वत खिंचती दिखाई देती है। दुर्गा पूजा समाज को नारी शक्ति का एहसास भी कराती है।नवरात्रि पर्व केवल आध्यात्मिक अर्थों में ही सीमित नही रह जाता बल्कि सामाजिक स्तर पर वह व्यक्ति व्यक्ति के अन्तर्मन की नौदिवसीय यात्रा है जिसमें उसके जीवन की मलिनता का परिष्करण एक एक दिन करके होती है और नौदिवसीय इस मानसिक विकारों के शोधन के उपरांत जब अंतस में सद्गुणों का प्रादुर्भाव हो जाता है तो विजयादशमी के दिन अज्ञानता और अवगुणों का रावण मारा जाता है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय और सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

- बैंकों को योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर खाताधारकों को लाभान्वित करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक गाँधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बैंकों द्वारा ऋण जमा अनुपात, विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति और योजनाओं के प्रचार प्रसार पर विशेष ध्यान दिया गया।

### बैंकों का ऋण जमा अनुपात एवं योजनाओं की समीक्षा

जिलाधिकारी ने बैठक में ऋण जमा अनुपात की बैंकवार समीक्षा की और जिन बैंकों का अनुपात आरबीआई के मानक से कम था, उनके जिला समन्वयकों को निर्देश दिये कि वे इसे मानक के अनुरूप लाएं। इसके साथ ही वार्षिक ऋण योजना के तिमाहीवार लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री युवा उद्यमी योजना और कृषि आधारभूत संरचना निधि जैसी योजनाओं की बैंकवार समीक्षा की गई।

### प्रधानमंत्री सुरक्षा और जीवन ज्योति बीमा योजनाओं का प्रचार

बैठक में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का आमजन को अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये गए। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 18 से 70 वर्ष के बैंक खाताधारक 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा कर 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा पा सकते हैं। इसके अंतर्गत विकलांगता के मामलों में भी बीमा राशि पॉलिसी धारक को दी जाएगी। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 18 से 50 वर्ष तक के बचत बैंक खाताधारक 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का बीमा प्राप्त करेंगे। पॉलिसी धारक की किसी भी प्रकार की मृत्यु के बाद बीमा राशि उनके परिजनों को प्रदान की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, एलडीएम, डी0डी0एम0 नाबार्ड, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण और समस्त बैंक समन्वयक उपस्थित रहे।

### प्रेषित ऋण पत्रावलियों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण

जिलाधिकारी ने सभी बैंक समन्वयकों को निर्देश दिये कि वे अपनी शाखा प्रबंधकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित प्रेषित ऋण पत्रावलियों का समय पर एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु निर्देशित करें। साथ ही निरस्त किए गए ऋण पत्रावलियों को भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

### गैर निष्पादित आस्तियों की वसूली और स्वयं सहायता समूह

बैठक में बैंकों की बढ़ती गैर निष्पादित आस्तियों की वसूली पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने एनआरएलएम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के खाते खोलने के निर्देश दिये और कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

### आईजीआरएस पोर्टल शिकायतों का त्वरित निस्तारण

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।

# पूरनपुर से पंजाब, जम्मू और राजस्थान के लिए सीधे ट्रेन चलाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



पूरनपुर स्टेशन से ब्रॉड गेज ट्रेनों का संचालन तो शुरू कर दिया गया है लेकिन लंबे रूट की ट्रेन न चलने और संचालित ट्रेनों का समय सही न होने से यात्रियों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। सोमवार को माहौर वैश्य समाज के अध्यक्ष अनूप गुप्ता के नेतृत्व में समाज के लोगों ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया मीटर गेज रेल प्रखंड पर 11 जोड़ी ट्रेनों का संचालन किया जा रहा था जिसका यात्रियों को भरपूर लाभ मिलता था। अब ब्रॉड गेज रूट पर सीमित ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इससे यात्रियों को सड़क मार्ग के माध्यम से समय और धन खर्च करना पड़ता है। इस असुविधा से मरीज, किसान, व्यापारी, अधिवक्ता, विद्यार्थी आदि सभी वर्ग परेशान है। माहौर वैश्य समाज ने सुबह मैलानी से पीलीभीत संचालित होने वाली ट्रेन का समय सुबह 7 बजे करने और गोरखपुर से पीलीभीत तक दोपहर जाने वाली ट्रेन को बरेली तक संचालित किए जाने की मांग रखी। ज्ञापन में कहा गया कि लखनऊ से हरदोई, शाहजहांपुर रूट पर यात्री गाड़ियों की संख्या काफी है। इस रूट की 8 से 10 ट्रेनों का संचालन सीतापुर, मैलानी पूरनपुर पीलीभीत बरेली होकर पंजाब जम्मू, देहरादून राजस्थान महाराष्ट्र के लिए किया जाए। इससे बंगाली और सिख बाहुल्य क्षेत्र को रेल सुविधा का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा पूरनपुर को उत्तराखंड से जोड़ने वाले माधो टांडा रेलवे फाटक और नेपाल से सड़क मार्ग से जोड़ने वाले शेरपुर रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनवाने की मांग व्यापारियों ने की। ज्ञापन में लखनऊ और बरेली आने जाने के लिए दो एक्सप्रेस और दो पैसेंजर ट्रेन का संचालन करने की मांग भी रखी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष अनूप गुप्ता, विकास गुप्ता आशीष गुप्ता, संजय गुप्ता, राजेश गुप्ता, नवनीत गुप्ता, इंद्रेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# श्री राम वनगमन लीला का भव्य मंचन, घन्नई तालाब से चित्रकूट तक भक्तों की उमड़ी भीड़

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

आज स्थानीय परमठ मंदिर पर श्री रामलीला महोत्सव संचालन समिति द्वारा श्री राम वनगमन लीला का सजीव एवं मनमोहक मंचन किया गया। राम विवाह के पश्चात अयोध्या से वन गमन की कथा को दर्शाते हुए आज की लीला में महाराज दशरथ, रानी कैकेयी, भरत, लक्ष्मण, सीता सहित अन्य पात्रों का मंचन हुआ।

### महाराज दशरथ का राज्याभिषेक निर्णय और राम का वनवास

आज की लीला में दिखाया गया कि महाराज दशरथ राजकाज से थक कर कुलगुरु वशिष्ठ से राम का राज्याभिषेक कराने की इच्छा व्यक्त करते हैं। अयोध्या में यह शुभ समाचार फैलते ही नगरवासी प्रसन्नता से झूम उठते हैं। परंतु रानी कैकेयी की दासी मंथरा ने उसे कुटिल नीति के तहत समझाते हुए भरत को राजा बनाने तथा राम को चौदह वर्ष का वनवास देने की माँग कर दी। महाराज दशरथ इस नीति के प्रभाव से बदहवास होकर गिर पड़ते हैं। इसके पश्चात प्रभु राम, लक्ष्मण और माता सीता वनवासी वस्त्र पहनकर वन को प्रस्थान करते हैं।

### घन्नई तालाब से चित्रकूट तक रोमांचक गमन यात्रा

राम, लक्ष्मण और सीता ने घन्नई तालाब (एकता सरोवर) पर केवट की सहायता से नाव पार की और पैदल लक्ष्मणगढ़ी, दूधिया मंदिर, लेखराज चौराहा, काला मंदिर, नई बस्ती चौराहा, रामा कॉलेज होते हुए चित्रकूट विश्राम स्थल पर पहुँचकर विश्राम किया। इस ऐतिहासिक घन्नई लीला को देखने के लिए हजारों भक्त उपस्थित हुए।

### शहर की सजावट और भक्तों की भावपूर्ण उपस्थिति

लेखराज चौराहा से नई बस्ती चौराहा तक पर्णद्वार और दीपद्वार सजाए गए थे। राम राज्याभिषेक की तैयारियों के बीच प्रभु वन गमन करते हुए भक्तों के हृदयों में भक्ति और उल्लास का संचार कर रहे थे।

### मुख्य उपस्थित पदाधिकारी और लीला का संचालन

आज की लीला में महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, केशव सक्सेना, अंकुर गुप्ता, राकेश लोधी, भीम सिंह चौहान, रमाकांत पांडेय, नरेश शुक्ला, प्रेम सिंह, अमरीश शर्मा, संजीव मिश्रा, सुधीर पाल सिंह, विकास पाल सिंह, अंशुमान मिश्र, अमिताभ त्रिपाठी, महेंद्र गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, विश्वास प्रकाश सक्सेना, संजीव मोहन अग्रवाल, निखिल मिश्रा, आयुष सक्सेना, अवनीश शर्मा, प्रदीप शर्मा, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा, अमित जौहरी, आकाश कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे। लीला का संचालन संजय पांडेय एवं सोमनाथ सप्रे ने किया। रामचरितमानस चौपाइयों का गायन रामायणी निशांत तिवारी, अंकुर मिश्रा तथा ओमकार सिंह यादव ने किया।

# उपभोक्ताओं के उखड़ेंगे मीटर कई बार जारी किया गया नोटिस

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

> पचास हजार से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं को कई नोटिस दिए गए लेकिन उन्होंने बकाया जमा नहीं किया। उनका डिस्कनेक्शन कर मीटर उखाड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
>
> **मोहित गुप्ता, एसडीओ**

बिजली से कमाई करने वाले दो सौ अधिक उपभोक्ता विभाग का लाखों का बिल दबाए बैठे हैं। नोटिस देने के बाद भी उपभोक्ताओं ने बिल चुकता नहीं किया।

पचास हजार से अधिक बकाया वाले व्यावसायिक और घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली से वंचित कर उनके मीटर उखाड़े जाएंगे।नगर में लगभग 18000 बिजली उपभोक्ता है इन उपभोक्ताओं को चार सीटों से बिजली की सप्लाई दी जा रही है। बिजली विभाग के सर चार्ज माफी और जागरूकता अभियान चलाने के बाद भी सैकड़ो उपभोक्ता ऐसे हैं जिन पर 50000 से अधिक का बिजली बिल बकाया है।

विभाग ने उन्हें हर महीने भेजे जाने वाले बिल के साथ डिस्कनेक्शन नोटिस भी जारी किया लेकिन उन पर जूं नहीं रेंगी। नगर में लगभग साढ़े तीन सौ उपभोक्ता ऐसे हैं जिन पर पचास हजार से अधिक का बिल बकाया है। इनमें 200 उपभोक्ता व्यवसायिक हैं और 150 घरेलू उपभोक्ता। व्यावसायिक उपभोक्ता बिजली सप्लाई से कमाई भी कर रहे हैं लेकिन उन्होंने बिजली विभाग का बकाया जमा नहीं किया। बिजली विभाग अब 50000 से अधिक बकाल वाले उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई से वंचित करेगा इसके साथ ही उनकी दुकान और घरों पर लगे मीटर भी उखड़े जाएंगे। इसकी प्रक्रिया विभाग ने शुरू कर दी है। लगभग सात उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के बाद उनके मी भी उखाड़ लिए गए इससे खलबली मच गई।

हालांकि विभाग की इस कार्रवाई के बाद कई उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा करना शुरू कर दिया है।

# शिव मंदिर कॉरिडोर के लिए खोदाई में मिली सुरंग, देखने वालों का लगा हुजूम



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

गोला नगर में निर्माणाधीन शिव मंदिर कॉरिडोर में परिक्रमा पथ निर्माण के लिए नींव की खोदाई की गई तो लोग हैरत में पड़ गए।सोमवार को खोदाई के दौरान धरातल से करीब छह फीट गहराई में गोलाकार आकृति में सुरंगनुमा अवशेष मिले हैं। जानकारी होने पर इसे देखने के लिए आसपास के लोग आने जाने लगे। कुछ ही देर में सुरंग मिलने की चर्चा आम जनमानस और सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो के साथ वायरल होने लगी। जानकारी करने पर शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने बताया कि उन्होंने अपने बचपन में देखा है कि तीर्थ कुंड में एक ओर से अल्पिका नहर के माध्यम से जल भरने की व्यवस्था और दूसरी ओर से तीर्थ के गंदे जल निकालने की व्यवस्था थी। हो सकता है कि तीर्थ कुंड में जल भरने के लिए नहर से तीर्थ तक पुराने नाले के अवशेष हों, लेकिन सुरंग होने का कोई औचित्य नहीं है। वहीं कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के जेई नितिन सिंह ने बताया कि जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। इस मामले में मंदिर कमेटी अध्यक्ष और अन्य लोगों से भी जानकारी की गई है।

### धार्मिक फ्लेक्स लेकर प्रदर्शन करने वाले के घर पहुंची पुलिस

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** एक सभासद ने धार्मिक फ्लेक्स लेकर कस्बे में कई स्थानों पर प्रदर्शन किया। बिना अनुमति जुलूस निकाला। जानकारी लगते ही पुलिस सभासद के घर पहुंच गई और पूछताछ की। रविवार को एक नगरपालिका सभासद ने कानपुर मामले को लेकर कस्बे में कई स्थानों पर प्रदर्शन किया। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इसमें वार्ड मेंबर सहित अन्य लोग कार के ऊपर खड़े होकर धार्मिक फ्लैक्स के साथ प्रदर्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा धार्मिक स्थल के बाहर और जुलूस निकालकर भी प्रदर्शन किया गया। इसमें वार्ड मेंबर अगुआई करते हुए नजर आ रहे हैं। फ्लेक्स पर धार्मिक टिप्पणी के साथ ही पुलिस को चुनौती देते हुए संबोधन लिखा हुआ है। बताया जा रहा सिरसा गांव में भी बिना अनुमति धार्मिक जुलूस निकाला गया। इसमें भी वॉर्ड मेंबर के शामिल होने की बात कही जा रही है। बिना अनुमति हुए इन प्रदर्शन और जुलूस की जानकारी जब पुलिस को लगी तो जांच पड़ताल शुरू की गई। सोमवार को वार्ड मेंबर के घर पहुंचकर पुलिस ने पूछताछ की। कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया कि मामले को दिखवाया जा रहा है।

# कायस्थ समाज लखीमपुर की प्रार्थना में गूँजी आरोग्य कामना

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा लखीमपुर द्वारा आज श्री दुर्गे चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित मासिक बैठक एवं प्रार्थना सभा में भक्ति और समाजसेवा का अद्भुत संगम दिखाई दिया। भगवान चित्रगुप्त की स्तुति से प्रारंभ इस कार्यक्रम में संस्था के कार्यों की समीक्षा हुई तथा आगामी योजनाओं पर विचार किया गया।

सभा में विशेष रूप से 5 अक्टूबर को मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं संस्था के वार्षिकोत्सव कलम-दवात पूजा की तैयारियों पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर से संकल्प लिया कि कार्यक्रम को समाज की आस्था का महापर्व बनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में भगवान चित्रगुप्त, माँ दुर्गा और श्री हनुमान की आरती कर सामूहिक रूप से कायस्थ समाज के गौरव, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं कायस्थ शिरोमणि आर.के. सिन्हा के उत्तम स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की गई। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों में आर.के. सिन्हा ने अपनी आस्था का परिचय देते हुए कायस्थ सेवी विवेक श्रीवास्तव विक्कू के अनुमोदन पर भगवान चित्रगुप्त की दिव्य श्वेत संगमरमर से निर्मित अद्वितीय मूर्ति मंदिर को समर्पित की थी। वर्ष 2016 में इस मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा लखीमपुर नगर में भव्य शोभायात्रा के साथ संपन्न हुई थी। विगत महीनों से कायस्थ शिरोमणि श्री सिन्हा गंभीर रूप से अस्वस्थ्य चल रहे हैं और विदेश के एक अस्पताल में भर्ती हैं। आज वही मूर्ति, वही प्रांगण, वही कायस्थ समाज फिर एकजुट होकर अपने कायस्थ शिरोमणि की आरोग्यता की मंगल कामना कर रहा है। लखीमपुर का हर कायस्थ हृदय आर.के. सिन्हा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना करता है।

यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एकता, संवेदना और समाज के प्रति समर्पण की सजीव मिसाल बन गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. ओ पी श्रीवास्तव, महामंत्री अनूप सिंह, संरक्षक शशिकांत श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रदीप सक्सेना मुकेश, रवि कांत श्रीवास्तव, इंजी राजेश श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव, अनीता निगम, विश्वास श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव समर, डॉ.प्रदीप निगम, डॉ.आशुतोष श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, अभिषेक सिन्हा, वीरेश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, चंदन सोनी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन अब आर पार लड़ाई की मोड़ पर आ पहुंचा

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन जारी, गहरा रहा है संकट पुलिस प्रशासन, सत्तारूढ़ दल के नेताओं के हस्तक्षेप से कर रही है कार्यवाही में हीलाहवाली, विगत 1 सितम्बर को कांग्रेस भवन पर भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने सुनियोजित तरीके से सैकड़ों महिलाओं ने की थी तोड़ फोड़ और कार्यालय में लगे महापुरुषों के चित्रों को किया था तहस नहस बीते दिनों में पुलिस प्रशासन ने नहीं दर्ज की एफ आई आर उसी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में विगत 19 सितंबर से चल रहा है कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन अब आर पार लड़ाई की मोड़ पर आ पहुंचा है द्य आलाधिकारियों की चुप्पी और सत्ता पक्ष का सीधा हस्तक्षेप कांग्रेसियों के आंदोलन के प्रति उपेक्षा के चलते संकट और गहराएगा द्य यह क्रमिक अनशन अनवरत जारी रहेगा। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव शिव भगवान क्रमिक अनशन पर पहुंच कर आर पार की लड़ाई की बात कही कहा कि कांग्रेस कार्यकताओं को झुकने की जरूरत नहीं है आवश्यकता पड़ी तो यह मामला बहुत आगे तक ले जायेंगे। क्रमिक अनशन की अगुवाई कर रहे जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने पुलिस प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रशासन अगर हमारी मांगों को लेकर गंभीर न हुआ प्रदर्शन और उग्र होगा जल्द ही जनपद का कांग्रेसी सड़को पर होगा। साथ ही पटेल ने यह भी कहा कि कांग्रेस कार्यालय पर हुई तोड़ फोड़ को लेकर आज 22 दिन बीत चुके हैं द्य अभी तक प्रशासन के कानों में जू तक नहीं रेंगा है राष्ट्रीय पार्टी के कार्यलय पर हुई अराजकता की एफ आई आर भी नहीं दर्ज कर पा रहा है प्रशासन सत्ता पक्ष की कठपुतली बन कर कार्य कर रही है जनपद की पुलिस संविधान और लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रही है द्य जबकि सारे साक्ष्य मौजूद हैं। क्योंकि दोषी सत्ता पक्ष के लोग है ये मत भूलना कि हम सब लोग न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं आगे भी लड़ेंगे और जीतेंगे सत्ता और प्रशासन को मुंह की खानी पड़ेगी। उक्त क्रमिक अनशन पर बैठे प्रमुख 11 सदस्यीय गणों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष इकबाल अहमद खान, अन्नू मिश्रा, प्रेम वर्मा, अजीत जैन, आदेश गुप्ता, राकेश विश्वकर्मा, हरगोविन्द वर्मा, नन्द किशोर पाल, उपेंद्र सिंह बंजारा, अनंत राम गौतम, मुनेंद पाल वर्मा, सुधीर शुक्ला, महबूब खान आदि। साथ ही अनशन के समर्थन में सैकड़ो कांग्रेसी जन उपस्थित कैप्टन मोनिस अली नकवी, मोहन चंद्र उप्रेती, रामकुमार मिश्र, देवेंद कुमार पंकज, अब्दुल रहीम, रामजीवन राज एडवोकेट, अनूप सक्सेना एडवोकेट, पंकज शुक्ला एडवोकेट, रविंद कुमार तिवारी, ललित बाल्मीकि, कोमल सिंह तरुण शालू, मंजीत कौर दीपू वर्मा, राजेंद गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, डाक्टर रईस अहमद उस्मानी, मालिखे, शमशाद, रामपाल शाक्य, समरेंद वर्मा, पीयूष वर्मा आदि।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ शुभारंभ



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पूरनपुर में आज स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार की उपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि ऋतुराज पासवान और नगर पालिका पूरकर्मचारी शैलेंद्र गुप्ता ने फीता काटकर अभियान का औपचारिक उद्घाटन किया। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनका निरीक्षण करते हुए अतिथियों ने वहां उपलब्ध सेवाओं और दवाइयों की जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अभियान की विशेषताओं और इसमें प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके बाद विधायक प्रतिनिधि और नगर पालिका प्रमुख ने स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे जनमानस, भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ऋतुराज पासवान, नगर पालिका प्रमुख शैलेंद्र गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. अफरा शरीफ, डॉ. शकील, डॉ. रंजीत रंजन, डॉ. रिहाना रजा, पल्लवी सक्सेना, डॉ. सूरज पाण्डेय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से महिलाओं और परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं और उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पंचायती चुनाव को लेकर दो गुटों के संघर्ष में कई राउंड फायरिंग

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** गांव बेला परछिया में दो गुटों के लोगों के बीच पंचायती चुनाव के चलते दिनदहाड़े ताबड़तोड़ कई राउंड नाजायज असलाहों से फायरिंग होने का आरोप लगाया है जिससे हड़कंप मच गया पुलिस ने मामले में जांच कर दोनों गुटों के 17 लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस फायरिंग होने की घटना को खारिज कर रही हैं। पुलिस के अनुसार गांव बेला परछिया निवासी ऋषभ मिश्रा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया रविवार 2 बजे करीब गांव के अनूप मिश्रा, नीरज मिश्रा, प्रासं मिश्रा, उदय मिश्र, अचल मिश्रा, विशाल मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, हर्ष मिश्रा और अंकित मिश्रा नाजायज असलाहों से लेस होकर दरवाजे पर पहुंच कर ताबड़तोड़ कई राउंड गोली चलाते हुए गाली गलौज कर जान से मार डालने की धमकी देने पर जान बचाकर लोग घरों में दुबक गए थे। पुलिस ने सभी नामित आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले में केस दर्ज कर लिया वहीं दूसरे गुटके अनूप मिश्रा ने गांव के अंबुज मिश्रा, सत्यम मिश्रा, राजा उर्फ़ उत्कर्ष, रज्जने, गोविंद, अखिलेश, सुधीर और रामदास पर जानलेवा हमले को लेकर फायर करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों गुटों की शिकायत पर नामित आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले में केस दर्ज कर लिया है।सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया चुनावी रंजिश को लेकर दो गुटों में विवाद हुआ है फायरिंग की घटना को लेकर जांच कराई जा रही है।

### स्काउट गाइड का द्वितीय सोपान संपन्न

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** पी डी भारतीय इंटर कॉलेज में भारत स्काउट एवं गाइड के द्वितीय सोपान का आयोजन किया गया जिसमें अमृता कुशवाहा, उम्मे ऐमन, अचल, प्राची गुप्ता, अभिसारिका, दिव्या, पलक, चांदनी देवी, सुम्बुल खान,अंजली देवी, पायल, कीर्ति कुशवाहा, विवेक गिरी, तबारक अली, जितिन सक्सेना, नैतिक, संगम, प्रियांशु, आदर्श, अंश पटेल सहित तमाम स्काउट गाइड गाइड को स्काउटर राकेश कुमार सिंह, रूपचंद वर्मा, उपेंद्र कुमार तथा गाइड आरती वाजपेई ने आग से सावधानियां, कंपास की जानकारी प्राथमिक चिकित्सा, गांठबंधन सहित तमाम जानकारियां प्रदान की। इस मौके पर प्रधानाचार्य एवं सहायक कमिश्नर स्काउट मोहम्मदी श्याम नारायण वर्मा, नितिन हलवाई, मुकेश राठौर, सूर्य प्रकाश पांडे, हरिकेश सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### मुनीम पर तमंचा तानकर गुंडा टैक्स मांगा

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** ईट भट्ठा संचालक पर गुंडा टैक्स दिलाने को लेकर रात में मुनीम के कनपटी पर तमंचा लगाकर जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाने से हड़कंप मच गया है। यूनियन के पदाधिकारी ने सीओ अरुण कुमार से मिलकर पहचाने गए आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।गांव भुइहरा के ईट भट्ठा संचालक डॉ जुबेर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया रविवार की रात उनका मुनीम रामबरन यादव भट्ठा पर सो रहा था। रात में भट्ठा पर पहुंच कर मुनीम के कनपटी पर तमंचा लगाकर मालिक से गुंडा टैक्स दिलाने की बात कहने पर मुनीम ने आरोपियों को पहचान लिया सोमवार को भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारी ने सीओ से मिलकर नामित आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।सीओ ने बताया मामला संज्ञान में है घटना की जांच कराई जा रही है कार्यवाही की जाएगी।

### धौरहरा में बाढ़ पीड़ितों से करी मुलाकात बाटे लंच पैकेट

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** सोमवार को किसान नेता कांग्रेस जिला महासचिव देवेंद्र कुमार पंकज ने 141 विधानसभा धौरहरा में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात करी और उन्हें लंच पैकेट वितरित किए इस दौरान देवेंद्र कुमार पंकज ने कहा कि किसी भी क्षेत्रवासी को किसी प्रकार की कोई भी समस्या होती है मुझे बताएं मुझसे संपर्क करें हर संभव मदद की जायेगी उन्होंने कहा किसी भी क्षेत्रवासी को हताश होने की आवश्यकता नहीं है हर मोड़ पर हम आप लोगों के साथ हैं बाढ़ एक कठिन दौर था जो अब धीरे-धीरे खत्म हो रहा है हम फिर से सामान्य जीवन में वापस आ रहे हैं। जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं कठिन दौर में कभी भी अपने आप को अकेला ना समझे एक आवाज पर हम आपके साथ नजर आएंगे कठिन परिस्थितियों से हम सब मिलकर संघर्ष करेंगे और उन्हें हराएंगे हमारे नेता राहुल गांधी जी इस देश को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं उनकी सोच है कि किसानों को मजदूरों को युवाओं को बहन बेटियों को सब को उनका हक मिले जब हर देशवासी को उसे उसका हक मिलेगा तो देश को तरक्की करने से कोई नहीं रोक सकता इस दौरान मनजीत मौर्य विनीत राज ज्ञानेंद्र सिंह राकेश यादव आदि लोग साथ रहे।

# गायत्री शक्तिपीठ द्वारा किया गया महायज्ञ रक्तदान शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज में 52 लोगों ने किया रक्तदान किया गया बताते चलें निघासन कस्बे में परम वंदनीय माताजी की 99वीं जयंती एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कस्बे के द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज में प्रांतीय रक्तदान महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्रांति रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। शिविर का संचालन सार्थक चैरिटेबल ब्लड सेंटर, लखनऊ की टीम ने किया। टीम में सचिन यादव, अनूप मौर्य, जय किशोर, ध्यान चौधरी, अभिनव, प्रियांशु, जितेंद्र कुमार यादव और मोहम्मद समशाद शामिल रहे। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद युवाओं व स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सार्थक चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से प्रमाण पत्र और गायत्री शक्तिपीठ की ओर से अंगवस्त्र प्रदान किए गए।रक्तदान करने वालों में गायत्री ग्रुप्स ऑफ स्कूल के प्रबंधक यज्ञभूषण सिंह, पिंकी सिंह, दामोदर वर्मा, डॉ.0आशीष गुप्ता राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या मीनाक्षी रानी, वार्डन सोनल गुप्ता, आदर्श, सतीश गुप्ता, शिवा गुप्ता, लवकेश कुमार, आकाश वर्मा,प्रभांशु गुप्ता,विनीत वर्मा, राकेश कुमार वर्मा, पूजा वर्मा, राम भोले, कुश कुमार, अखिल चौबिया, रितेश चौबिया, लवदीप सिंह, अंकित कन्नौजिया, लवकेश कुमार, आकाश वर्मा, अंकित वर्मा, देवेंद्र वर्मा, सतेंद्र वर्मा, राहुल वर्मा, सिंधुजा सिंह, प्रज्ञा सिंह, ज्योत्सना वर्मा, चांदनी सिंह, मनोज कुमार, रजनी वर्मा, अप्पू अग्रवाल, पूर्णिमा वर्मा समेत करीब 52 लोगों ने रक्तदान किया। शाम पांच बजे तक चले इस शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव सेवा का संदेश दिया।

### दीवार मजदूर के उपर गिरी आईं गंभीर चोटे

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** महेवागंज निर्माण अधीन बिल्डिंग मैं मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भारी चूक बिना सेफ्टी उपकरण के काटी जा रही थीं दीवाल सुरक्षा के पुख्ता इंतेजामत न होने के कारण दीवार मजदूर के ऊपर ही गिर गई जिससे काम कर रहे हैं मजदूर को गंभीर चोटे आई हैं जिसे आनन फानन में उपचार के लिए लखीमपुर भेजा गया आपको बता दें महेवागंज महमूद अली हॉस्पिटल की बिल्डिंग में कार्य चल रहा था हड़कंप तो तब मची जब दीवाल मजदूर के ही ऊपर गिरी पड़ी और वह उसके नीचे दब गया मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है आखिर कब तक मजदूरों की जान के साथ खिलवाड़ किया जाएगा बिल्डिंग में सुरक्षा के नाम पर ना तो कोई पुख्ता इंतेजामत है और ना ही बिल्डिंग के चारों तरफ नेट, लगाया गया है उससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



# जिले में होंगे भव्य व दिव्य कार्यक्रम, मिशन शक्ति फेज़-5 की तैयारियां पूर्ण

■ शारदीय नवरात्र पर गांव-गांव शहर शहर पहुंचेगा, सुरक्षा व सशक्तिकरण का संदेश

**जन एक्सप्रेस । उरई**




शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर जिले में मिशन शक्ति फेज़-5 के तहत भव्य और दिव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को केन्द्र में रखकर तैयार की गई। इस रूपरेखा पर अमल के लिए डीएम राजेश कुमार पाण्डेय और एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मिशन शक्ति की गूंज गांव-गांव और शहर-शहर सुनाई देगी। नुक्कड़ नाटक, रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संवाद गोष्ठियाँ और जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं तक सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश पहुंचेगा। विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 181, 1098, 1930 और 1076 की जानकारी दी जाएगी। वहीं, पुलिस विभाग नियमित बैठकों के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि 22 सितम्बर को मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा सघन अभियान चलाकर शोहदों के विरुद्ध मौके पर ही कठोर कार्रवाई की जाएगी। 25 सितम्बर को राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त और बहादुरी का परिचय देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। 5 अक्टूबर को पुलिस लाइन से इंदिरा स्टेडियम तक **रन फॉर एम्पावरमेंट** का आयोजन होगा। जिसमें महिलाओं, बालिकाओं, जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत महिलाओं की सहभागिता होगी। इसके साथ ही 2 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय में मिशन शक्ति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इनमें बीट पुलिस अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, बीसी सखी, लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर, ग्राम पंचायत अधिकारी और रोजगार सेवक की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इन आयोजनों में ग्राम प्रधानों और सभासदों का भी सहयोग लिया जाएगा। शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और लाभ प्राप्त करने में आ रही बाधाओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। महिलाओं से आवेदन लेकर उनका पंजीयन कर योजनाओं से जोड़ा जाएगा। डीएम ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम इतने प्रभावी ढंग से आयोजित हों कि जनपद की पहचान भव्य और दिव्य आयोजनों के रूप में स्थापित हो। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, एडीएम संजय कुमार, एडीएम न्यायिक योगेंद्र सिंह, सीएमओ नरेंद्र देव शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, डीसी मनरेगा रमेंद्र सिंह सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मूर्ति लेने जा रहे लोगों में कहासुनी के बाद हुई मारपीट, वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र में ट्रैक्टर से मूर्ति लेने जा रहे लोगों में किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हरकत में आई पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। कोंच कोतवाली के मोहल्ला मालवीय नगर के कुछ लोग रविवार की रात ट्रैक्टर से मूर्ति लेने गए थे इसी दौरान ट्रैक्टर को आगे-पीछे करने को लेकर वहां मौजूद लोगों से कहासुनी शुरू हो गई।
बताया गया है कि शुरुआत में बात को हल्के में लिया गया, लेकिन कुछ ही मिनटों में विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से लोग जमा हो गए और उनमें मारपीट शुरू हो गई। देर रात का समय होने के कारण मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या में मौके पर इकट्ठा हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया।मारपीट की इस घटना में विकास और धर्मेश वर्मा निवासी मालवीय नगर घायल हो गए। धर्मेश का कहना है कि उसके साथ बेवजह मारपीट की गई। घटना के बाद कुछ लोगों ने पूरी मारपीट का वीडियो भी मोबाइल में कैद कर लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।
वीडियो सामने आने के बाद मामले की चर्चा पूरे नगर में फैल गई।

# 18 दिवसीय रामलीला मंचन में चौथे दिन जनक बाजार व पुष्प वाटिका की लीला का हुआ मंचन

**जन एक्सप्रेस । उरई/जालौन**



श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में श्रीरामलीला भवन में चल रही 18 दिवसीय रामलीला मंचन में चौथे दिन जनक बाजार व पुष्प वाटिका की लीला का मंचन किया गया।जिसमें सखियों द्वारा किया गया संवाद सराहनीय रहा। तो वहीं जनक बाजार का दृश्य भी दर्शनीय रहा। श्रीरामलीला महोत्सव के चौथे दिन जनक बाजार तथा पुष्प वाटिका की लीला का भव्य मंचन किया गया। रामलीला मंचन के प्रथम दृश्य में वन भ्रमण के दौरान प्रभु श्रीराम द्वारा किये गये अहिल्या उद्धार के तत्पश्चात विश्वामित्र द्वारा राम और लक्ष्मण को जनकपुर में घूमने का आदेश दिया जाता है।
जब जनकपुर में भ्रमण के लिए राम-लक्ष्मण निकलते हैं, तो उन्हें देखकर सखियां आपस में बातें करती हैं। सखियों का यह संवाद विशेष सराहनीय रहा। तो वहीं जनक बाजार का अवलोकन करने पहुंचे प्रभु राम ने रामलीला भवन में बने अस्थाई बाग का अवलोकन किया। लीला मंचन में लीला मंचन में मुनि विश्वामित्र उमेश दुबे, श्रीराम की भूमिका में मनोज तिवारी व लक्ष्मण की भूमिका में सीपू पारासर, जानकी के रुप में बृजेश शर्मा, जनक रमेश दुबे, ब्राम्हण देवता प्रयाग गुरु, मालिन तितली रानी, नाई टिल्लू ने अपने अभियन के जौहर दिखाए। लीला में मनोरंजन के लिए बुलाई गई नृत्यांगना तितली रानी, योगेन्द्र बाबू उर्फ छोटू ने भी अपने सुंदर नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया तो हास्य अभिनेता टिल्लू मस्ताना ने हास्य की प्रस्तुति से दर्शकों को लोटपोट कर दिया। रामलीला में व्यवस्थाओं को पवन चतुर्वेदी, गुड्डुन सक्सेना, मंगल चतुर्वेदी, शशिकांत द्विवेदी, राजकुमार मिझोना, मंगल चतुर्वेदी विष्णु अग्रवाल आदि ने संभाला।

# सोलर पावर प्लांट की प्लेटों के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**



आटा थाना पुलिस ने ग्राम परासन से सोलर पावर प्लांट की चोरी गई प्लेटों के साथ शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।
आटा थाना क्षेत्र के ग्राम परासन के जंगल में लगा 75 मेगावाट सोलर पावर प्लांट में पिछले कुछ महीने पहले प्लेटे चोरी की घटना हुई थी। जिसमे रामशरण ने तहरीर देकर पुलिस को सूचना दी थी। जिसके बाद आटा पुलिस ने मामला दर्जकर चोरों की तलाश शरू कर दी थी।पुलिस ने चार दिन के भीतर प्लेट चोरी गैंग का पर्दाफाश करते हुए पांच चोरों को प्लेटो के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन कार्यवाही चलती रही लेकिन इसीक्रम में आटा थाना पुलिस ने इटौरा बम्बी पुलिया से सोमवार को 5 चोरी की प्लेटो के साथ फरार सत्यम सिंह पुत्र कीरत सिंह निवासी ग्राम परासन को पकड़ लिया। पुलिस ने उसे थाने लाकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कोर्ट में पेश किया, जहां उसे जेल भेजा गया। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि सत्यम सिंह जोकि प्लेटो को बेचने के बाद भागने की फिराक में था। फिलहाल सटीक सूचना पर कार्यवाही की गई है।

# विधवा महिला ने जिलाधिकारी को शिकायत सौंप बकरी का गलत इलाज करने के लगाए आरोप

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

पशुओं के इलाज के लिए निशुल्क दवा, अच्छी दुधारू नस्ल के पशुओं के लिए दूध पाउडर, सड़कों पर घूम रहे अन्ना पशुओं के बीमार होने या किसी प्रकार की आपदा आने पर सरकार द्वारा चार पहिया वाहन भी उपलब्ध कराया गया है ताकि उन्हें समय पर इलाज मिल सके और गरीब पशु पालक शासन की योजना का भरपूर लाभ ले सके।
शासन से संचालित तमाम सुविधाएं पशुओं के लिए दी जा रही है लेकिन मुख्यालय के सदर पशु अस्पताल में तैनात पशु डॉक्टरों की लापरवाही के चलते पशुपालक लाभ लेने से वंचित है एवं उनके अधीनस्थ स्टाफ द्वारा विभागीय कार्य करने में कोई रुचि नहीं ली जाती है।
इलाज कराने आए पशुपालकों को बाहर की दवा लिखी जाती है जो कि वह दवा खरीदने में असमर्थता जताते हुए गंतव्य स्थान को वापस लौट जाते हैं। गरीब पशुपालकों से अस्पताल में तैनात स्टाफ इलाज के नाम पर धन दोहन करने में आमादा है। शहर के मोहल्ला समद नगर निवासी हुस्ना जहां पत्नी स्व0 इसरार द्वारा जिलाधिकारी को एक लिखित प्रार्थना पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए है। उल्लेख किया है कि 17 सितंबर 2025 को सुबह लगभग 8 बजे करीब उसके द्वारा बकरी का इलाज करवाने के लिए बकरी को लेकर पशु अस्पताल पहुंची तभी कोई डॉक्टर नहीं था जब वहां जाकर देखा तो कुछ प्राइवेट लोगों के द्वारा इलाज किया जा रहा था तो उनके द्वारा बकरी का इलाज किया गया।
शिकायतकर्ता का आरोप है कि पशु अस्पताल के डॉक्टरों की मिली भगत से कार्य करने के लिए लगे हुए बिना डिग्री अप्रशिक्षित प्राइवेट लोगों के द्वारा बकरी का गलत इलाज कर दिया गया है जिससे उसकी मौत हो गई है। बताया कि उसके द्वारा इलाज के लिए लगभग 1500 भी खर्च किए जा चुके हैं। मृत हुई बकरी के पेट में बच्चे भी थे जो वह भी खत्म हो गए हैं जिससे वहां पर मनमानी कर रहे पशु डॉक्टर व उनके अधीनस्थ लगे हुए प्राइवेट लोगों की जांच कर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।
शिकायतकर्ता का कहना है कि पशु डॉक्टर की लापरवाही को लेकर पहले भी एक बार लिखित प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। डीएम से गुहार लगाते हुए कहा कि बकरी की मौत हो जाने का उचित मुआवजा दिलाया जाए जिससे उसे राहत मिल सके।

# नगर में नवरात्रि शुरू होते ही लड़खड़ाई बिजली ववस्था, भक्त परेशान

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

नवरात्रि के पहले दिन ही नगर की बिजली लड़खड़ा गयी। सुबह के समय कटौती के साथ बिजली घर में केविल में फाल्ट आने के कारण नगर की बिजली आपूर्ति ठप्प रही। बिजली आपूर्ति लड़खड़ाने से जलापूर्ति भी प्रभावित हुई। बिजली पानी मिलने में दिक्कत होने से भक्तों को परेशानी हुई। सोमवार से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ हो गया। नवरात्रि के दिनों में धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो गयी है। ऐसे में घरों बिजली पानी की आवश्यकता ज्यादा रहती है। नवरात्रि के प्रथम दिन ही नगर की बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गयी।जब भक्त सुबह जागे तो 5 बजे से बिजली रोस्टिंग में चली गयी। आज एक घंटे की जगह ज्यादा रोस्टिंग हो गयी। सवा घंटे रोस्टिंग के चलते ब्रह्म मुहूर्त में बिजली गायब होने से भक्तों को प्रातः मंगला आरती में जाने से असुविधा हुई। इसके बाद उरई मार्ग स्थिति बिजली घर में 10 एम वी ए की केविल में फाल्ट आ गया जिससे डेढ़ घंटे बिजली आपूर्ति ठप्प रही। सुबह के समय ढाई से तीन घंटे बिजली आपूर्ति ठप्प होने के कारण जलापूर्ति भी प्रभावित हुई। नवरात्रि के प्रथम दिन ही बिजली पानी की आपूर्ति बाधित से लोगों में नाराजगी दिखी। भक्त मनीष कुमार, यश बाथम, मनोज रिछारिया, शैलेंद्र कुमार गुप्ता कहते हैं कि लोगों ने सुबह व सांय की बिजली कटौती बंद कराने की मांग की थी किन्तु कटौती बंद नहीं हुई जिससे सुबह महिलाओं को मंदिर में जाते समय अंधेरा था जिससे उन्हें परेशानी हुई।

# चरखारी नगर के विकास को लेकर व्यापार मण्डल ने 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डीएम को सौंपा

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



चरखारी के रिसासतकालीन भवनों में सरकारी विभागों के निष्प्रयोज्य कब्जे, जीर्णशीर्ण सरकारी भवनों के प्रयोग किए जाने जैसे कस्बा की प्रमुख समस्याओं को लेकर नगर उद्योग व्यापार मण्डल चरखारी ने 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए सहयोग की मांग की है। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की मांग को संजीदगी से सुनते हुए प्रत्येक बिन्दु पर अधिकारियों से वार्ता करते हुए मांगों को पूरा किए जाने का आश्वासन दिया है।
व्यापार मण्डल की बैठक में हुए फैसले के मुताबिक व्यापार मण्डल चरखारी का एक प्रतिनिधि मण्डल सोमवार को जिलाधिकारी से मिला जहां कस्बा की विभिन्न समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा। नगर अध्यक्ष आनन्द स्वरूप दमेले के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारी आलोक खरे' महामन्त्री रामबाबू गुप्ता' युवा अध्यक्ष रामजी सोनी' युवा अध्यक्ष गुलशेर' अनिल सोनी' रमन किशोर गोस्वामी' रमजान सौदागर प्रदीप पंसारी' मुहम्मद सरफराज' कैलाश ताम्रकार शशिकान्त शर्मा, राहुल बड़ौनिया ने जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा है।
जिसमें व्यापार मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि कस्बा में रियासकालीन आलीशान भवनों को सरकारी कार्यालय संचालन के लिए स्टेट द्वारा दान में दिया गया था लेकिन यह कार्यालय या तो समाप्त हो गए या फिर जिले में संचालित है जबकि उनकी बेशकीमती जमीनों पर आज भी कार्यालय बनाकर अपना कब्जा जमाए बैठे हैं तथा उपयोग न होने से भवन व परिसर खण्डहर हो गए है जो कि नगर के विकास में बाधक बने हुए हैं।
गंगा सिंह इण्टर कालेज का हास्टल गर्ल्स कालेज की भूमि कस्बा में निष्प्रयोज्य हैं। चरखारी में हमीरपुर जनपद में होने के दौरान 1952 में सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय स्थापित किया गया था। लेकिन विगत 2 वर्ष से जिला मुख्यालय में निवासरत अधिकारियों ने बिना शासन के निर्देश पर स्थानीय अधिकारियों से सांठगांठ बिठाते हुए एक कमरे में चलाया जा रहा है। जबकि चरखारी में विशाल आवास व परिसर मौजूद है तथा अधिकारी इसे भी खण्डहर बनाने की साजिश रच रहे हैं। कस्बा में जनपद का सबसे बड़ा 25 बेड का आयुर्वेदिक चिकित्सालय के भवन निर्माण के लिए एक साल से स्थल चिन्हित है और 6 माह से भूमि स्थानान्तरण की फाइल राजस्व विभाग में डम्प है जिससे अस्पताल का निर्माण अवरूद्ध है।

## डीएम द्वारा पान से जुड़े व्यवसाय को बढ़ाने के लिए प्रयास करने के दिए गए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

त्रैमास जुलाई से सितंबर में आयोजित की जाने वाली बैंको की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी।
बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिले के ऋण जमा अनुपात, वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा की गयी तथा कम ऋण जमा अनुपात वाले बैंकों को सुधार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बैंको की एनपीए की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। बैठक में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनायें जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएमएफएमई, एक जनपद एक उत्पाद, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन संचालित स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिकेज, मुख्यमंत्री माटीकला योजना आदि की प्रगति समीक्षा की गयी तथा इन योजनाओं में लक्ष्य प्राप्ति हेतु विचार विमर्श किया गया।

# त्योहारों में पेयजल आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था रखने के डीएम ने बैठक में दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



आगामी धार्मिक उत्सवों दुर्गा पूजा, दशहरा एवं मूर्ति विसर्जन आदि शांतिपूर्ण मनाये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत को निर्देश दिए कि दुर्गा पंडालो और प्रमुख मंदिरों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत तारों व खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल दुरुस्त करवाया जाए। जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि त्योहारों में पेयजल जलापूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए और उन्होंने कीरत सागर के किनारे मूर्ति विसर्जन वाले चिन्हित स्थानों पर बेरीकेटिग व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि विद्युत तारों के नीचे अथवा ट्रांसफार्मरों के आसपास की सुरक्षा को देखते हुए दुर्गा पंडाल लगाये जाए तथा सड़क को छोड़कर ही पंडाल लगाए जाएँ। जिलाधिकारी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को पंडाल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए और उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अपने क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने परंपरागत रूप से दुर्गा पंडाल स्थापित करने के साथ शांतिपूर्वक त्योहारों को संपन्न कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने भी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मूर्ति विसर्जन स्थलों पर गोताखोरों और बेरिकेटिंग की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाए। उन्होंने सभी थाना प्रभारीयों को दुर्गा पंडाल के स्थान का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, सभी उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी, समाजसेवी रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी सहित सभी धर्मों के गणमान्य नागरिक एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दबंगों ने रंजिशन धारदार हथियारों से किया जानलेवा हमला, घायल

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

दबंगों ने रंजिशन थाने जा रहे एक परिवार पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए जहां दो की हालत नाजुक बनी हुई है। तो वहीं एक घायल एंटी करप्शन डिपार्टमेंट बांदा में तैनात बताया जा रहा है जोकि छुट्टी में घर आया था।
रविवार को जनपद के श्री नगर थाना क्षेत्र के गांव बरा निवासी प्रेमवती ने बताया कि वह अपने पति प्रभुदयाल और जेठानी शिवकली पत्नी हल्के और भतीजों सुंदर और प्रमोद पुत्रगण हल्के के साथ बाइक से शाम को लगभग 4 बजे एक पुराने जमीन के मामले को लेकर थाने जा रहे थे। रास्ते में बरा तिगैला के पास रंजिशन गांव के दबंग रवि, प्रिंस, राखीलाल, प्रमोद, दिनेश, छोटेलाल ने धारदार हथियार कुल्हाड़ी, फरसा, डंडा आदि से जानलेवा हमला कर दिया। बताया कि जानलेवा हमले में पति प्रभुदयाल मौके पर ही अचेत होकर गिर गया।

# परंपरा की जड़ों से जुड़ा: आयुर्वेद और बादाम के साथ सुबहों को बनाएं और भी खास

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

सुबह का समय पूरे दिन की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाता है। आयुर्वेद में दिनचर्या का विशेष महत्व है-यह एक दैनिक अनुशासन है जो आत्म-देखभाल को बढ़ावा देता है। इस दिनचर्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है-प्रातःकाल जल्दी उठना और एक निश्चित सुबह की दिनचर्या का पालन करना। प्रकृति की लय के अनुरूप चलकर, यह दिनचर्या हमारे जैविक घड़ी (बायोलॉजिकल क्लॉक) को संतुलित करती है, आत्म-जागरूकता को बढ़ाती है, और शरीर एवं मन के बीच सामंजस्य स्थापित करती है। सरल आयुर्वेदिक आदतें जैसे ब्रह्म मुहूर्त में उठना, योग, ध्यान, प्राणायाम (सजग श्वास तकनीक), ऑयल पुलिंग (तेल कुल्ला), गुनगुना पानी पीना, और सुबह के समय बादाम का सेवन-ये सभी मिलकर आपकी सुबह को सकारात्मक रूप से रूपांतरित कर सकते हैं और दिनभर के लिए बेहतर स्वास्थ्य की नींव रख सकते हैं। स्वस्थ जीवनशैली, विशेष रूप से दिनचर्या (दिनाचर्या) और सुबह की आदतों के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अल्मंड बोर्ड ऑफ कैलिफ़ोर्निया ने लखनऊ स्थित द रेनिसां में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसका शीर्षक था आयुर्वेदिक ज्ञान से करें दिन की शुरुआत। इस चर्चा में विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे सुबह की छोटी-छोटी, सजग आदतें-जैसे कि बादाम को अपने आहार में शामिल करना-दीर्घकालिक स्वास्थ्य और संपूर्ण जीवनशैली को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती हैं।

# महाराज अग्रसेन की गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

## मेधावी छात्र-छात्राओं संग आयोजित प्रतियोगिताओं में महिलाओं व बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



महाराज अग्रसेन की 5149वीं जयंती शहर के गुलाब पैलेस मे अग्रवाल समाज द्वारा हर्षोउल्लास पूर्वक मनाई गयी। इस मौके पर अग्रवाल समाज के प्रमुख लोगो ने महाराज अग्रसेन के चित्र पर पुष्प मालाएं अर्पित कर वैदिक मंत्रोच्चारणो के साथ हवन पूजन किया। तत्पश्चात स्वल्पाहार मे फल तथा खीर का वितरण किया गया। हवन पूजन के पश्चात रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता तथा मेधावी छात्र छात्राओ के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। आयोजित प्रतियोगिताओ मे प्रतिभागी महिलाओ तथा विजयी छात्र छात्राओ को सम्मानित किया गया। शाम के समय गाजे बाजे के साथ महाराज अग्रसेन की शोभा यात्रा शहर मे प्रदर्शित की गयी। शोभा यात्रा मे सम्मलित अग्रवाल समाज की महिलाओ, बच्चो और पुरूषो ने राजस्वी वस्त्र पहन रहे थे तथा महिलाओ ने सिर पर मुकुट और पुरूषो ने सिर पर पगड़ी बांध रखी थी। शोभा यात्रा शहर के गुलाब पैलेस से चलकर खनगा बाजार, ऊदल चैक, डाकघर, नरसिंह कुटी होते हुए आल्हा चैक, रोडवेज, चूड़ी वाली गली, से होते हुए शुक्रवारी बाजार से चलकर पुनः गुलाब पैलेस मे शोभायात्रा का समापन किया गया। देरशाम पैलेस मे समाज की दिशा, दशा पर आयोजित गोष्ठी मे चिंतन व मंथन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मे कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए बच्चो का शिक्षित होना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होने अग्रवाल समाज के लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि बच्चो को बेहतर शिक्षा और संस्कार देने मे अभिभावको को अपनी भूमिका का निर्वाहन लगन, निष्ठा के साथ करना चाहिए। तत्पश्चात अतिथियो का स्वागत तथा समाज के मेधावी छात्र छात्राओ और समाज के प्रतिष्ठित महिला पुरूषो को अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# एसबीआई कार्ड ने 'खुशियाँ अनलिमिटेड' कैंपेन के साथ अपने फेस्टिव ऑफर 2025 की शुरुआत की

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने खुशियां अनलिमिटेड कैंपेन की शुरुआत के साथ, पूरे देश में 2025 के फेस्टिव सीज़न के लिए कई तरह के रोमांचक ऑफर्स पेश किए हैं। ग्राहक देश के टियर 2 और टियर 3 श्रेणी के शहरों सहित 2900 से ज़्यादा शहरों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर मर्चेंट की ओर से दिए जाने वाले 1,250 से ज़्यादा ऑफर्स, कैशबैक और तत्काल छूट का लाभ उठा सकते हैं। ये फेस्टिव ऑफर्स घरेलू सामानों, मोबाइल, लैपटॉप, फैशन, फर्नीचर, गहने, ई-कॉमर्स और किराना जैसे सभी प्रमुख श्रेणियों पर लागू हैं। ज़्यादा कीमत वाली खरीदारी को कार्डधारकों के लिए अधिक आसान एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से, एसबीआई कार्ड ने ईएमआई को ध्यान में रखकर कई मशहूर ब्रांड्स के सहयोग से कई ऑफर भी पेश किए हैं। इस उत्सव के माहौल में चार चांद लगाने के लिए, एसबीआई कार्ड अपने प्रमुख भागीदार ब्रांड्स से खरीदारी पर इंस्टेंट डिस्काउंट का बहुत ही रोमांचक ऑफर दे रहा है, जिसमें अमेज़न, रिलायंस रिटेल ग्रुप, मैक्स, रेमंड्स, मोंटे कार्लो और इसी तरह के कई दूसरे ब्रांड शामिल हैं। इसके अलावा, एसबीआई कार्ड की ओर से कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मोबाइल और लैपटॉप जैसी लोकप्रिय श्रेणियों में ईएमआई को ध्यान में रखकर ऑफर की पेशकश की गई है, जिनमें 27.5 प्रतिशत तक की तत्काल छूट भी शामिल है। फेस्टिव ऑफर के तहत शुरू की गई इस पहल में भाग लेने वाले प्रमुख ब्रांड्स में सैमसंग, हायर, एलजी, सोनी, ओप्पो, वीवो, पैनासोनिक, व्हर्लपूल, बॉश, आईएफबी, एचपी, लॉयड आदि शामिल हैं।

# जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। महाराजगंज



जनपद कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, गंभीर कुपोषित (SAM) व मध्यम कुपोषित (MAM) बच्चों की पहचान, उपचार तथा पोषण पुनर्वास केंद्र की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

सीडीओ ने संभव अभियान में अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिया कि रूरू बच्चों का नियमित स्वास्थ्य फॉलोअप करें और 30 सितम्बर तक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निर्देशों का पालन न होने तक समस्त सीडीपीओ का वेतन रोके जाने का आदेश भी जारी किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि संभव अभियान और पोषण अभियान की प्रगति के आधार पर ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का पीएलआई (परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव) जारी किया जाएगा। जिनकी प्रगति असंतोषजनक पाई जाएगी, उनका पीएलआई लक्ष्य की प्राप्ति तक रोका जाएगा।

सीडीओ ने युग्मन के उपरांत रिक्त विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करने, बच्चों को उच्च पोषण युक्त चिक्की वितरण की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के वजन, लंबाई और पोषण स्थिति समय से पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर एफएलएस विजय कुमार प्रजापति का वेतन भी बाधित करने का आदेश दिया गया।

उन्होंने गर्भवती एवं धात्री माताओं को समय से पूरक पोषण आहार एवं एएनसी जांच उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए ग्राम स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता दिवस नियमित रूप से आयोजित करने और विशेष जनजागरूकता गतिविधियां चलाने के निर्देश दिए। अंत में सीडीओ ने स्पष्ट किया कि कुपोषण उन्मूलन शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, डीपीओ दुर्गेश कुमार, बीएसए ऋद्धि पांडेय, समस्त सीडीपीओ समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मण्डलीय विद्यालयीय कुश्ती में देवरिया ने जीते पांच गोल्ड

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जनता इण्टर कालेज दुबौली, गोरखपुर में सम्पन्न मण्डलीय प्रतियोगिता में जनपद देवरिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। बालिका वर्ग में 6 प्रतिभागियों में से 5 ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया और बालक वर्ग में 11 प्रतिभागियों में से 8 ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

देवरिया जनपद की टीम टीम मैनेजर/टीम कोच सत्यम मिश्रा, विपिन बिहारी चन्द्र यादव, जितेंद्र कुमार, सुधांशु राय, सुभाष चंद्र दीक्षित प्रधानाचार्य के नेतृत्व में मण्डलीय प्रतियोगिता भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों में बालिका वर्ग में शिवानी, सोम्या तिवारी, कंचन विश्वकर्मा, 14 वर्षीय प्रतियोगिता में और शीतल मोदनवाल, अंकिता यादव ने 17 वर्षीय प्रतियोगिता में विजेता होकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। बालक वर्ग में- शिवम, निर्भय, अनूप कुमार, अनिकेत, सूरज कुमार, अभिषेक यादव, नितेश और अंकित ने अपने अपने भार वर्ग में उप विजेता होकर सिल्वर मेडल प्राप्त कर देवरिया जनपद का नाम रोशन किया।

# श्री श्री शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर दरगाहे धाम से निकली भव्य कलश यात्रा



जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज

शारदीय नवरात्र की पावन बेला पर पनियरा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत औसानी स्थित श्री श्री शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर दरगाहे धाम से रविवार को श्री श्री शतचंडी महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े और पूरा माहौल भक्ति-भाव से गूंज उठा। मंदिर के सेवक ओमप्रकाश निषाद ने बताया कि शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन से श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ हुआ है, जिसकी पूर्णाहुति आगामी 1 अक्टूबर को होगी। उसी दिन विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिन में प्रवचनकर्ता टुनटुन मिश्रा उर्फ हलचल बाबा प्रवचन देंगे, वहीं रात्रि में रामलीला मंचन होगा। इस महायज्ञ का संचालन अयोध्या धाम के यज्ञाचार्य ध्रुव नारायण पांडेय द्वारा कराया जा रहा है। कलश यात्रा शक्तिपीठ दरगाहे धाम से निकलकर काड़र मां के स्थान, खैचा मार्ग, हसखोरी होते हुए खूटहा पहुंची और बलिया पुल पर सम्पन्न हुई। यहीं पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिविधान से कलशों में जल भरा गया। इस दौरान 551 कन्याओं ने सर पर कलश रखकर यात्रा में हिस्सा लिया। सभी कन्याएं पीले वस्त्रों में सुसज्जित थीं, जिससे पूरा वातावरण देवी भक्ति में सराबोर हो उठा। गांव की महिलाओं ने भक्ति गीत गाते हुए यात्रा की शोभा बढ़ाई। वहीं क्षेत्रीय ग्रामीणों ने भी यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं की भीड़ में मोहनलाल मौर्य, जीवेश मिश्रा, दीपक त्रिपाठी, जगदीश यादव, शंभू यादव, बृजेश यादव, शाहिद समेत तमाम गणमान्य लोग शामिल रहे। कलश यात्रा के सुचारू संचालन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पनियरा पुलिस समेत अन्य थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही। भक्तिमय माहौल और जयकारों से पूरा इलाका गूंजता रहा।

# सिंगहा रेगुलेटर में मिला युवक का शव



जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

रामकोला थाना क्षेत्र के मुख्य पश्चिमी गंडक नहर स्थित सिंगहा रेगुलेटर से रविवार की दोपहर एक युवक का शव बरामद हुआ।

शव की पहचान महाराजगंज जनपद के निचलौल थाना क्षेत्र के चंदा गुलरभार निवासी रघुवर के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार रघुवर बृहस्पतिवार से घर से लापता था। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। सूचना पुलिस को भी दी गई थी। रविवार दोपहर नहर में शव मिलने की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता ने बताया कि रघुवर पिछले चार वर्षों से गंभीर बीमारी से पीड़ित था। इसी कारण मानसिक तनाव में आकर उसने आत्महत्या कर ली होगी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## गोर्रा और राप्ती का जलस्तर स्थिर, कटान का खतरा बढ़ा

जन एक्सप्रेस। देवरिया

गोर्रा और राप्ती नदी का जलस्तर स्थिर हो गया है। हालांकि बंधे से लेकर आबादी के समीप कटान स्थलों पर खतरा बरकरार है। जलस्तर घटने पर गोर्रा और राप्ती के पांच संवेदनशील स्थानों पर तेजी से कटान होने की संभावना बनी है। वहीं नदी और बंधे के बीच की फसल में पानी घुसने से तिल और मक्के के साथ मूंगफली की खेती भी प्रभावित हुई। जिसको लेकर किसानों में चिंता बनी है। गोर्रा नदी का जलस्तर 70 मीटर और राप्ती 69.60 मीटर पर थम गया। पानी आने से पचलड़ी निवासी रमाशंकर सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, बलवंत सिंह, रामपाल सिंह, संदीप सिंह, सुनील सिंह, मनोज सिंह, राजेश्वर शर्मा, ओम प्रकाश सिंह, नंदू यादव, चन्द्र भूषण सिंह, लौहर विश्वकर्मा, चंद्रभान पाल आदि किसानों की फसल डूब गई है।

# डीएम ने लेहड़ा देवी मंदिर का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



शारदीय नवरात्रि के दृष्टिगत सोमवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जनपद के प्रसिद्ध शक्ति पीठ लेहड़ा देवी मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत प्रकाश व्यवस्था एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त बैरिकेडिंग, पंडाल और विश्राम स्थलों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे एवं कंट्रोल रूम की व्यवस्था पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। वहीं स्वास्थ्य विभाग को जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेहड़ा देवी का दर्शन-पूजन कर सभी के कल्याण की कामना भी की।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि सभी सुविधापूर्वक दर्शन कर सकें और शारदीय नवरात्रि का पर्व सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।

निरीक्षण के दौरान तहसील प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 को मिली गति

जन एक्सप्रेस। महाराजगंज




उत्तर प्रदेश सरकार की महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने वाली मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत पुलिस लाइंस से महिला पुलिस बाइक रैली निकाली गई। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने रैली को रवाना किया।

रैली में महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों (1090, 112, 181, 1076, 1098) और साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। इसके साथ ही महिलाओं को आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मिशन शक्ति फेज-5.0 का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। बस्ती पुलिस इस अभियान के तहत एंटी-रोमियो दस्तों का गठन कर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करेगी तथा स्कूल, कॉलेज और गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करेगी। रैली में सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।


## रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर मिला अज्ञात का शव

जन एक्सप्रेस। देवरिया

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर रविवार को एक बुजुर्ग का शव मिला। यात्रियों की सूचना पर पहुंची जीआरपी शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। जीआरपी सोशल मीडिया के माध्यम से शव की शिनाख्त में लगी है। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर लोगों ने एक शव देखा। सूचना पर आरपीएफ ने इसकी जानकारी जीआरपी को दी। जीआरपी प्रभारी बीबी राजभर ने बताया कि वृद्ध पेपर बिछाकर सोये थे। पास में कोई पहचान पत्र नहीं मिलने के कारण अभी शिनाख्त नहीं हो पायी है। शव को मोर्चरी में रखा गया है। सोशल मिडिया के जरिये बुजुर्ग की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## 97 पेटी हरियाणा की शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



कोतवाली पडरौना की पुलिस ने रविवार को बस में हरियाणा से बिहार तक लंबे समय से चल रही शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है। गाजियाबाद नंबर की बस से पुलिस ने नोएडा के चालक सहित एक अन्य तस्कर को 97 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

तस्करों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है जो पंजाब हरियाणा राज्य निर्मित अंग्रेजी शराब को छिपाकर बिहार में बेचते हैं। पूछताछ के बाद तस्करों ने गिरोह के कई सदस्यों के नाम बताए हैं। रविवार को पडरौना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद नंबर वाली यात्री बस से शराब की खेप लाई जा रही है। इसी सूचना पर पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान बस को रोककर पुलिस ने जब जांच करना शुरू किया तो कुल 97 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामद शराब की कीमत करीब आठ लाख बताई जा रही है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान परमजीत मालिक पुत्र सुखबीर मालिक, चिपियाना बुजुर्ग थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्ध नगर और उमेश कुमार पुत्र सुरेश गौड़ निवासी मढ़िया जेवर खादर जनपद गौतमबुद्ध नगर नोयडा के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में तस्करों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है जो पंजाब और हरियाणा राज्य में निर्णय अंग्रेजी शराब को सवारी बस के अंदर बने गोपनीय बॉक्स में छिपाकर अलग-अलग रास्तों से बिहार में ले जाते हैं। चोरी छिपे बिहार में ले जाकर इसे ऊंचे दामों पर बेचकर अधिक धन अर्जित करना तस्करों का लक्ष्य है। शराब से पूर्व तस्करी का यह तरीका अचानक बढ़ गया है।

# 11 हजार लोगों ने दी साक्षरता परीक्षा

जन एक्सप्रेस। देवरिया



जिले में रविवार को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष और इससे अधिक आयु के चिन्हित असाक्षरों के लिए परीक्षा का आयोजन 650 केंद्रों पर किया गया। इसमें 11 हजार लोगों ने परीक्षा दी। इनको विशेष कक्षाओं साक्षरता कक्षा में पढ़ाया गया है। इसमें सफल प्रतिभागियों को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल द्वारा साक्षरता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रमाण पत्र के माध्यम से उन्हें साक्षर के रूप में औपचारिक मान्यता प्राप्त होगी।खण्ड शिक्षा अधिकारी सदर देव मुनि वर्मा ने बताया कि जनपदों में इस परीक्षा का एक साथ आयोजन किया जा रहा है। यह पहल प्रदेश स्तर पर साक्षर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सदर विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी ने संविलियन बढ़या बुजुर्ग समेत कई केंद्रों पर साक्षरता परीक्षा का अनुश्रवण किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की।

## दो पक्षों में मारपीट, दो छात्राओं समेत छह घायल

जन एक्सप्रेस। देवरिया

थाना क्षेत्र के शेरवां बभनौली गांव में शनिवार दोपहर बाद स्कूल में हुए विवाद को लेकर पड़ोसियों ने घर जा रही दो छात्राओं की रास्ते में घेरकर पिटाई कर दी। इसके बाद मामला घर तक आ पहुंचा। दोनों पक्षों में मारपीट में कुल छह लोगों के घायल होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शेरवां बभनौली गांव निवासी हीरालाल चौहान और सुनील चौहान के घर की लड़कियां गांव के ही एक स्कूल में पढ़ाई करती हैं। आरोप है कि शनिवार को हीरालाल की बेटियों सलोनी, नेहा और सुनील की बेटी सुगंती से स्कूल में ही किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह बात घर आकर सुगंती ने परिजनों से बता दी। जब सलोनी और नेहा स्कूल से घर लौट रही थी तो सुगंती के परिजनों ने दोनों को रास्ते में घेरकर मारपीट दिया।

# दूषित खानपान से हो रहा टाइफाइड, डॉक्टर दे रहे बचाव की सलाह

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



बीते चार पांच दिनों से मौसम में बदलाव हो रहा है। इससे अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। किसी को वायरल बुखार तो किसी को पेट में दर्द की परेशानी हो रही है।

डॉक्टर दूषित खानपान को मुख्य वजह बता रहे हैं। इससे अस्पताल में टाइफाइड के मरीज बढ़ रहे हैं। जिले के 60 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की जांच की गई। इसमें 1147 पुरुष, 1293 महिला और 461 बच्चे शामिल रहे।

आरोग्य मेले में रविवार को नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्र कुल 13 मरीजों के सेहत की जांच हुई। इसमें तीन मरीजों में टायफाइड मिला। दो मरीजों को लूज मोसन की शिकायत थी। डॉक्टर उमर जमा ने कहा कि दूषित खानपान के कारण यह समस्या हो रही है। खानपान सही से करें।

खुलें में बिक रहे दुकानों का सामाना न खाएं। अधिक तैलिय पदार्थ खाने से बचें। किसी प्रकार समस्या होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। उन्होंने बताया कि फार्मासिस्ट आशुतोष, लैब टेक्नीशियन चंदन, स्टाफ नर्स संगीता, अर्चना, ममता आदि ने इलाज में सहयोग किया है।

उजारनाथ प्रतिनिधि के अनुसार, क्षेत्र के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करमैनी पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में चर्म रोग, खांसी, वायरल बुखार व बदन दर्द, खासी, जुकाम सहित 40 मरीजों का स्वस्थ परीक्षण किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार कार्यक्रम के दौरान भाजपा के उपाध्यक्ष दिवाकर मणि ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि आरोग्य मेले में त्वचा, सर्दी व वायरल बुखार और बदन दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक थी। मौसम में बदलाव से संक्रामक बीमारियां बढ़ने लगी हैं। इस दौरान सलोनी श्रीवास्तव, जमील अहमद वारसी, रामजी कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, कन्हैया शर्मा, अमलेश तिवारी, योगेश गुप्ता, अभिषेक तिवारी, अरविंद राय, धर्मेंद्र मणि त्रिपाठी मौजूद रहे।

लक्ष्मीगंज प्रतिनिधि के अनुसार, आरोग्य मेले में रविवार को 60 मरीजों का इलाज किया गया। डॉ. संतोष नायक ने बताया कि बदलते मौसम में खानपान का ख्याल रखकर स्वस्थ रहा जा सकता है। लैब टेक्निशियन तृप्ति ने बताया कि मधुमेह के 10 मरीज, चर्म रोग के 20 मरीज, थायरॉइड के दो मरीज, 15 मरीज की रक्त की जांच, आठ मरीजों के बुखार की जांच की गई।

# थानाध्यक्ष छावनी जनार्दन प्रसाद के कार्यकाल में नहीं थम रहा है! मौत का जहरीला कारोबार


### जन एक्सप्रेस की मांग

जन एक्सप्रेस इस घिनौने कारोबार को उजागर करने के साथ-साथ पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद की कार्यशैली की उच्चस्तरीय जांच हो, और माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। यह समय केवल सवाल उठाने का नहीं, बल्कि जवाब देने और इंसाफ सुनिश्चित करने का है। जनता का गुस्सा अब सड़कों पर उतरने को तैयार है, और अगर पुलिस ने अब भी आंखें मूंदीं, तो यह वर्दी के लिए सबसे बड़ा कलंक होगा।

### सबसे बड़ा सवाल

थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद, आपकी यह चुप्पी आखिर किसके हित में? क्या आप माफियाओं के गुलाम बन चुके हैं? क्या वर्दी की साख को दागदार करने का ठेका आपने ले लिया है? जनता जवाब मांग रही है, और यह जवाब केवल कार्रवाई से मिलेगा।

- थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद- जनता के प्रहरी या माफियाओं के पहरेदार?
- कच्ची दारू से लाशें गिरती हैं, लेकिन थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद की कुर्सी स्थिर है क्यों?




### जहर का साम्राज्य, जनार्दन प्रसाद की लाचारी



छावनी की धरती पर शराब माफियाओं का ताज कानून को ठेंगा दिखा रहा है। छतौना से मलौली तक, हर गली में कच्ची शराब का जहर बिक रहा है, और पुलिस की नाक के नीचे यह काला धंधा बेरोकटोक फल-फूल रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह जहर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नष्ट कर रहा है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को तहस-नहस कर रहा है। कई परिवारों ने अपने कमाऊ सदस्य खो दिए, कई युवा नशे की दलदल में डूब गए, और गरीबों की जिंदगी इस जहर की भेंट चढ़ रही है। स्थानीय लोगो का कहना है कि थानाध्यक्ष साहब को सब पता है, फिर भी कुछ नहीं करते। क्या माफियाओं से मोटी रकम मिल रही है? हमारी शिकायतों का जवाब सिर्फ खामोशी है। ऐसी शिकायतें अब हर गली-मोहल्ले में गूंज रही हैं। जनता का सब्र टूट रहा है, और जनार्दन प्रसाद की निष्क्रियता ने इस आक्रोश को और भड़का दिया है।

### थानाध्यक्ष छावनी जनार्दन प्रसाद की नाकामी उजागर

थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद की नाकामी अब छावनी की सबसे बड़ी हकीकत बन चुकी है। उनकी चुप्पी ने माफियाओं को बेखौफ बना दिया है। सूत्रों का दावा है कि कई बार स्थानीय लोगों ने अवैध शराब के ठिकानों की जानकारी दी, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल दिखावा हुआ। छोटे-मोटे कारोबारियों को पकड़कर पुलिस अपनी पीठ थपथपाती है, लेकिन बड़े मगरमच्छ बेखौफ घूम रहे हैं। क्या यह निष्क्रियता सुनियोजित है? क्या जनार्दन प्रसाद का मौन माफियाओं के साथ किसी गहरे गठजोड़ का सबूत है?

### मौत का कारोबार, पुलिस की बेपरवाही

कच्ची शराब का यह धंधा अब केवल अपराध नहीं, बल्कि एक सामाजिक आपदा बन चुका है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, कच्ची शराब में जहरीले रसायनों की मिलावट इसे जानलेवा बनाती है। बस्ती में हाल के वर्षों में इस जहर से दर्जनों मौतें हो चुकी हैं, और सैकड़ों लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हुए हैं। यह जहर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नष्ट कर रहा है, बल्कि परिवारों को आर्थिक संकट में धकेल रहा है। मजदूर और गरीब वर्ग इसकी सबसे बड़ी मार झेल रहा है, जिनके लिए यह जहर दोहरी त्रासदी बन चुका है—नशे की लत और आर्थिक पतन।

### जनता का गुस्सा, सवालों का तूफान

छावनी की जनता अब और बर्दाश्त करने को तैयार नहीं। लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं, और थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद की नाकामी के खिलाफ आवाज बुलंद हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद्र ने कहा, 卐यह केवल एक थाने की नाकामी नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम का पतन है। अगर पुलिस माफियाओं की गुलाम बन गई है, तो जनता को इंसाफ कहां से मिलेगा? जनता के सवाल सीधे हैं—आखिर जनार्दन प्रसाद की यह चुप्पी किसके लिए? क्या माफियाओं की मोटी कमाई का हिस्सा थाने तक पहुंच रहा है? क्या वर्दी अब केवल एक मुखौटा बनकर रह गई है? ये सवाल न केवल छावनी की जनता के मन में हैं, बल्कि पूरे बस्ती जिले में गूंज रहे हैं।

### पुलिस की जिम्मेदारी, वर्दी की साख

पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह जनता के विश्वास को बहाल करे। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद से अपेक्षा है कि वे इस काले कारोबार के खिलाफ तत्काल और कठोर कदम उठाएं। माफियाओं को सलाखों के पीछे पहुंचाना उनकी नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है। यदि उनकी निष्क्रियता इसी तरह जारी रही, तो यह न केवल छावनी, बल्कि पूरे जिले के लिए एक खतरनाक संदेश होगा।

जन एक्सप्रेस। बस्ती

छावनी थाना क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का काला साम्राज्य एक ऐसी आग बन चुका है, जो बस्ती की सामाजिक और नैतिक संरचना को राख में बदल रहा है। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद की रहस्यमयी निष्क्रियता और संदिग्ध चुप्पी ने इस जहर को छतौना, बाघानाला, पटकापुर और मलौली जैसे क्षेत्रों की हर गली-नुक्कड़ तक फैलने का मौका दिया है। यह जहरीली शराब न केवल जिंदगियां निगल रही है, बल्कि परिवारों को तबाही के कगार पर और युवा पीढ़ी को नशे की गहरी खाई में धकेल रही है। जनार्दन प्रसाद की नाकामी ने शराब माफियाओं को बेलगाम कर दिया है, जो कानून की धज्जियां उड़ाते हुए बस्ती को नशे की चपेट में ले रहे हैं। आखिर यह मौन किसके हित में? क्या वर्दी अब माफियाओं की कठपुतली बन चुकी है? यह केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक ऐसी सामाजिक आपदा है, जो बस्ती की आत्मा को कुचल रही है। कच्ची शराब का यह काला कारोबार गरीबों के घरों को बर्बाद कर रहा है, युवाओं को नशे की दलदल में धकेल रहा है, और समाज के ताने-बाने को तहस-नहस कर रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह जहर हर गली में बेरोकटोक बिक रहा है, और पुलिस की नाक के नीचे यह धंधा फल-फूल रहा है। जनता का गुस्सा अब उबाल मार रहा है, और सवाल गूंज रहा है—थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद की यह खामोशी आखिर किसके लिए? क्या यह माफियाओं का संरक्षण है, या प्रशासनिक अक्षमता का घिनौना चेहरा? क्या जनार्दन प्रसाद का यह मौन माफियाओं के साथ किसी गहरे गठजोड़ का सबूत है? जनता जवाब मांग रही है, और यह जवाब केवल ठोस कार्रवाई से मिल सकता है।

पुलिस की नाक के नीचे यह धंधा फल-फूल रहा है। माफियाओं का दुस्साहस इस कदर बढ़ गया है कि वे दिन-दहाड़े शराब के अड्डे चला रहे हैं, और पुलिस की उदासीनता ने उनकी हिम्मत को और बढ़ा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद की निष्क्रियता ने माफियाओं को खुली छूट दे दी है। क्या यह मौन माफियाओं की कमाई का हिस्सा बांटने का नतीजा है? जनता का गुस्सा अब सड़कों पर उतरने को तैयार है, और पुलिस की चुप्पी इस आक्रोश को और भड़का रही है।

# मछुआ समाज के उत्थान को संकल्पबद्ध सरकार : डॉ.संजय निषाद

- मत्स्य विभाग की योजनाओं से सभी पात्र लाभार्थियों को किया जाएगा संतृप्त
- सेवा पखवाड़ा के दौरान कैंप लगाकर किया जाएगा योजनाओं का प्रचार-प्रसार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

प्रदेश सरकार मछुआ समाज के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिए कृतसंकल्प है। मछुआरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ तेजी से पहुँचाया जा रहा है। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री, मत्स्य विभाग, डॉ. संजय निषाद ने लोनिवि निरीक्षण भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कहीं।

उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत उपलब्ध कराया जाए। मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा से जोड़ा जाए तथा बैंकों से समन्वय स्थापित कर स्वीकृति की प्रक्रिया को तेज किया जाए। इसके साथ ही मछुआ दुर्घटना बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए।

### प्रेसवार्ता में दी योजनाओं की जानकारी

निरीक्षण भवन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मंत्री डॉ. संजय निषाद विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा मछुआ समाज के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ अब तेजी से जमीन तक पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। इस अवसर पर विधायक शाहगंज रमेश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव, मत्स्य अधिकारी शाहिद जमाल सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### महिलाओं को जोड़ा जाएगा लाभकारी योजनाओं से

मंत्री डॉ. निषाद ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। मछुआ समाज की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उनके कौशल विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि वे भी स्वावलंबी बन सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कैंप लगाकर पात्र लाभार्थियों को चिह्नित किया जाए और उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य सुनिश्चित हो।

### मत्स्य पालकों को मिले प्रशिक्षण व बीमा सुविधा

कैबिनेट मंत्री ने निर्देशित किया कि मत्स्य पालकों को आधुनिक तकनीक की जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके साथ ही उनका समुचित बीमा भी कराया जाए ताकि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

### जल्द बनेंगे आयुष्मान कार्ड

डॉ. संजय निषाद ने बताया कि ऐसे मत्स्य पालक जिनके आयुष्मान भारत कार्ड नहीं बने हैं, उनके कार्ड शीघ्र बनवाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिल सके।



# डायट में शिक्षकों का सुरक्षा एवं संरक्षा प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। बस्ती



बच्चों की सुरक्षा और विद्यालयों के संरक्षित वातावरण को सुनिश्चित करने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार से सुरक्षा एवं संरक्षा आधारित प्रथम बैच का प्रशिक्षण आरंभ हुआ। इस पहले चरण में जिले के 103 शिक्षक शामिल हुए।

उद्घाटन अवसर पर जिला अस्पताल के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार चौधरी एवं एसीएमओ संगम कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण की शुरुआत की। अतिथियों ने कहा कि इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, आपदा प्रबंधन और साइबर सुरक्षा जैसे अहम विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। शिक्षकों के माध्यम से ये बातें बच्चों तक पहुंचेंगी, जिससे वे किसी भी संकट या आपदा की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखते हुए दूसरों की भी मदद कर पाएंगे।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि फायर स्टेशन इंचार्ज कन्हैया लाल यादव ने आग से होने वाले खतरों और बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हादसों से बचाव का सबसे कारगर साधन जागरूकता और सतर्कता ही है।

प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता कल्याण पाण्डेय ने बताया कि प्रथम बैच में शामिल शिक्षकों को विद्यालय स्तर पर सुरक्षा की दृष्टि से प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे अभिभावकों को यह भरोसा मिलेगा कि उनके बच्चे एक सुरक्षित माहौल में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

प्रशिक्षण के पहले दिन संदर्भदाता रमेश विश्वकर्मा, वंशराज गुप्ता और अजीत सिंह ने विद्यालयों में सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं, स्वास्थ्य तथा सुरक्षित वातावरण पर प्रकाश डाला। इस दौरान अमन सेन, डॉ. रविनाथ, डॉ. गोविन्द, मो. इमरान खान, डॉ. ऋचा शुक्ला, वंदना चौधरी, कुलदीप चौधरी, शशि दर्शन त्रिपाठी, वर्षा पटेल, सरिता चौधरी, नवनीत वर्मा, रमाकांत गौतम, नागेश, संदीप, अखिलेश समेत अन्य ने सक्रिय योगदान दिया।

# ऑनलाइन कंपनियों का बहिष्कार, स्वदेशी अपनाने का आह्वान



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

### जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल ने किया जनजागरण कार्यक्रम का ऐलान

जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल ने स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने और विदेशी सामान का बहिष्कार करने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन ने पत्रकार वार्ता में कहा कि स्वदेशी सामान अपनाना ही देशहित में सही कदम है। उन्होंने विशेषकर महिलाओं और युवाओं से खरीदारी के दौरान स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने की अपील की।

नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने ऑनलाइन कंपनियों अमेज़ॉन और फ्लिपकार्ट से दूरी बनाने की बात कही और कहा कि विदेशी सामान के प्रयोग से देश कमजोर होता है। प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी और प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर ने भी व्यापारियों से इस आंदोलन में सहयोग की अपील की।

वहीं युवा कोषाध्यक्ष संतोष अग्रहरि ने कहा कि पूरे भारत में स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जनजागरण चलाया जाएगा। व्यापार मंडल ने दुकानों पर स्वदेशी अपनाओ के स्टिकर लगाकर अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री रामकुमार साहू, नगर महामंत्री मनोज कुमार साहू, मुन्नालाल अग्रहरि, युवा जिला अध्यक्ष संतोष अग्रहरि फार्मेसी, युवा महामंत्री शिशिर गुप्ता सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ करने सबरहद पहुंचे डीएम



- कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों के बीच बीएसए संग पहुंच किया निरीक्षण, आईसीटी लैब का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सबरहद गांव स्थित अभिनव कम्पोजिट विद्यालय पहुंच जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र ने निरीक्षण कर आई सी टी लैब का उद्घाटन किया। वहीं स्कूल में हरियाली स्वच्छता सुंदरता बच्चों के ड्रेस कमरे की व्यवस्था साफ सफाई पर प्रधानाध्यापक अशोक सोनकर की तारीफ की।

जिलाधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरख नाथ पटेल तहसीलदार आशीष कुमार सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी वसंत कुमार शुक्ला समेत विद्यालय पहुंचे। यहां सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) कक्ष का फीता काट उद्घाटन किया। वहीं शिक्षण सहायक सामग्री (टीएमएल) उपकरण का निरीक्षण के साथ एस्ट्रोनॉमी लैब का निरीक्षण कर छात्रों से इसके बाबत प्रश्नोत्तर किया गया। छात्रों के जवाब से संतुष्ट डीएम ने नामांकन नवाचार एवं उत्कृष्ट कायाकल्प एवं आईसीटी हेतु राज्य सरकार से पुरस्कृत प्रधानाचार्य अशोक सोनकर की जमकर प्रशंसा की। वहीं ग्राम प्रधान मुकेश राजभर की भी सहयोग हेतु तारिफ किया। छात्रों की संख्या 607 के सापेक्ष कक्ष निर्माण हेतु बीएसए को निर्देशित किया। वहीं बच्चों संग सुरुचिपूर्ण निर्मित भोजन किया। साथ ही छात्रों को फल वितरित किया।

इस दौरान अध्यापक पुष्पा सोनकर, तशनीन फातिमा, तबस्सुम फातिमा, रीमा सोनी, अंशुल पांडेय, संजना पासवान, सरोज कुमारी, राजेन्द्र प्रसाद, रमेश कुमार, उमाशंकर शशिकला आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय अंडर 14 कबड्डी टीम चयन के लिए प्रतियोगिता का आयोजन



जन एक्सप्रेस। बस्ती

स्पोर्ट फॉर स्कूल के तहत बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश के क्रम में अंडर 14 बालक और बालिका कबड्डी टीम के चयन हेतु प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को स्थानीय बीआरसी परिसर में किया गया। जिला व्यायाम शिक्षक भूपेश सिंह और ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सर्वदेव सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिला व्यायाम शिक्षक की देखरेख में जनपद के सभी ब्लॉकों के खिलाड़ियों ने चयन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बालक और बालिका प्रत्येक वर्ग में 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया गया। यह सभी खिलाड़ी बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के बीच होने वाली अंडर 14 कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। आठ राउंड के खेल के बाद अंतिम रूप से खिलाड़ियों का चयन हो पाया। प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने में खेल शिक्षक दीपक सिंह, पवन मिश्र, राजकुमार, उत्तम वर्मा, जितेंद्र, अनिल, शंभूनाथ, सुनील, अरुण, बृजेश मिश्र, प्रेम कुमार आदि ने सहयोग किया।

# मछलीशहर पड़ाव हादसा नहीं, ट्रिपल मर्डर है- रागिनी सोनकर

## पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की उठी मांग

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मछलीशहर पड़ाव पर खुले नाले और करंट उतर रहे बिजली के खम्भे के कारण तीन लोगों की मौत से जुड़ा मामला अब राजनीतिक गलियारों में गूंजने लगा है। सोमवार को जौनपुर में सपा विधायक मछलीशहर डा. रागिनी सोनकर, सपा प्रदेश सचिव सुशील चन्द्र दुबे और समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव उषा जायसवाल ने मृतकों के परिजनों को न्याय दिलाने की जोरदार मांग उठाई। नेताओं ने बताया कि हादसे से पूर्व स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को कई बार सूचना दी थी कि पोल में करंट उतर रहा है, लेकिन विभाग ने लापरवाही बरती। परिणामस्वरूप 24 वर्षीय प्राची मिश्रा, 18 वर्षीय मो. समीर और ई-रिक्शा चालक शिवा गौतम की करंट से दर्दनाक मौत हो गई। शव बरामदगी के लिए भी परिजनों को एक दिन का इंतजार करना पड़ा। सपा नेताओं ने कहा कि इस घटना के लिए बिजली विभाग, नगर पालिका परिषद और एसटीपी विभाग सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। बावजूद इसके अब तक पीड़ित परिवारों को न्याय और उचित मुआवजा नहीं मिला है।



### सपा नेताओं की प्रमुख मांगें

- प्रत्येक मृतक परिवार को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए।
- मृतकों के परिजनों में से एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।
- हादसे के दोषी अधिकारियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए।
- नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवारों को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो समाजवादी पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी

# शत प्रतिशत अपराध रोकने के लिए आम जन का सहयोग जरूरी

## पुलिस बूथ के उद्घाटन पर बोले क्षेत्राधिकारी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन गौसपुर बाजार में नव निर्मित पुलिस बूथ का शुभारंभ सोमवार को क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने किया। कहा कि बूथ के संचालन से क्षेत्र वासियों को सुरक्षा को लेकर त्वरित सहायता मिलेगी।

श्री सिंह ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर शत प्रतिशत अंकुश तभी लग सकता है,जब आम जन मित्र की तरह पुलिस का सहयोग करे। अक्सर शिकायतें मिलती थी कि किसी घटना के बाद पुलिस देर से पहुंचती है। जब पुलिस स्टेशन घटनास्थल से दूर होता है तो विलंब से पहुंचना स्वाभाविक हो जाता है।




उन्होंने कहा कि इस बूथ के संचालन से जहां अपराधी पर रोक लगेगी। वहीं स्थानीय लोग भयमुक्त होकर अपना काम करेंगें। चौबीस घंटे पुलिस बल तैनात रहने से व्यवसायियों से लेकर आम जन सभी खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे। इसके अलावा क्षेत्रीय संभ्रांत जनों का जुड़ाव भी पुलिस के साथ बढ़ेगा। इस मौके पर थानाध्यक्ष चन्दन राय, उप निरीक्षक महेंद्र यादव, सत्येंद्र सिंह, परमानंद तिवारी, प्रधान संतलाल सोनी, पद्माकर उपाध्याय एडवोकेट, रामदेव, प्रमोद सिंह, कुलदीप, सुरेंद्र, सोनू यादव आदि मौजूद रहे।

### मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत भादी ग्रामसभा के कोरवलिया गांव निवासी एक युवक की कौड़िया गांव में टावर पर काम करने के दौरान करेंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने इलाज हेतु निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के उक्त गांव निवासी 23 वर्षीय अजय यादव पुत्र संतलाल यादव रविवार को कौड़िया गांव स्थित एक टावर पर काम करने के दौरान करेंट लगने से गंभीर रूप से सुलझ कर जमीन पर गिरा हुआ था। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने देखा तो घटना की सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में युवक को इलाज हेतु एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

# श्री देव दीपावली समिति का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर के पुरानी बाजार मोहल्ले में श्री देव दीपावली समिति गोकुल घाट के तत्वाधान में 17वां शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह बीते दिन संपन्न हुआ। बता दे, कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश वंदना के साथ हुई साथ ही बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की, व कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के साथ जुड़े सभी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। वही, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ रामसूरत मौर्य, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ सुभाष सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ अंजना सिंह ने समिति के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के संस्थापक आनंद कुमार मिश्रा, अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता, महामंत्री डॉ मनीष कुमार गुप्ता सहित अन्य लोगों मौके पर मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सफाई के नाम पर उचक्कों ने उड़ाया लाखों के जेवरात

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज नगर के एराकियाना मोहल्ला में उच्चकों ने एक महिला से सोने चांदी के जेवरात साफ करने के बहाने लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए। जब तक महिलाओं को आभास हुआ तब तक उच्चके फरार हो चुके थे। नगर के एराकियाना मोहल्ला निवासी पूर्व सभासद मोहम्मद हलीम पुत्र जमाल अहमद के घर पहुंचे दो युवकों ने आभूषण साफ करने की बात महिला से कहीं तो महिला ने पहले चांदी की एक बिछिया ले आयी। जिसे उच्चको ने साफ करके दे दिया। जिसके बाद महिला ने सोने व चांदी के आभूषणों को साफ कराने के लिए लेकर आयी। जिसे महिला के समाने एक बर्तन में डालकर झाग भर दिया। और कहा कि इसको घर में ले जाकर रखा देना कुछ देर बाद खोलना तब तक साफ हो जाएगा। उच्चको के जाने के बाद जब महिला ने बर्तन को खोल कर देखा तो सभी जेवरात गायब देख महिला के होश उड़ गए। जब घटना की जानकारी परिजनों को हुई। तब तक उच्चके फरार हो चुके थे। पीड़ित के मुताबिक गायब हुए जेवरात की कीमत लगभग तीन लाख रुपए है।

### जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान बस्ती में आज से नवाचार महोत्सव

जन एक्सप्रेस। बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बस्ती में आज से नवाचार महोत्सव एवं नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम-2025 की शुरुआत हो रही है। यह दो दिवसीय आयोजन 23 और 24 सितम्बर को पूर्वाह्न 10 बजे से होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व प्रशिक्षकों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपने अनुभव, नवाचार और शिक्षण पद्धतियों को साझा कर सकें। इस मौके पर विभिन्न शैक्षिक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिनमें विद्यालयों में किए गए प्रयोगों और सफल प्रयासों को प्रस्तुत किया जाएगा।



इससे न केवल अन्य शिक्षकों को प्रेरणा मिलेगी बल्कि जिले की शिक्षा व्यवस्था को भी नई दिशा मिलेगी। डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि इस आयोजन से शिक्षकों को अद्यतन शिक्षण विधियों की जानकारी मिलेगी। वहीं नोडल प्रवक्ता डॉ. गोविन्द प्रसाद ने कहा कि नॉलेज शेयरिंग सत्र में विशेषज्ञ शिक्षकों को नई तकनीकों और संसाधनों से अवगत कराएंगे। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस तरह के आयोजन से न केवल शिक्षकों के कौशल में वृद्धि होगी बल्कि छात्रों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी।

# पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में विकास कार्यों की समीक्षा की

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**




सोमवार को मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास / प्रभारी मंत्री उन्नाव श्री धर्मपाल सिंह जी द्वारा जनपद में आगमन के असवर पर सर्वप्रथम नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म पर पत्रकार बन्धुओ के साथ प्रेसवार्ता कर जी एस टी की नवीनतम दरों से जनसामान्य व उपभोक्ताओं को होने वाले फायदों के बारे बताया। तत्पश्चात मंत्री द्वारा निरीक्षण भवन के सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश की उपस्थिति में विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मंत्री ने सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम मिशन शक्ति 05 की जानकारी ली। जिलधिकारी श्श गौरांग राठी ने महिला सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन के सम्बंध में मिशन शक्ति 5 के द्रष्टिगत जनपद में चलाए जा रहे कार्यक्रमो के सम्बंध में गंभीरता से जानकारी माननीय मंत्री जी को दी। माननीय मंत्री जी ने कहा कि मिशन शक्ति से सम्बन्धित हेल्प लाइन और जी एस टी के हेल्पलाइन नंबर का बेहतर ढंग से प्रचार प्रसार किया जाए। तहसील और महत्वपूर्ण चौराहों पर उन नंबरों के पोस्टर लगाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं और बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण शतप्रतिशत करा दिया जाय। कहा कि जो व्यक्ति छूट गए हैं उनका आधार कार्ड, राशन कार्ड, बनाया जाए। इसी प्रकार 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड कैम्प लगाकर बनवाया जाए। मंत्री जी ने कहा कि उन्नाव का सम्पूर्ण विकास हो योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने के लिए सभी अधिकारी कार्य करें। कहा मत्स्य पालन को बढ़ावा देंने के लिए कार्यवाही करें। माननीय मंत्री जी अंडा उत्पादन में प्रदेश की प्रगति सुधरे इसके लिए मुर्गी फार्म खोलने के निर्देश दिए। माननीय मंत्री जी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को लंपी डिजीज के वैक्सीन शासन से मांग कर रिजर्व रखने के निर्देश दिए। कहा भेड़ बकरी सुवर पालन के लिए लोगों को जागरुक करें योजनाओं को बताएं। कहा उत्तर प्रदेश दूध उत्पादन के लिए नम्बर वन पर हैं देशी गाय और अच्छी नस्ल की गायों के पालन पर जोर दिया जाय। नस्ल सुधार और कृत्रिम गर्भाधान के लिए कार्यवाही किया जाय।

मंत्री जी ने कहा कि परिसम्पतियों के बिकास पर बढ़वाया दिया जाय साथ ही जनपद में औद्योगिक पार्क को बढ़ावा दिया जाए। मंत्री जी ने कहा कि शहरी नियोजन को प्राथमिकता दिया जाए। कहा सेवा पखवाड़े में यातायात के नियमों की जागरूकता के लिए कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि दवाएं सबको मिलती रहे चिकित्सा सुविधा का लाभ सबको मिलता रहे। मंत्री जी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राशन सबको मिले कोई भी वंचित न रहे।

कहा जो दुकान निलंबित हैं उनका प्रस्ताव भी कराएं। जिलाधिकारी ने मंत्री को बाढ़ के सम्बंध में राशन किट वितरण और भोजन पैकेट वितरण सहित अन्य की गई व्यवस्थाओं के बारे में गंभीरता से जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसलों का जो नुकसान हुआ है सर्व कराकर लाभ दिया जाए इसी प्रकार जो रोड क्षतिग्रस्त हुई है उसको सुधार किया जाए। कहा जो विद्दुत लाइन और पोल टूटे हैं तार ढीले हैं उनको सही करा दिया जाए। कहा कि त्योहारों में पुलिस अलर्ट रहे सकुशल शान्ति पूर्ण त्योहार निपटाएं।

**मुख्य रूप से उपस्थित रहे**

विधायक सदर पंकज गुप्ता सफीपुर विधायक बम्बा लाल दिवाकर बांगर मऊ श्री कांत कटियार मोहान श् ब्रजेश रावत जी स्र्स्ष्ट अरुण पाठक रामचंद प्रधान जी बीजेपी अध्यक्ष अनुराग अवस्थी जी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी गण अधिकारियों में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृतिराज अपरजिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री सुशील कुमार गोंड़ अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# 22 छात्र पढ़ाने को 9 शिक्षक फिर भी गुणवत्ता खराब, भड़के डीएम होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने प्रा0 अंग्रेजी मीडियम विद्यालय उमर्दा के निरीक्षण दौरान शिक्षक अनिरूद्ध कुमार ने बताया कि विद्यालय में 22 छात्र हैं, एवं 9 शिक्षक हैं। उन्होनें विद्यालय में शिक्षण कार्य की स्थिति को जाना और शिक्षण की खराब गुणवत्ता मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये उपजिलाधिकारी तिर्वा को निर्देश दिये कि टीम बनाकर एक सप्ताह तक इस विद्यालय की मानीटरिंग की जाये, गुणवत्ता में सुधार न आने पर संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये। कहा कि रोस्टर बनाकर फल एवं मिड-डे मिल बच्चों को वितरित किया जाये। मिड-डे मिल एवं फल वितरण से बच्चों को वंचित रखा गया तो संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होनें वहां पर पंचायत घर बंद पाये जाने पर कहा कि पंचायत का कार्य पंचायत भवन में ही सम्पन्न होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने बीएलओ निर्देश दिये कि बीएलओ एप्प पर ही निर्वाचन संबंधित कार्य किया जाये, जिस पर बताया गया कि ग्राम पंचायत में सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं, तथा 145 फार्म प्राप्त हुये हैं,

जिसको एप्प के माध्यम से ऑनलाइन भरने की कार्य जा रही हैं। उन्होनें कहा कि बिना किसी भेदभाव को निर्वाचन संबंधित कार्य सम्पादित किया जाये। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही छम्य नही होगी। उन्होंने विद्यालय की खाली पड़ी भूमि पर वृक्षारोपण कराये जाने के निर्देश दिये।

आंगनवाड़ी केन्द्र बंद पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि पोषाहार वितरण एंव शिक्षण कार्य समय से सम्पादित किया जाये, अन्यथा संबंधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी तिर्वा, तहसीलदार तिर्वा, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाकी बचे 28 विद्यालयों में अतिशीघ्र बिजली कनेक्शन दें: डीएम

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विद्युत विभाग एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे समन्वित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के 83 प्राथमिक विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था की जानी थी, जिनमें से 55 विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करा दिए गए हैं, जबकि 28 विद्यालयों में कार्य अभी शेष है। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष विद्यालयों में भी शीघ्रातिशीघ्र विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएँ। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्य अभियानात्मक ढंग से पूर्ण कराए जाएँ और प्रगति की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बिजली की उपलब्धता से स्मार्ट क्लास, पंखे, लाइट एवं अन्य सुविधाएँ सुचारू रूप से संचालित होंगी, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई की गुणवत्ता और बेहतर होगी।

जिलाधिकारी ने बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं सड़कों के कार्यों की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएँ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराई जाएँ। कहा कि सड़कों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। कार्यों में लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन परियोजनाओं के स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाए और कार्य की गति को तेज किया जाए, ताकि जनता को शीघ्र ही बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही संपन्न हों।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी वीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मिशन शक्ति 5.2 के तहत मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

मिशन शक्ति 5.2 के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के उपलक्ष्य पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छिबरामऊ के सभागार में मुख्य अतिथि विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडे की अध्यक्षता में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। महिला कल्याण विभाग की तरफ से 29 शिशु बालिकाओ को बेबीकिट, कपड़े, डायपर, मिठाई, कपड़े का तौलिया वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में समान लिंगानुपात स्थापित करना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक, बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा में सुधार करना,बालिकाओं के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं बच्चे के जन्म के प्रति आत्मजजन मे सकारात्मक सोच विकसित करना आदि प्रमुख उद्देश्य है कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा आज बालिकाये सभी क्षेत्रों में आगे है। हमारी बहन बेटियां आईएएस और आईपीएस बन कर प्रशासनिक क्षेत्रों में कार्य कर रही है। बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं समझा जाए, बेटा और बेटी एक समान है इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज बालिकायो को अच्छी शिक्षा एवं अच्छा पालन पोषण की आवश्यकता है हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन से प्रतिमा दुबे द्वारा बालिकाओ की सुरक्षा हेतु हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपात कालीन सेवा 112, आदि के बारें महिलाओं व बालिकाओं को जानकारी दी ! स्वास्थ्य चिकित्सा केंद्र डॉक्टर राहुल मिश्रा ने कहा ने कहा कि हमें समाज में नकारात्मक परंपराओं एवं कुरीतियों को समाप्त करना होगा होगा कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्त्ता अंकुश कुशवाहा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन से शालिनी सक्सेना, अनुपम, प्रदीप, जिला बाल संरक्षण इकाई से अजीत राठौर, सतीश पाल सहित अन्य संबधित लोग उपस्थित रहे।

# देश के युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष विचार रखने का सुनहरा अवसर



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

माय भारत कन्नौज युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज 2026 प्रतियोगिता का पंजीकरण प्रारंभ हो गया है जो 15 अक्टूबर तक चलेगा। इस प्रतियोगिता में युवाओं की अधिकतम भागीदारी एवं अभियान की सफलता के लिए नेहरू पी जी कॉलेज छिबरामऊ में जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी की अध्यक्षता में संस्थान के बच्चों के साथ सभा कक्ष में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । मेरा युवा भारत कन्नौज के जिला युवा अधिकारी ने प्रधानमंत्री के 2047 के पूर्व भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में ले जाने के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग क्विज 2026 में अधिक से अधिक युवाओं को भाग लेने की अपील किया । उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम 10000 युवाओं को पुरस्कृत किया जाएगा तथा 3000 युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दिल्ली में जाने का अवसर मिलेगा। कॉलेज के सहायक प्रोफेसर राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं डॉ आशीष गुप्ता ने तकनीकी सपोर्ट से विद्यार्थियों को माय भारत पर पंजीकरण एवं प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रक्रिया को प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाया।

वही कॉलेज की प्रभारी प्रधानचार्या डॉ बबीता यादव जी द्वारा छात्रों को अधिक संख्या मे पंजीकरण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम मे डॉ उदय पाल सिंह, डॉ.कृष्ण कुमार यादव, डॉ.राजीव, प्रोफेसर लोकेन्द्र कुमार, नारायण तिवारी, चक्रेश पांडे आदि की कार्यक्रम मे सहभागिता प्राप्त हुई।

# कृषक उर्वरक वितरण व्यवस्था से संतुष्ट




**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

अपर जिला सहकारी अधिकारी तिर्वा सुभाष चंद्र यादव ने सहायक विकास अधिकारी सहकारिता पंकज त्रिपाठी के साथ सहकारी समिति तिर्वा, बलनपर, तथा उमर्दा में हो रहे उर्वरक वितरण का निरीक्षण करके 300 कृषकों को लगभग 900 बोरी फास्फेटिक उर्वरक वितरण कराया तथा कर्मचारियों को पारदर्शिता के साथ उर्वरक वितरण के निर्देश दिए। कृषकों से संवाद कर सदस्यता महा अभियान2025 से जुड़कर समितियों के सदस्य बनने तथा समितियों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया तथा कृषकों को आश्वस्त किया कि जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। प्रत्येक कृषक को बिना किसी परेशानी के उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। कृषकों द्वारा उर्वरक वितरण व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया गया एवं अपर जिला सहकारी अधिकारी के समझाने पर सदस्य बनने में सहमति व्यक्ति की गई।

# एक्सप्रेस खबरें...

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। पुरवा।** ट्रक की टक्कर बाइक में लगने से बाइक सवार सडक पर गिरने से घायल हुए जिन्हे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिये गये। सोमवार को करीब तीन बजे सदर कोतवाली के गदन खेडा की 18 वर्षीय दीक्षा अपने साथी दही थाना के गांव दुर्जन खेडा के मोनू 24 के साथ बाइक में बैठकर अपनी नानी के घर पाटन जा रहीं थी। जैसे ही पुरवा उन्नाव रोड़ पर उचगांव किला गांव के बाइक सवार दोनों पहुंचे ही थे। तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक की पर टक्कर लगने से बाइक सवार मोनू व दीक्षा सडक पर गिरने से घायल हो गये। लोगो की मदद से दोनो घायलों को सीएचसी भेजा गया जहां चिकित्सक ने मोनू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ट्रक मौके से चालक भाग गया। डा यूके सिंह ने बताया कि मोनू के सर पर चोट की वजह से रेफर किया गया है।

## फाइलेरिया रोकथाम के लिए चलेगा एमडीए अभियान

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** विकासखंड क्षेत्र के गांव जनसार में स्वास्थ्य विभाग को जांच के दौरान एक फाइलेरिया रोगी मिला था। फाइलेरिया रोकथाम के लिए विभाग द्वारा गांव में एमडीए अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए सीएचसी पर संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।डीएमओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि नवाबगंज क्षेत्र में फाइलेरिया की समय समय पर कराई जाने वाली जांच के दौरान जनसार गांव में एक नया रोगी स्वास्थ्य विभाग की टीम को मिला। विभाग अब गांव में फाइलेरिया से बचाव के लिए एमडीए अभियान चलाएगी। जिसमें ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को नवाबगंज सीएचसी में सोमवार को प्रशिक्षण दिया गया। अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया विभाग द्वारा जनसार गांव में अभियान 23 सितंबर से शुरू किया जाएगा। इस दौरान बायोलॉजिस्ट के के गुप्ता, पार्थ संस्था जिला समन्वयक आलोक शर्मा, सीएफएआर संस्था के समन्वयक रवि, प्रीती चंद्रा, बीपीएम संगीता गौतम, पर्वेक्षक प्रशांत दीक्षित समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## सीएचसी जैदपुर में लगा स्वास्थ्य षिविर

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सोमवार को जैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय से शिविर में आए विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परामर्श एवं उपचार किया। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ.सुरेंद्र कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.लवभूषण गुप्ता, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.शकील अहमद, सर्जन डॉ.उमंग वर्मा,डॉ.पंकज चैधरी,डॉ.सौम्या शुक्ला,डॉ.शिवानी कंदर्प,डॉ.राजीव टंडन सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर के अधीक्षक डॉ जगदीश कुमार,डॉ दिवेश पटेल,डॉ हेमंत कुमार,डॉ नजमुल आरफीन सिद्दीकी व अन्य चिकित्सकों ढाई सौ के करीब मरीजों को देखकर उपचार किया गया। जिसमें 69 पुरुष 140 महिलाए व 30 बच्चे शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ शाहिन्दा खालिद, चीपफर्मेसिस्ट राकेश कनौजिया, अमरेश कुमार, कुलदीप सचान, सरवन कुमार, सरोज कुमारी, ज्योति, मुकेश, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

## संदिग्ध अवस्था में युवक की लटकती मिली लाष

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिद्धौर।** असंद्रा थाना क्षेत्र में सोमवार को सुबह एक युवक का शव छत के छल्ले से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना क्षेत्र के भौसिंहपुर मजरे दुल्लापुर गांव निवासी अखिलेश सिंह उर्फ राजा (22) पुत्र भैरव सिंह अपने घर में अकेले रहते थे। उसके पिता और अन्य परिजन हरियाणा में रहते हैं। अखिलेश शनिवार शाम से घर से बाहर नहीं निकले तो उनके चाचा शिवसिंह सोमवार सुबह उसे देखने घर के अंदर गए। अंदर कमरे की छत के छल्ले में उसका शव लटका देख उनके होश उड़ गए। तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। डायल 112 पुलिस ने इसकी सूचना असंद्रा पुलिस को दी।

# निकली कलश यात्रा, साथ में चले कोतवाली प्रभारी

## भक्तों के साथ कदम से कदम मिलाकर चली पुलिस



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जैदपुर। जैदपुर थाना क्षेत्र के न्यौछना गाँव में दुर्गा माँ की प्रतिमा को स्थापित करने के लिए रविवार की रात्रि तीन बजे कलश यात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसमें महिलाओं के साथ पुरूष व बच्चे शामिल थे। गाजे बाजे के साथ गाँव से निकली गई कलशयात्रा कजियापुर, लोहारपुर, देवकली, अमहदपुर, उधौली चैराहा से उम्बौर होते हुए गुलरिहाघाट पर पहुंची। रात्रि में निकाली गई कलश यात्रा में में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने लिए भक्तों के साथ थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, दरोगा हलीम बाबू, दरोगा दीवाकर सिंह, सिपाही सुनील कुमार, सुग्रीव कुमार व अन्य पुलिसबल कदम से कदम मिलाकर दस किलो मीटर तक पैदल चलते रहे। कलशयात्रा जब तक गुलरिहा घाट तक पहुंच नही गई तबतक पुलिस साथ में चलती रही। जबकि कलश यात्रा में शामिल लोग पुलिस कहते थे कि आप लोग गाड़ी पर बैठकर चलें।

इस मौके पर मुख्य रूप से सूरज गुप्ता,दीपक दीक्षित, सरोज मिश्रा, प्रदीप वर्मा सहित सौक्ड़ों भक्तगण शामिल थे। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया की कलशयात्रा में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिस कर्मियों को पैदल चलना पड़ा है।

### 63 स्थानों पर सजा माता का दरबार

जैदपुर थाना क्षेत्र के कस्बा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार 63 स्थानों पर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर माताजी की प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए हर पंडाल में पुलिस के साथ महिला आरक्षी की तैनाती की गई है। माताजी की प्रतिमा रखने के लिए पंडाल को बहुत भव्य तरीके से सजाया गया है। जैदपुर कस्बे के मोहल्ला गढ़ीकदीम, संतोषी माता मंदिर, गढ़ीराखमऊ, गोठिया, अजपुरा, मुरलीगंज, बीबीपुर, गोछौरा, बरायन, वजीउद्दीपुर, सोहिलपुर, इनामीपुर, बलछत, बोजा, मौथरी, हरख, मानपुर, तेजवापुर आदि स्थनों पर रखी प्रतिमाओं पर कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 63 स्थानों पर नवरात्रि पर प्रतिमा रखी गई हैं।

## मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने वाला गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र की एक गाँव निवासी युवती को युवक लंबे समय से मोबाइल पर अश्लील मैसेज व टिप्पणी करता था। पीड़िता की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस पंजीकृत हुआ था। केस दर्ज होते ही जैदपुर पुलिस के साथ साइबर क्राइम थाने की टीम अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए लग गई थी। जैदपुर थाना क्षेत्र के शाहजादपुर निवासी अभियुक्त अमन मौर्या पुत्र रामनाथ मौर्या को गाव के बाहर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को पकड़ने में साइबर क्राइम थाना प्रभारी संजीव कुमार यादव व जैदपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर किया गया है।

# काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देश भर के सेवारत प्राथमिक शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट उत्तीर्ण किये जाने के आदेश की बाध्यता से मुक्त किये जाने एवं भारत सरकार द्वारा एनसीटीई की नियमावली 2017 में संशोधन किये जाने को लेकर अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ उ.प्र. के तत्वावधान में प्राथमिक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए तीसरे संघर्षपूर्ण आंदोलन की घोषणा की गई है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस आंदोलन में सोमवार से आगामी 15 अक्टूबर तक प्रतिदिन शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में हाथ पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया जाएगा। जनपद के समस्त विकास खंडों में एवं जनपद मुख्यालय पर प्रतिदिन हस्ताक्षर अभियान चलाकर इस अभियान की कॉपी सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ई-मेल के माध्यम से प्रेषित की जाएगी। आंदोलन कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, बेसिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश को भी प्रेषित की जाएगी।

इस मौके पर फतेहपुर ब्लॉक में जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह, दिनेश मौर्य, विष्वजीत सिंह, अनवार अहमद, प्रवेश कुमार सिंह आदि लोगों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया।

# जीएसटी की दरो में कमी, व्यापारियों को मिलेगा फायदा : सतीश शर्मा



- नगर पंचायत दरियाबाद की गलियों में घूमे प्रदेष के राज्यमंत्री, व्यापारियों से किया संवाद

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सोमवार को प्रदेष के राज्यमंत्री सतीष शर्मा ने नगर पंचायत दरियाबाद की गलियों में पार्टी के पदाधिकारियों के साथ घूम करके व्यापारियों से मुलाकात की और उनको जीएसटी से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर बोलते हुए प्रदेष के राज्यमंत्री सतीष शर्मा ने कहा कि देष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों का दर्द समझते हैं। इसी उद्देष्य से उन्होने जीएसटी के दरों में भारी कमी की है जो नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो गयी है। गरीबों को अब काफी महंगा सामान नही खरीदना पड़ेगा। घरेलू उत्पादनों के साथ साथ वाहनों में भी जीएसटी के दरों में कटौती की गयी है। उन्होने आगे कहा कि जीएसटी के दरो में कमी होने के कारण किसानों को भी इसका लाभ आने वाले दिनों में मिलेगा। सतीष शर्मा दुकानों दुकानों पर जा करके व्यापारियों से मिले और उनका हालचाल पूछा साथ ही में जीएसटी के दरों में कमी से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। लगभग एक घण्टे तक प्रदेष के राज्यमंत्री सतीष शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र में घूमें दुकानदारों के साथ साथ उन्होने आम नागरिकों से भी मुलाकात करके उनका हाल चाल जाना। इस मौके पर श्री शर्मा के साथ में क्षेत्र के कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

## लालेष्व महादेव मंदिर में बनेगा रैन बसेरा

प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने सिल्हौर गांव स्थित प्राचीन लालेष्वर महादेव मंदिर के 74 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि यह मंदिर क्षेत्रीय लोगों की आस्था का केंद्र है। वर्षों से यहां रैन बसेरा, महिला-पुरुष शौचालय और शुद्ध पेयजल की कमी के कारण श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि शासन से बजट स्वीकृत होने के बाद अब मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ दर्शन का अवसर मिलेगा। श्री शर्मा ने कहा कि मंदिर का विकास होने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढावा भी मिलेगा। इस मौके पर प्रदीप सिंह अमर सिंह हरिशंकर तिवारी जितेंद्र सिंह रुपेश प्रताप सिंह लकी और बीडीओ विनय मिश्र समेत तमाम ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फर्जी हस्ताक्षर की होगी फॉरेन्सिक जांच

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन कन्नौज की ओर से एक गंभीर मामला सामने आया है। 22 सितम्बर को एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गिरजेश तिवारी, प्रान्तीय प्रतिनिधि युवराज सिंह व महामंत्री विनोद पटेल ने ज्ञापन देकर बताया कि तथाकथित जिलाध्यक्ष, प्रधान संगठन चन्द्रकान्त यादव, प्रधान-शरदपुर द्वारिकापुर (छिबरामऊ) ने मण्डलायुक्त, कानपुर को भेजे गए शिकायती पत्र में उनके फर्जी हस्ताक्षर अंकित किए हैं। साथ ही 19 मार्च 2025 की समिति की कार्यवाही व ज्ञापन का भी दुरुपयोग किया गया है।

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने शिकायत को निराधार व मनगढ़ंत बताते हुए इसका खण्डन किया है। उन्होंने कहा कि जिला परियोजना प्रबन्धक शलभ त्रिपाठी ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं और अधिकांश पंचायत सचिव उनके आचरण से संतुष्ट हैं। एसोसिएशन की मांगें हैं कि फर्जी हस्ताक्षरों की फॉरेन्सिक जांच कराई जाए। दोषी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। भविष्य में फर्जी हस्ताक्षर व झूठी शिकायतों पर रोक लगाई जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि एसोसिएशन की मांग पर हस्ताक्षर की फॉरेन्सिक जांच के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर दिया गया है।

## जीएसटी बचत उत्सव: पीएम मोदी ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र, दुकानदारों से की अपील

# 'मेड इन इंडिया' उत्पाद बेचे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने लोगों को लिखे पत्र में कहा, इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा।



### पीएम मोदी ने स्वदेशी अपनाने की अपील की

उन्होंने लिखा, देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे संकल्प को सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। अभी जो नए जीएसटी रिफॉर्म्स आए हैं, उनसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जब भी आप अपने देश के कारीगरों, श्रमिकों और इंडस्ट्री के बनाए सामान को खरीदते हैं, तो आप कई परिवारों की रोजी-रोटी में मदद करते हैं और देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करते हैं। पीएम मोदी लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वे स्वदेशी सामान ही बेचें। आइए गर्व से कहें, ये स्वदेशी है।आपके घर की बचत बढ़े, आपके सपने पूरे हों, आप अपने पसंद की चीजों को और त्योहारों की खुशी को बढ़ाएं...इसी यही कामना है। एक बार फिर, मैं आपको नवरात्रि के साथ ही 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुभकामनाएं देता हूं।

### इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, नए जीएसटी रिफॉर्म्स की विशेषता यह है कि अब मुख्य रूप से सिर्फ दो ही दरें रहेंगी। रोज़मर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और कई अन्य सामान अब जीरो टैक्स- यानी 5 प्रतिशत की दर से ही मिलेंगे। बाकी सामानों पर टैक्स दरें भी कम हुई हैं। घर और परिवार से जुड़ी ज्यादातर चीजें और सेवाएं अब 5 प्रतिशत टैक्स दर से ही उपलब्ध होंगी। यानी इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ है। आने वाले समय में और आसान होता जाएगा। नए इंश्योरेंस प्लान भी अब जीएसटी को छोड़कर ही दिए जाएंगे। उन्होंने लिखा, मुझे ये देखकर अच्छा लगा कि कई दुकानदार और व्यापारियों ने अपने यहां 'पहले और अब' के बोर्ड लगाए हैं, जिसमें लोगों को दिखाया जा रहा है कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। हमारी जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब सरकार ने अनेक वस्तुओं के टैक्सों को खत्म कर कारोबारियों को बहुत राहत मिली थी। अब ये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स हमें और आगे ले जा रहे हैं। इसमें सिस्टम को और सरल बनाया गया है। इससे हमारे दुकानदार साथियों, लघु उद्योगों की सहूलियत और बढ़ेगी। पीएम मोदी ने कहा, नागरिक देवो भव हमारा मंत्र है। पिछले 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। देश में एक बड़ा मिडिल क्लास तैयार हुआ है। अब इसे और सशक्त बनाना हमारा संकल्प है। हमारे मध्यम वर्ग की मेहनत को मजबूती देने के लिए 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक की आयकर में छूट दी जा चुकी है। अब जीएसटी रिफॉर्म्स से भी मध्यम वर्ग को सीधे लाभ मिल रहा है। नए जीएसटी रिफॉर्म्स को लागू करने से देशवासियों को सालाना लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपए बचेंगे।

## ममता ने कर कटौती के स्वागत के साथ केंद्र से सवाल भी पूछे

# 20 हजार करोड़ के नुकसान की आशंका



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

### 20,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान

कोलकाता में दुर्गा पूजा के एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, राज्य को जीएसटी दरों में कटौती से करीब 20,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा। इस टिप्पणी के साथ उन्होंने जीएसटी में कटौती के फैसले का स्वागत भी किया। उन्होंने कहा कि भले ही सरकार के इस फैसले से आम जनता को लाभ मिलेगा, लेकिन केंद्र सरकार को अनुचित श्रेय नहीं लेना चाहिए। उन्होंने सवाल पूछा कि करोड़ों रुपये की इतनी बड़ी राजस्व हानि के बाद राज्य सरकार के खजाने में पैसा कहां से आएगा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार करने के बाद टैक्स की दरें घटाने का श्रेय तो ले लिया, लेकिन इसके कारण अब राज्यों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सीएम ममता ने कहा, केंद्र को राजस्व का जो नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई राज्यों से कराई जा रही है।

# सीबीआई निदेशक की याचिका पर सुनवाई 26 को, तिरुपति प्रसादम विवाद से जुड़ा है मामला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तिरुपति प्रसादम विवाद से जुड़े मामले में सीबीआई निदेशक की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 26 सितंबर को सुनवाई करेगा। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सीबीआई ने याचिका दायर की है। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा था कि सीबीआई ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में प्रसादम तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे मिलावटी घी की जांच करते समय शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन किया था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ से सीबीआई निदेशक की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अनुरोध किया कि इस याचिका पर 29 सितंबर के बजाय 26 सितंबर को सुनवाई की जाए। मुख्य न्यायाधीश ने पूछा, ÷इसमें कितना समय लगेगा?÷ 26 सितंबर को कई मामले हैं। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने अनुरोध दोहराते हुए कहा कि



इसमें पांच मिनट से अधिक समय नहीं लगेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ठीक है। इसे शुक्रवार को सूचीबद्ध करें। यह विवाद आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के उस आदेश से जुड़ा है, जिसमें कहा गया था कि सीबीआई निदेशक ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन किया है। आरोप है कि उन्होंने एक अधिकारी जे. वेंकट राव को जांच का अधिकार दे दिया। जबकि वह विशेष जांच दल का औपचारिक हिस्सा नहीं थे। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2024 में आदेश दिया था कि इस मामले की जांच एक स्वतंत्र स्ढ्ढञ्ज करेगी। इसमें दो सीबीआई अधिकारी (सीबीआई निदेशक द्वारा नामित), दो आंध्र प्रदेश पुलिस अधिकारी (राज्य द्वारा नामित), और खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का एक वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। लेकिन हाईकोर्ट ने पाया कि वेंकट राव को एसआईटी का सदस्य नामित नहीं किया गया था, इसलिए उन्हें जांच का अधिकार नहीं था।

### राव पर लगा था उत्पीड़न का आरोप


जे. वेंकट राव पर कडुरु चिन्नापन्ना ने उत्पीड़न का आरोप लगाया था। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में दायर याचिका में उन्होंने कहा था कि राव ने उन्हें बार-बार बुलाया। तिरुपति स्थित एसआईटी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए मजबूर किया। उन पर लिखित झूठे बयान देने का दबाव डाला। चिन्नप्पन्ना ने दावा किया कि इन कार्यवाहियों की वीडियोग्राफी की गई तथा उनसे दबाव में बयान लिखवाए गए।

### केंद्र सरकार ने एनएससीएन-के पर प्रतिबंध 5 साल के लिए बढ़ाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। केंद्र ने सोमवार को नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-खापलांग (एनएससीएन-के) और उसके सभी गुटों, शाखाओं और प्रमुख संगठनों पर लगाए गए प्रतिबंध को 5 साल के लिए और बढ़ाने का फैसला किया। गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना में कहा गया है कि यह प्रतिबंध 28 सितंबर से 5 साल की अवधि के लिए प्रभावी होगा। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया कि एनएससीएन-के भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहा है। संगठन का उद्देश्य एक अलग संप्रभु नागालैंड बनाना है। जिसमें भारत-म्यांमार सीमा क्षेत्र के सभी नागा-बहुल इलाके शामिल हों। अधिसूचना के अनुसार, यह संगठन उल्फा (आई) और पीएलए जैसे अन्य गैरकानूनी संगठनों से जुड़ा रहा है। यह फिरौती के लिए अपहरण, वसूली, गैरकानूनी हथियार रखने और विदेशी ताकतों से मदद लेने जैसी गतिविधियों में भी शामिल पाया गया है। सरकार ने कहा कि अवैध गतिविधियां (निवारण) अधिनियम, 1967फ्र की धारा 3(1) के तहत एनएससीएन-के और इसके सभी गुटों व सहयोगी संगठनों को गैरकानूनी संगठन घोषित किया जाता है। गौरतलब है कि एनएससीएन-के कई दशकों से प्रतिबंधित है और हर पांच साल में यह बैन बढ़ाया जाता है। इसके प्रमुख एसएस खापलांग का 2017 में निधन हो गया था।

# 143 करोड़ आबादी हमारी बड़ी ताकत

## सीएम नायडू बोले, अमरावती से बदलेगा भारत का तकनीकी भविष्य



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा कि भविष्य अलग होगा और केवल भारत ही वैश्विक समुदाय को सेवाएं दे सकेगा। उन्होंने यह बात विशाखापट्टनम में आयोजित 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कही। नायडू ने बताया कि कई देशों के पास तकनीक तो है लेकिन वहां जनसंख्या संकट के कारण लोग नहीं हैं, जबकि भारत के पास सबसे बड़ी आबादी है जो उसकी ताकत बनेगी। नायडू ने कहा कि यूरोप, जापान और कई अन्य देश तेजी से वृद्धावस्था संकट से जूझ रहे हैं। उनके पास नर्स, डॉक्टर और तकनीक चलाने वाले लोग नहीं हैं। वहीं भारत में 143 करोड़ की आबादी है, जो सबसे बड़ी ताकत है। चीन की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि चीन की जनसंख्या केवल 130 करोड़ है जबकि भारत एक बड़ा बाजार है।

### 'स्वदेशी आंदोलन' पर पीएम मोदी की सराहना

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 'स्वदेशी आंदोलन' का जिक्र किया है। अगर हम पहले स्वदेशी पर ध्यान दें और बड़े ब्रांड्स बनाएं, फिर विस्तार करें, तो भारत दुनिया की मांग भी पूरी कर सकेगा। नायडू ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा।

### क्वांटम कंप्यूटर में आंध्र की पहल

नायडू ने कहा कि आंध्र प्रदेश में क्वांटम कंप्यूटर उत्पादन की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। आईबीएम और टीसीएस जैसे बड़े खिलाड़ी इस पहल से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि फ्रहमने पहल की है, और अब दो साल के भीतर भारत क्वांटम कंप्यूटर बनाएगा और उन्हें घरेलू और वैश्विक जरूरतों के लिए उपलब्ध कराएगा।

### भारत बनेगा क्वांटम वैली

नायडू ने अमेरिका के सिलिकॉन वैली की तुलना करते हुए कहा कि भारत के पास क्वांटम वैली है और वह अमरावती है। जनवरी तक भारत क्वांटम कंप्यूटिंग देशों की सूची में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया में केवल छह से सात देशों के पास ही यह क्षमता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग का संयोजन आने वाले समय में भारत को तकनीकी शक्ति बनाएगा।

### नई तकनीक से बदलेगा भविष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 10 साल बेहद महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन और क्वांटम कंप्यूटिंग सरकारों की सोच और काम करने के तरीके को पूरी तरह बदल देंगे। उन्होंने कहा कि 2047 अब ज्यादा दूर नहीं है और भारत उस समय तक नंबर वन देश बन सकता है।

### पीएम मोदी को सही नेता बताया

नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें सही समय पर सही स्थान पर मौजूद नेता बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी तकनीक की ताकत को समझते हैं और उसका इस्तेमाल देश को आगे ले जाने में कर रहे हैं।

# अंतरिक्ष में विदेशी उपग्रह की संदिग्ध हरकत के बाद भारत सतर्क

## 50 'बॉडीगार्ड सैटेलाइट' भेजने की तैयारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत अब अंतरिक्ष में मौजूद अपने उपग्रहों को बाहरी खतरों से बचाने के लिए एक नई योजना पर काम कर रहा है। इस योजना का मकसद उन संभावित हमलों को रोकना है, जो दुश्मन देशों के उपग्रहों से आ सकते हैं। यह कदम इसलिए तेजी से उठाया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में एक विदेशी उपग्रह भारत के एक उपग्रह के बेहद करीब आ गया था। सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार ऐसे बॉडीगार्ड उपग्रहों को बनाना चाहती है, जो भारतीय उपग्रहों के आसपास रहकर उन्हें खतरे से बचा सकें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को पहचान सकें। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि 2024 के मध्य में एक पड़ोसी देश का उपग्रह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक उपग्रह के महज एक किलोमीटर पास से गुजरा। यह इसरो का वो उपग्रह था, जो धरती पर निगरानी और मानचित्रण जैसे काम कर रहा था, जिनका उपयोग रक्षा क्षेत्र में भी होता है। उपग्रहों की टक्कर नहीं हुई लेकिन जानकारों का मानना है कि यह इत्तेफाक नहीं, बल्कि एक तरह का शक्ति प्रदर्शन था। यानी दूसरा देश अंतरिक्ष में अपनी ताकत का प्रदर्शन करना चाहता था। इस घटना ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अंतरिमक्ष मौजूद खतरे को उजागर कर दिया। इसरो और अंतरिक्ष विभाग ने आधिकारिक तौर पर इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। भारत और अमेरिका दोनों के अधिकारी पहले ही कह चुके हैं कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) अंतरिक्ष में खरतरनाक तरीके से अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है।

### अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे 50 निगरानी उपग्रह

उपग्रह सुरक्षा परियोजना के तहत भारत अंतरिक्ष में अपने सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना चाहता है। इसके तहत करीब 27 हजार करोड़ रुपये की लागत से 50 निगरानी उपग्रह भेजे जाएंगे। पहला उपग्रह अगले साल लॉन्च होने की संभावना है। भारत का पड़ोसी चीन और पाकिस्तान के साथ लंबे समय से सीमा को लेकर विवाद है और इन देशों की अंतरिक्ष क्षमताएं अलग-अलग स्तर की हैं। पाकिस्तान के पास केवल आठ उपग्रह हैं, वहीं भारत के पास सौ से ज्यादा उपग्रह हैं। चीन इस मामले में सबसे आगे है, उसके पास 930 से भी ज्यादा उपग्रह हैं।

# मराठा आरक्षण मामले की सुनवाई से तीन जजों की बेंच ने खुद को अलग किया, अब चीफ जस्टिस सुनेंगे मामला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र सरकार के हालिया फैसले पर दायर याचिकाओं की सुनवाई से बॉम्बे हाईकोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने खुद को अलग कर लिया। मामला उन आदेशों से जुड़ा है जिनमें मराठा समुदाय के सदस्यों को कुनबी जाति का प्रमाणपत्र जारी कर उन्हें ओबीसी श्रेणी में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले को ओबीसी संगठनों ने मनमाना और असंवैधानिक बताते हुए चुनौती दी है। कुल पांच याचिकाएं दायर की गई हैं जिनमें कुनबी सेना, महाराष्ट्र माली समाज महासंघ, अहीर सुवर्णकार समाज संस्था, सदानंद मंडलिक और महाराष्ट्र नाभिक महामंडल शामिल हैं। उनका कहना है कि सरकार का फैसला तीन जातियों कुनबी, कुनबी मराठा और मराठा कुनबी के प्रमाणपत्र जारी करने के मानकों को बदल देता है। यह न केवल अस्पष्ट है बल्कि इससे अराजक स्थिति पैदा होगी। सरकार का यह फैसला मराठा आरक्षण आंदोलनकारी मनोज जारंगे के आंदोलन के बाद लिया गया। जारंगे ने 29 अगस्त को मुंबई के आजाद मैदान में पांच दिन तक भूख हड़ताल की थी।

### जस्टिस संदीप पाटिल का बयान

याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान जस्टिस संदीप पाटिल ने कहा कि वे इन पर सुनवाई नहीं कर सकते। इसके बाद जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और संदीप पाटिल की बेंच ने मामले से खुद को अलग कर लिया। अब यह याचिकाएं मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंकल की बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए पेश की जाएंगी।

# नवरात्रि आरंभ होते ही शुभ कार्यों की हुई शुरुआत, रजिस्ट्री कार्यालय में उमड़ी भीड़

- मंदिर और देवी स्थलों पर श्रद्धालुओं का लगा तांता

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

शरद नवरात्र आरंभ होने के साथ ही त्यौहारी सीजन की शुरुवात हो गई है। नवरात्र के पहले दिन जगह जगह देवी मंदिरों और घरों में कलश स्थापना के साथ पूजा अर्चना शुरू हुई । जबकि शहर में दशहरा मेले की शुरुवात के रूप में रामलीला समिति के तत्वाधान में मंचन शुरू हो गया है। गाज़ियाबाद के विभिन्न इलाकों समेत राजनगर



एक्सटेंशन, ट्रांस हिंडन परिक्षेत्र के वसुंधरा , वैशाली , इंदिरापुरम सहित अन्य जगहों पर वृहद रूप में कार्यक्रम शुरू हुए। नवरात्रि आरम्भ होने का इंतजार सभी को रहता है इसी क्रम में अपने आशियाने के सपने को साकार करने वाले लोगों की भीड़ गाजियाबाद रजिस्ट्री ऑफिस में भी उमड़ी । निबंधन कार्यालय के साथ साथ तहसील में जमकर चहल पहल देखी गई । आशियाने के साथ साथ नए प्रतिष्ठान और शुभकार्य का आरंभ भी हुआ है। गाड़ियों के शो रूम पर भी भारी छूट और आकर्षक स्कीम की शुरुवात हो गई है। बैंकिंग प्रतिष्ठान से लेकर निजी वित्तीय संस्थान तक इस त्यौहारी सीजन में सारी ताकत झोंककर लाभ उठाने में लगे हैं।

# थार गाड़ी से टक्कर मामले में नया मोड़, पति पर दहेज प्रताड़ना और हत्या के प्रयास का आरोप

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाजियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहियानगर में 18 सितंबर, 2025 को हुई एक सड़क दुर्घटना ने अब सनसनीखेज रूप ले लिया है। इस घटना में तेज रफ्तार थार गाड़ी ने पैदल जा रही महिला टीचर पारुल गुप्ता को जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसके परिणामस्वरूप उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। शुरुआत में यह मामला एक सामान्य सड़क हादसे के रूप में सामने आया था । अब पीड़िता के भाई के गंभीर आरोपों ने इस घटना को नया मोड़ दे दिया है। पीड़िता के भाई ने सिहानी गेट थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए पारुल के पति सचिन गुप्ता और उनके ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना और जानबूझकर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार पारुल का अपने पति और ससुराल वालों के साथ लंबे समय से दहेज को लेकर विवाद चल रहा था। भाई का दावा है कि यह टक्कर कोई सामान्य हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित ढंग से पारुल को निशाना बनाने की साजिश थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिन और उनके परिवार ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पारुल को लगातार प्रताड़ित किया और इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए सचिन गुप्ता और उनके परिवार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता कानून के संबद्ध धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सिहानी गेट थाने के प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और थार गाड़ी के ड्राइवर की तलाश की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि गाड़ी सचिन या उनके किसी करीबी द्वारा चलाई जा रही थी या नहीं। इसके अतिरिक्त, घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। जिंदगी ओ4 मौत से जूझ रही घायल पीड़िता पारुल गुप्ता पेशे से टीचर हैं । वर्तमान में वह गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट के कारण उन्हें लंबे समय तक इलाज की आवश्यकता होगी। इस बीच, पारुल के परिवार ने न्याय की मांग की है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है।

# महानगर कांग्रेस गाजियाबाद द्वारा आरटीआई और सरकारी ऐप पर अपने अधिकार को लेकर शुरू किया जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाज़ियाबाद महानगर कांग्रेस के वसुंधरा मंडल ने वसुंधरा सेक्टर 2बी में अपने कार्यकर्ताओं के लिए ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया जिसमें वसुंधरा दर्जनों कार्यकर्ताओ और समर्थकों के भाग लिया। कांग्रेस सरकार द्वारा जनता को दिए आरटीआई के अधिकार को कैसे प्रयोग में लाकर जनता अधिकारियों और सरकार से जवाबदेही तय हो उसके लिए अभियान शुरू कर दिया है। रजिस्ट्रेशन के उपरान्त पोर्टल पर किस-किस विभाग में आरटीआई डाली जा सकती है। आरटीआई लिखते समय किन बातों का ख्याल रखना चाहिए और कैसे यूपीआई या नेटबैंकिंग के द्वारा पेमेंट किया जाए इस बात को समझाया गया । इसके उपरांत संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर किस प्रकार से आगे अपील की जाए इस पर भी चर्चा हुई। जन जागरूकता अभियान का आयोजन



गिरीश शर्मा, जिला प्रभारी, कण्ट्रोल एवं कम्युनिकेशन, जिला गाज़ियाबाद कांग्रेस द्वारा किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए गिरीश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा जनता को आरटीआई की शक्ति दिया ।वर्तमान में सरकारी अधिकारी और कर्मचारी जनता के अधिकार के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जबकि कुछ जानकारी से भ्रष्टाचार का खुलासा भी हो रहा है। इसलिए कांग्रेस अब आम नागरिकों को उनके अधिकारों के रक्षा के लिए आगे बढ़ रही है। ऐसे कार्यशाला और जागरूकता अभियान पूरे जनपद और देश में कांग्रेस के सिपाही पहुंचाएंगे। अभियान शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज कौशिक ने कहा, आरटीआई एक्ट कांग्रेस की भारत को अद्भुत देन है, किन्तु इस सरकार ने जनता के इस औज़ार को बहुत कुंद कर दिया है और अधिकारी सही से जवाब नहीं देते÷ इसलिए जनता को जागरूक करने का वीणा उठाया गया है। महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कहा, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को इन दोनों सुविधाओं का इस्तेमाल जनता की सेवा करने के लिए और वर्तमान सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए किया जाना चाहिए. इसलिए जनजागृति जरूरी है। जिला उपाध्यक्ष ओ डी त्यागी ने कहा, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को वही संघर्ष करना होगा जैसे कि हमारे पुराने नेताओं ने ब्रिटिश सरकार को भारत से भागने के लिए किया था और कांग्रेस के द्वारा स्थापित किये गए आरटीआई एक्ट के द्वारा वर्तमान सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करना होगा. इससे आप जनता का विश्वास पुनः प्राप्त कर सकते हैं. ट्रेनिंग सेशन के आयोजन में अक्षय शर्मा, हरीश गोयल, शैलेन्द्र रावत, योगेंद्र यादव, राजेंद्र शहा, रामेश्वर दुबे, डॉ. संजय त्रिपाठी, इमरान खान सहित अन्य सक्रिय कार्यकताओं उपस्थित रहे।

### राहुल गांधी के लगातार खुलासों के बाद सक्रिय हुई टीम

लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग की खामियों को लेकर जिस प्रकार से भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया उसके बाद कांग्रेस उत्साहित है । बिहार में मतदाता पुनरीक्षण में आधार कार्ड को लेकर उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले से कांग्रेस और विपक्षी दल उत्साहित है। कांग्रेस द्वारा आईटी और कम्युनिकेशन विंग को लेकर सकारात्मक पहल शुरू किया है। जिसमें जनता को उनके अधिकारों को बताने का निर्णय किया है। सरकारी कार्यालयों में लगातार बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ आरटीआई और अन्य तमाम नियम कानूनों से अवगत कराते हुए आम नागरिकों को अपने अधिकार बोध को लेकर बड़ी मुहिम शुरू किया गया है। अब देखना है कि भाजपा के हाईटेक आईटी सेल के मुकाबले कांग्रेस की मुहिम कितना सफल होती है, यह समय बताएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)